3 | राजधानी
स्वच्छता की अलख जगा रहे विद्यार्थी

6 | प्रादेशिकी
स्वस्थ प्रदेश बनने की राह पर यूपी

11 | विदेश
यूक्रेन के सुमी शहर में रूसी हमला, आठ की मौत

12 | स्पोर्ट्स
उषा पर तानाशाही का आरोप लगाया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 334
लखनऊ, रविवार, 29 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हरियाणा में दर्द के दशक का करेंगे अंत
राष्ट्रीय-10

# आतंकियों का मंसूबा विफल, दो ढेर

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अन्य मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद, कश्मीर में एक अक्टूबर को है चुनाव



**पायनियर समाचार सेवा ।** जम्मू

**एक** अक्टूबर को होने वाले तीसरे और अंतिम चरण के मतदान से पहले, सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में एक मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि एक अधिकारी सहित पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

इस बीच, कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक अन्य मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े पांच बजे शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि शुरू में गोलीबारी कुछ देर तक चली लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक गोलीबारी जारी थी। कुलगाम में सुरक्षा बलों द्वारा सुबह-सुबह जिले के देवसर इलाके के अरिगाम गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू करने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा कुलगाम के अरिगाम में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और गोलीबारी शुरू हो गई। चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है।' मुठभेड़ स्थल से दो शव बरामद होने की पुष्टि करते हुए कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, मुठभेड़ स्थल से दो शव बरामद हुए हैं। पहचान और संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। तलाश जारी है। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों से दो एके राइफल, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान भी बरामद किया। गोलीबारी के दौरान सुरक्षा बलों को भी चोटें आईं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अरिगाम में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सहायक पुलिस अधीक्षक ( शेष पृष्ठ 9 )



# यूएन में भारत ने पाक को लताड़ा

**एजेंसी ।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने जवाब देने के अधिकार का शुक्रवार को इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत कहा, इस महासभा ने आज सुबह खेदजनक रूप से एक हास्यास्पद घटना देखी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना द्वारा संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े ( शेष पृष्ठ 9 )

# इजराइल ने हिजबुल्ला को दिया बड़ा झटका

**एजेंसी ।** बेरूत

**लेबनान** के हिजबुल्ला समूह ने अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक हसन नसरल्ला के इजराइली हवाई हमले में मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की। एक दिन पहले बेरूत में इजराइली हवाई हमलों में नसरल्ला की मौत हो गई थी। शनिवार को जारी एक बयान में बताया गया कि नसरल्ला शहीद होने वाले अपने साथियों में शामिल हो गए।

इस बीच, ईरान ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित उसके अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड के एक प्रमुख जनरल की भी बेरूत में हुए हवाई हमले में मौत हो गई, जिसमें हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला मारा गया। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, 58 वर्षीय अब्बास निलफोरुशान की शुक्रवार को लेबनान में हत्या कर दी गई। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने निलफोरुशान की पहचान रिवॉल्यूशनरी गार्ड में ऑपरेशन के लिए डिप्टी कमांडर के रूप में की थी।बयान के मुताबिक, हिजबुल्ला ने दुश्मन के खिलाफ और फलस्तीन के समर्थन में युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया। नसरल्ला ने तीन दशकों से ज्यादा समय तक आतंकवादी समूह का नेतृत्व किया। इजराइल की हिज्बुल्ला के साथ कई सप्ताह तक जारी जंग में नसरल्ला की मौत को आतंकवादी समूह के लिए सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। सेना ने कहा कि जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण में दहिएह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया।



लेबनान के बेरूत में इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुंआ।

इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार को कहा कि नसरल्ला का खात्मा अंत नहीं है। हलेवी का बयान दर्शाता है कि अभी और हमले किए जा सकते है। हलेवी ने कहा कि हिजबुल्ला के नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किए जाने की लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी।

इससे पहले, सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर शुक्रवार को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक भीषण विस्फोटों से कई ऊंची इमारतें ध्वस्त हो गईं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 91 अन्य लोग घायल हो गए। नसरल्ला तीन दशक से अधिक समय से हिजबुल्ला का नेतृत्व कर रहा था।

इजराइल ने शनिवार को हिजबुल्ला के खिलाफ भीषण हवाई हमले जारी रखे और चरमपंथी संगठन ने भी इजराइल की ओर दर्जनों रॉकेट दागे। इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान के साथ तनाव बढ़ने के बीच अतिरिक्त रिजर्व सैनिकों को तैनात कर रही है। सेना ने शनिवार सुबह कहा कि वह रिजर्व सैनिकों की तीन बटालियन को सक्रिय कर रही है। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में दो बटालियन को ( शेष पृष्ठ 9 )

# दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रहे विमान के खाने में कॉकरोच मिला



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**एयर इंडिया** के एक यात्री ने राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क जा रही फ्लाइट में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। एयरलाइन ने कहा है कि मामले को आगे की जांच के लिए कैटरिंग सेवा प्रदाता के समक्ष उठाया गया है। यह घटना 17 सितंबर, 2024 को फ्लाइट एआई101 में हुई थी और यात्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी सूचना दी थी। इस घटना ने खाद्य सुरक्षा मानक को लेकर चिंता पैदा कर दी है, जिसके चलते एयर इंडिया को अपने कैटरिंग प्रोटोकॉल की समीक्षा करनी पड़ी है।पिछले चार महीनों में एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रियों द्वारा परोसे गए भोजन में संभावित रूप से खतरनाक वस्तु पाए जाने की यह दूसरी घटना है। बयान में, प्रवक्ता ने कहा कि एयरलाइन उक्त मामले में ग्राहक के अनुभव के बारे में चिंतित है और आगे की जांच के लिए कैटरिंग सेवा प्रदाता के समक्ष उठाया गया है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया प्रतिष्ठित कैटरर्स के साथ काम करती है जो वैश्विक स्तर पर अग्रणी एयरलाइनों को आपूर्ति करते हैं और हमारे मेहमानों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) और कई जाँच करते हैं। हम इस मामले में ग्राहक के अनुभव को लेकर चिंतित हैं और हमने इस मामले की आगे जांच करने के लिए अपने खानपान सेवा प्रदाता के साथ इस मामले को उठाया है। प्रवक्ता ने कहा, भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में, यात्री ने कहा कि दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने वाली फ्लाइट में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच पाया गया था।जब हमें यह मिला तो मेरे 2 साल के बच्चे ने आधे से ज़्यादा ऑमलेट खा लिया था। इसके परिणामस्वरूप उसे जब हमें यह मिला तो मेरे 2 साल के बच्चे ने आधे से ज़्यादा ऑमलेट खा लिया था। इसके परिणामस्वरूप उसे फ़ूड पॉइज़निंग हो गई। यात्री ने उड़ान के दौरान परोसे गए खाद्य पदार्थों का एक छोटा वीडियो और तस्वीरें भी साझा कीं। उसने पोस्ट में एयर इंडिया, विमानन नियामक डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू को टैग किया। जून में, एयर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रहे एक यात्री को परोसे गए भोजन में से एक में ब्लेड जैसा धातु का टुकड़ा मिला था।

# मोदी को हरियाणा, जम्मू-कश्मीर में जीत का भरोसा

**मोहित कंधारी ।** जम्मू/हिसार (हरियाणा)।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने चुनाव वाले राज्यों में अपनी तूफानी रैलियों में हरियाणा में भाजपा को बरकरार रखने और जम्मू-कश्मीर में पहली सरकार बनाने का भरोसा जताया। एक अक्टूबर को होने वाले मतदान के अंतिम दौर से पहले जम्मू क्षेत्र के लोगों से निर्णायक जनादेश मांगते हुए उन्होंने घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की पहली पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी।हरियाणा में बोलते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए स्थिरता दूर की कौड़ी है, क्योंकि इसमें अंदरूनी कलह है और अब पार्टी में हर कोई हरियाणा में मुख्यमंत्री बनने के लिए आपस में होड़ कर रहा है, जिसमें 'बापू' (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) और 'बेटा' (दीपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार हैं।जम्मू-कश्मीर में तीसरे और अंतिम दौर के मतदान में भाजपा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है। पार्टी अधिकांश सीटों पर कांग्रेस के साथ सीधी लड़ाई में उलझी हुई है। मैदान में कुछ निर्दलीय उम्मीदवार भी भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस महत्वपूर्ण चरण में पार्टी का प्रदर्शन सरकार गठन की संभावनाओं को प्रभावित करने वाला है।2014 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 25 विधानसभा सीटें जीती थीं, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इस बार पार्टी पूर्ण बहुमत हासिल करने की उम्मीद कर रही है। 40 विधानसभा क्षेत्रों में से, जम्मू, सांबा, कठुआ और उधमपुर के चार जिलों में फैली 24 सीटों पर एक अक्टूबर को मतदान होना है। एमएएम स्टेडियम में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने



जम्मू में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जुटे लोग।

कहा कि इस विधानसभा चुनाव ने जम्मू के लोगों को अगली सरकार तय करने का ऐतिहासिक अवसर दिया है। मोदी ने कहा कि उन्हें इस मौके का फायदा उठाकर भाजपा को चुनने की जरूरत है। महीने भर चले चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने खुद डोडा, श्रीनगर और कटरा में चार चुनावी रैलियों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने के बाद पहली बार हो रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार चुनने के लिए मतदाताओं से सीधे संवाद किया। मोदी ने रैली में कहा, यह चुनाव एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। पहले कांग्रेस, एनसी, पीडीपी के नेता और उनके परिवार अपनी सरकारों से लाभान्वित होते थे, जबकि आप विनाश का सामना करते थे। मोदी ने कहा कि जम्मू में सीमाओं पर संघर्ष विराम उल्लंघन एक नियमित बात हुआ करती थी क्योंकि 'वे (कांग्रेस) उन्हें सफेद झंडे दिखाते थे। भाजपा सरकार ने उनके दिमाग को सही स्थिति में लाने के लिए उनकी गोलियों का जवाब मोर्टार के गोले से दिया।' उन्होंने कहा, आज 28 सितंबर है और आप जानते हैं कि इस दिन (2016 में) सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। भारत ने दुनिया को संदेश दिया कि यह एक नया भारत है, और यह उनके घरों में घुसकर हमला करता है।' कांग्रेस पर शहरी नक्सलियों के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं तो उन्हें अच्छा लगता है क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे मजाक बनाते हैं। हरियाणा के हिसार में दिन में अपनी दूसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने उन दिनों को याद किया जब उन्होंने हरियाणा में पार्टी संगठन के लिए काम किया था और कहा, 'यह मेरा सौभाग्य है कि हरियाणा ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे बहुत कुछ सिखाया है।' मोदी ने कहा कि जैसे-जैसे मतदान का दिन नजदीक आ रहा है, कांग्रेस का पतन हो रहा है।

# उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, सेंथिल बालाजी की कैबिनेट में वापसी

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शनिवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की कैबिनेट फेरबदल की सिफारिशों को मंजूरी दे दी, जिस के तहत उनके बेटे उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री का पद दिया गया तथा वी. सेंथिल बालाजी को मंत्रिपरिषद में फिर से शामिल किया गया है। सेंथिल को धनशोधन मामले में उच्चतम न्यायालय से दो दिन पहले ही ज़मानत मिली थी। इसके अलावा डेयरी विकास विभाग संभाल रहे एम. थंगराज सहित तीन मंत्रियों को कैबिनेट से हटा दिया गया है। बालाजी के अलावा डॉ. गोवी चेझियान, आर राजेंद्रन और एस.एम नासर को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। बालाजी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित नौकरी घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किए जाने के कई महीने बाद इस साल फरवरी में इस्तीफा दे दिया था।राजभवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री स्टालिन ने तमिलनाडु के राज्यपाल से सिफारिश की कि युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन को उनके मौजूदा विभागों के अलावा योजना और विकास विभाग आवंटित किया जाए और उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में नामित किया जाए।

# यूपी के बहुमुखी विकास का मॉडल प्रेरणादायकः गोयल



## इंटरनेशनल ट्रेड शो में केंद्रीय मंत्री ने की योगी सरकार की तारीफ

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

**केंद्रीय** वाणिज्य औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस तरह बहुमुखी विकास का मॉडल बना है, वह देश को विश ?व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में काफी सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा, इस ट्रेड शो की सफलता उत्तर प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शाती है। ट्रेड शो में आयोजित वेलिडिक्टरी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए केंद्रीय मंत्री ने कहा, यहां जिस तरह बॉयर्स आ रहे हैं और उत्पादों के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं, वह देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह कौशल विकास की तरफ फोकस कर रही है, उससे प्रदेश में कुशल इंप्लायमेंट बढ़ रहा है, जिसका फायदा उद्यमियों को भी मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, योगी सरकार जिस तरह केंद्र की योजनाओं को प्रभावशाली तरीके से लागू कर रही है, वह भी अपने-आप में काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, कौशल विकास, ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के साथ ही स्मार्ट सिटीज के डेवलपमेंट पर भी प्रदेश सरकार जिस तरह फोकस कर रही है, उससे प्रदेश, देश की शान बना हुआ है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम ( शेष पृष्ठ 9 )

# डब्ल्यू-बीम बाड़ पशुओं व रीलबाजों को ट्रैक से रखेगी दूर

**दीपक कुमार झा ।** नई दिल्ली

**रेलवे ट्रैक** पर मवेशियों के भटकने और दोपहिया वाहनों के ट्रैक पार करने की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए भारतीय रेलवे ने डब्ल्यू-बीम नामक एक नई धातु की बाड़ तैयार की है।

इसे इस तरह से विकसित किया गया है कि इंसानों के लिए भी इसमें घुसना मुश्किल होगा और इस तरह 'रील बनाने' की समस्या पर लगाम लगेगी जो हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रही है। रेलवे अधिकारियों ने बताया, नई डब्ल्यू-बीम धातु की बाड़ में जमीन से लेकर दो बीम के बीच के गैप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि मवेशी या दोपहिया वाहन इसे पार करके ट्रैक पर न जा सकें।



यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि कंक्रीट की रेलवे बाउंड्री दुर्घटनाओं को रोकने में कारगर नहीं पाई गई है, खासकर मवेशियों के कुचले जाने की घटनाओं को रोकने में। फिलहाल नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई रूट पर फेंसिंग पूरी करने की योजना है, ताकि अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्री ट्रेन का संचालन हो सके। रेलवे अपने नेटवर्क में यात्री ट्रेनों की औसत गति 90 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रति घंटे करने पर विचार कर रहा है और यह गति तभी बढ़ाई जा सकती है, जब यह सुनिश्चित हो जाए कि ट्रैक पर जानवरों और दोपहिया वाहनों का प्रवेश न हो। नई मॉडल डब्ल्यू-बीम प्रकार की धातु की फेंसिंग विकसित की गई है और इसे मुंबई-अहमदाबाद रूट पर लगाया जा रहा है, जहां ट्रेन की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाई जा रही है। सभी क्षेत्रीय रेलवे को भी नई फेंसिंग मॉडल अपनाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा, ट्रेन यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के नवीनतम संस्करण, कवच 4.0 को रेलवे नेटवर्क पर काम करने के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है।हालांकि अधिकारियों का दावा है कि जब से विशिष्ट सुरक्षा उपाय किए गए हैं, रेलवे नेटवर्क पर प्रतिदिन दुर्घटनाओं में कमी आई है। 2012-14 के दौरान प्रतिदिन औसतन 2.6 दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं, जो 2022-24 के दौरान घटकर 0.5 (2 दिनों में 1 दुर्घटना) हो गई है।केंद्र सरकार पहले से ही राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही है और पिछले साल से बांस क्रैश बैरियर पर काम चल रहा है, जिसे 'बाहुबली' नाम दिया गया है। बांस क्रैश बैरियर का इंदौर के पीथमपुर में राष्ट्रीय ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक जैसे विभिन्न सरकारी संस्थानों में 'कठोर परीक्षण' किया गया और रुड़की में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान में आयोजित अग्नि रेटिंग परीक्षण के दौरान इसे क्लास 1 का दर्जा दिया गया और इसे भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा भी मान्यता दी गई है।

# यूपी में दफन हो गया दंगा, दंगाई जेल या जहन्नुम में: योगी

## हरियाणा के चुनावी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी, भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में की चार जनसभाएं

● जताया भरोसा-कमल लक्ष्मी जी का प्रतीक बनकर हरियाणा की समृद्धि का कारक बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ हरियाणा




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को हरियाणा के चुनावी दौरे पर रहे। यहां की रैलियों में मतदाताओं से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि दो दिन चुनाव प्रचार में जम्मू-कश्मीर गया था। वहां एयरपोर्ट पर एक सज्जन की राम-राम की आवाज आई। परिचय न होने के कारण मैंने देखा नहीं, फिर आवाज आई योगी साहब, राम-राम। मैंने देखा तो वह एक मौलवी थे। मुझे लग गया कि यह अनुच्छेद-370 समाप्त होने का प्रभाव है। जो लोग भारत को कोसते थे, संप्रभुता को चुनौती देते थे, आज उनके मुख से राम-राम निकल रहा है। हम बंटे तो कटे थे। हम बंटे न होते तो न राम मंदिर टूटता, न ही कृष्ण जन्मभूमि पर गुलामी का दूसरा ढांचा खड़ा होता और न ही देश कभी गुलाम नहीं होता। जो लोग राम मंदिर-श्रीकृष्ण मंदिर का विरोध कर रहे थे, भाजपा मजबूत होगी तो वही लोग सड़कों पर हरे रामा, हरे कृष्णा गाते दिखाई देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चार जनसभा की। उन्होंने फरीदाबाद एनआईटी से सतीश फागना, बल्लभगढ़ से मूलचंद शर्मा, पृथला से टेकचंद शर्मा, बड़खल से धनेश अदलखा, अटेली से आरती सिंह राव, रादौर से श्याम सिंह राणा, जगाधरी से कंवर पाल गुर्जर, यमुनानगर से घनश्याम दास, साढोरा से भाजपा प्रत्याशी चौधरी बलवंत सिंह के लिए कमल खिलाने की अपील की। सीएम ने रादौर में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के कार्यों की भी तारीफ करते हुए इस संसदीय क्षेत्र की सभी सीटों पर विजयश्री दिलाने का आह्वान किया।

सीएम योगी ने कहा कि पांच सौ वर्ष के बाद रामलला अपनी जन्मभूमि अयोध्या में देव विग्रह के रूप में 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए हैं। राम मंदिर के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाई लड़ी। संत, निहंग, वैरागी, सन्यासी, सद्गृहस्थ, राजे-रजवाड़े, महिलाएं, युवाओं समेत लाखों हिंदुओं ने प्रभु राम के चरणों में खुद को बलिदान कर दिया था। मुगलों, अंग्रेजों के शासन में हिंदुओं के साथ न्याय नहीं हो सकता, लेकिन 1947 में आजादी के बाद कांग्रेस सरकार चाहती तो राम मंदिर का निर्माण कराती पर उसने विवाद खड़ा करवाया। राम मंदिर के निर्माण में कांग्रेस ही सबसे बड़ी बाधा थी। कांग्रेस जिस समस्या का समाधान नहीं कर पाई, 2014 में मोदी के पीएम और 2017 में उप्र में भाजपा सरकार आने के बाद 2019 में वह समस्या समाप्त हो गई। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस देश की समस्या और भाजपा समाधान है। कांग्रेस ने देश को सारी समस्या दी है। कांग्रेस ने विभाजन की त्रासदी, जाति-क्षेत्र, भाषा के नाम पर कमजोर किया। देश को आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद, अराजकता की भट्टी में ढकेला। भ्रष्टाचार,भाई-भतीजावाद, परिवारवाद भी कांग्रेस की देन है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में साढ़े सात वर्ष में किसी ने दंगे का नाम नहीं सुना होगा, लेकिन इसके पहले आए दिन दंगे होते थे। मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ दंगे, मथुरा के जवाहरबाग की घटना होती थी। 2017 के बाद यूपी में दंगा दफन हो गया। दंगाई अब जेल में हैं या जहन्नुम की यात्रा पर चले गए हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के रहते धारा-370 नहीं हट सकती थी, लेकिन भाजपा ने हटा दिया।

# पेप्सिको की गीडा यूनिट का आज उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

● 1071 करोड़ रुपए का हुआ है निवेश, 1500 लोगों को मिलेगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार को कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स के ग्लोबल ब्रांड पेप्सिको की गीडा यूनिट का उद्घाटन करेंगे। यह यूनिट पेप्सिको की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी/मैन्युफैक्चरर मेसर्स वरुण ब्रेवरेज ने लगाई है।

गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सेक्टर 27 में मेसर्स वरुण ब्रेवरेज ने पेप्सिको की यूनिट के लिए 1071 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस यूनिट का भूमिपूजन एवं शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 8 अप्रैल 2023 को किया था। शिलान्यास के एक साल में ही निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यूनिट में अप्रैल 2024 से कमर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। यहां 1500 लोगों को रोजगार भी मिल चुका है। इस यूनिट का औपचारिक उद्घाटन रविवार (29 सितंबर) को सीएम योगी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 सितंबर (रविवार) को ही मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय, गोरखनाथ में नवनिर्मित चार कक्षों और एक बहुउद्देशीय सभागार का भी लोकार्पण करेंगे। इन कक्षों का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कराया है। गोरखपुर दौरे के दौरान सीएम योगी रविवार को गीता वाटिका में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित महोत्सव में सम्मिलित होंगे। वह भाईजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही गीता वाटिका में श्रद्धार्चन सभा को भी संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम अपराह्न तीन बजे से प्रस्तावित है।

# चार दिन में 2.60 लाख से ज्यादा विजिटर्स बने हिस्सा

**यूपीआईटीएस-2024**

● हर दिन बढ़ रही है इंडिया एक्सपो मार्ट आने वाले विजिटर्स की संख्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**उत्तर** प्रदेश के उद्यमियों और उनके उत्पादों को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। जैसी उम्मीद थी, पहले संस्करण की सफलता के बाद दूसरा संस्करण भी सफल आयोजन की ओर बढ़ चला है। चार दिन के आयोजन में ही 2.60 लाख से ज्यादा लोगों की आमद इसका सटीक उदाहरण है। 25 सितंबर से लेकर 28 सितंबर तक चार दिनों के अंदर बड़ी तादाद में बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) विजिटर्स और बिजनेस टू कंज्यूमर्स (बी2सी) ने एक्सपो का दौरा किया है। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में कुल 15 हॉल्स में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 2550 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 सितंबर से शुरू हुए इस मेगा इवेंट के पहले दिन 14,222 बिजनेस टू बिजनेस (बीटूबी) विजिटर्स इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे, जबकि 25,589 बीटूसी विजिटर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस तरह पहले दिन ही ट्रेड शो में कुल 40,811 लोगों की भागीदारी रही। इसी तरह, दूसरे दिन 26 सितंबर को 16,385 बी2बी और 46,552 बी2सी विजिटर्स समेत कुल 62,937 विजिटर्स सम्मिलित हुए। इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 20,210 बी2बी और 51,335 बी2सी समेत कुल मिलाकर 71,545 विजिटर्स ने प्रतिभाग किया। खास बात ये है कि प्रतिदिन विजिटर्स की संख्या में वृद्धि हुई है और अंतिम दो दिन इसमें और अधिक इजाफा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश के उत्पादों को एक ग्लोबल लेवल का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है, जहां दुनिया भर के बायर्स न सिर्फ उन्हें देख सकें बल्कि उसकी ग्लोबल लेवल पर मार्केटिंग भी कर सकें। पहले संस्करण में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप 70 हजार बी2बी विजिटर्स ने एक्सपो का दौरा किया था, जबकि 2.37 लाख बी2सी विजिटर्स भी वहां पहुंचे थे। इसी क्रम में दूसरे संस्करण में भी बड़ी संख्या में लोग इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, शुरुआती तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही है। कुल मिलाकर इन तीन दिनों में 1,75,283 विजिटर्स ने यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। यह संख्या 5 दिन तक चलने वाले आयोजन में कई गुना बढ़ सकती है।

## छुट्टी के दिन उमड़ी भारी भीड़

**लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को छुट्टी के दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेले की भव्यता और विविधता का भरपूर लुत्फ तो उठाया ही, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के जायके का भी लुत्फ उठाया। प्रदेश के विभिन्न उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। लोगों की भीड़ ने कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। जिस तरह उम्मीद की जा रही थी, उसी के अनुरूप मेले में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोगों में हस्तशिल्प, टेक्नोलॉजी, कृषि उत्पाद, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों को देखने के प्रति खास क्रेज रहा। वहीं, जैविक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। जैविक फसल उत्पादों की प्रदर्शनी में फलों, सब्जियों और अनाजों की एक विस्तृत श्रृंखला लगाई गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प, जैसे कि मिट्टी के बर्तन, बुनाई और कढ़ाई के सामान भी दर्शकों का खूब ध्यान खींच रहे हैं। वहीं, खाद्य एवं पेय उत्पादों का पवेलियन भी इस शो का मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों, मसालों और स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया है, जिसके अंतर्गत इस पवेलियन में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों को उनकी संस्कृति से जोड़ने का काम कर रहा है। ट्रेड में प्रदर्शनी लगा रहे लोग का कहना है कि यह प्रदेश सरकार की बहुत अच्छी पहल है, क्योंकि इसकी वजह से ही उनके जैसे छोटे व्यापारियों को बड़ा मंच मिला है, जहां उनके उत्पादों को विश्व स्तर पर एक्सपोजर मिल रहा है।

# प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने किया उद्यमियों से संवाद

● सूचना विभाग समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा




**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए संकल्पित योगी सरकार द्वारा औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में किए गए प्रयास मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इन्हीं प्रयासों में से एक यूपीआईटीएस 2024 भी है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसके संस्करण के अंतर्गत शनिवार को सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने स्टॉल्स का अवलोकन किया।

पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन प्रमुख सचिव (सूचना विभाग) संजय प्रसाद ने भ्रमण के दौरान इंडिया एक्सपो मार्ट में लगाए गए सूचना विभाग समेत विभिन्न विभागों के स्टालों का दौरा किया। साथ ही, स्टालों पर उपस्थित उद्यमियों से उन्होंने संवाद कायम किया और आयोजन के जरिए प्राप्त हो रहे अवसरों को लेकर चर्चा की। भ्रमण व अवलोकन के दौरान उद्यमियों ने संजय प्रसाद को आयोजन के माध्यम से कारोबार में बढ़ोतरी, व्यापक मार्केट तक पहुंच और आय में बढ़ोत्तरी जैसे विषयों की जानकारी दी। वह व्यापार को लेकर प्रगति के लिए भी आशान्वित दिखे।

प्रमुख सचिव ने स्टालों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के कार्यों की समीक्षा व सराहना भी की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का द्वितीय संस्करण प्रथम संस्करण की भांति ही प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में सफल हो रहा है। उनके अनुसार, पिछली बार की ही तरह इस बार भी हमारे उद्यमियों को कहीं ज्यादा कारोबार मिलने का मार्ग उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए प्रशस्त होगा।

## ग्राम चौपालों में 4 लाख 13 हजार से अधिक प्रकरणों का निस्तारण

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणों की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है।

# गन्ना समितियों के चुनाव में भी भाजपा समर्थक अराजकता पर उतारू: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रही है। कोई भी चुनाव निष्पक्ष नहीं होने देना चाहती है। बेईमानी करके सभी पदों पर कब्जा करना चाहती है। इन दिनों गन्ना समितियों के चुनाव में भी भाजपा समर्थक सत्ता के संरक्षण में अराजकता पर उतारू हैं। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी, बरेली, हापुड़, मेरठ, मुरादाबाद समेत अन्य जिलों में सत्ता संरक्षित भाजपाई बेईमानी और गुण्डई करके अपने राजनीतिक विरोधियों को परेशान कर रहे है। अधिकारियों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती पर्चे खारिज करा रहे हैं। ये सब निष्पक्ष चुनाव नहीं होने देना चाहते है। भाजपाई अराजकता और गुण्डई के खिलाफ कई जिलों में किसान धरना देकर विरोध कर रहे हैं। सत्ता के मद में चूर भाजपा प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करके चुनावों को प्रभावित कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा सरकार आयी है वह हर चुनाव में धांधली कर रही है। भाजपा ने इस लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर बेईमानी की। 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए वोट दिया लेकिन भाजपा ने बेईमानी और धांधली से परिणाम प्रभावित किया। लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा सरकार ने पुलिस प्रशासन के बल पर सश्रा का जिस तरह से दुरूपयोग किया था यह सभी ने देखा था। मतदाताओं को मारा-पीटा गया था और वोट नहीं डालने दिया गया था। यह काम भाजपा हर चुनाव में कर रही है। ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता का दुरूपयोग करके लोकतंत्र को शर्मसार किया था। लोकसभा चुनाव में हार से बौखलाई भाजपा सरकार प्रदेश में संभावित उपचुनाव में भी लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने पर अमादा है। उपचुनाव वाले क्षेत्रों में जाति-धर्म के आधार पर बीएलओ हटाए और तैनात किये जा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन गयी है। जनता भाजपा के लोकतंत्र और संविधान विरोधी कार्यों से बेहद नाराज और गुस्से में है। आने वाले चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। हर दिन हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं हो रही है। इस सरकार में राजधानी लखनऊ में भी लोग सुरक्षित नहीं है। लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस के साथ लूट हो गयी। सरकार का दावा रात में बेखौफ निकलने का था लेकिन लोग दिन में लुट जा रहे है। प्रदेश में महिलाएं, बच्चियां सुरक्षित नहीं है। देश में सबसे ज्यादा महिला अपराध की घटनाएं उत्तर प्रदेश में हो रही हैं। भाजपा सरकार का कानून व्यवस्था और महिला अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है।

# सपा सांसद राजीव राय ने जताया जान का खतरा

● प्रदेश सरकार से की मामले की गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं घोसी लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव राय ने अपनी जान का खतरा जताते हुए कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। लोकसभा चुनाव से पहले भी कई बार धमकियां मिली। मैंने पुलिस को जानकारी दी लेकिन उसका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। बीते 20 सितम्बर 2024 को फोन पर फिर धमकी मिली। इस बार पाकिस्तान के नम्बर से फोन आया था लेकिन भाषा और बातचीत के तरीके से लगता है कि फोन करने वाला भारत से ही फोन कर रहा था। उसने अपना नाम विजय बताया और हिन्दी में ही बात करते हुए धमकी दिया कि तुम्हारे दिन पूरे हो गए। तुम्हें जितना उड़ना था उड़ लिए। राजीव राय ने सरकार से इस मामले की गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की। सांसद राजीव राय ने यह जानकारी शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहनलालगंज से लोकसभा सदस्य आर.के. चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा, विधायक अरमान खान और पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह मौजूद थे। सांसद राजीव राय ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कभी मामले का संज्ञान नहीं लिया। हमने अपने एक परिचित रिटायर्ड डीजी जो कि इंटेलिजेंस में भी रह चुके हैं उनसे पूरे प्रकरण की चर्चा की तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेने और एफआईआर कराने का सुझाव दिया। उन्होंने खुद डीआईजी से बात किया तब जाकर एफआईआर दर्ज हुई। राय ने कहा कि यह सरकार लोगों के सुरक्षा के तमाम दावे करती है लेकिन जब तक मैं एक आम नागरिक के रूप में शिकायत करता रहा तब तक पुलिस ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए चिंता जतायी। राजीव राय ने कहा कि मुझे पूर्व में भी इंटेलीजेंस इनपुट के आधार पर 2017 से पहले वाई-श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही सुरक्षा हटा दी गई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कारणों से किसी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। हमें जिस तरह से धमकियां मिल रही है। उसे देखते हुए अगर कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए पुलिस-प्रशासन और प्रदेश सरकार जवाबदेह होगी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों मिली धमकी के मामले को लेकर हमने केन्द्रीय गृहमंत्री को भी पत्र लिखकर जानकारी दी है और इस प्रकरण की जांच को लेकर जहां-जहां जरूरत पड़ेगी अपील करूंगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम नीलम और पुत्रों के नाम मनीष व विजय दर्ज हो गया है जो अशुद्ध है। शुद्ध नाम नीलम सोनी, मनीष कुमार सोनी,विजय कुमार सोनी है। और मेरे पुत्र विजय कुमार सोनी की जन्मतिथि त्रुटिवश 24/11/2000 दर्ज हो गई है जो कि गलत है,शुद्ध जन्मतिथि 24/11/2001 है। अतः इन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। दिनेश कुमार पुत्र स्व0 पन्नालाल निवासी III/149 एनटीपीसी कॉलोनी ऊंचाहार रायबरेली।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शादी के पहले मेरा नाम मिलन सिंह था जो अब बदल कर मिलन दत्ता कर लिया है । अब मुझे मिलन दत्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए । मिलन दत्ता पत्नी अनिल दत्ता निवासिनी 227/1एम/1 जगमल का हाता चक निरातुल प्रयागराज

सूचना

सूचना

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि (1) श्री लालजी राय पुत्र स्वर्गीय आर. एन. राय, (2) श्री शांतनु कुमार पुत्र श्री लालजी राय, (3) श्री राहुल राय पुत्र श्री लालजी राय, जो कि फ्री-होल्ड भूखण्ड नं. बी-3/203, रकबा 300 वर्गमीटर, स्थित विकास खंड, गोमती नगर योजना, लखनऊ के सम्पूर्ण मालिक, कामिल व काबिज हैं। जिसको श्री लालजी राय आदि ने बजरिये फ्री-होल्ड विलेख के माध्यम से प्राप्त किया था, जो क्रमांक संख्या 5704 दिनांक 28.12.2022 पर उप निबन्धक कार्यालय लखनऊ में पंजीकृत है। जिसमें संपत्ति का नंबर बी-3/203 अंकित है, जबकि सही नंबर बी-3/203 है। उपरोक्त संपत्ति मालिक उक्त संपत्ति को एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में गिरवी रखने जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्थान या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के भीतर सूचित करें और उपरोक्त समयावधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। **बी. एन. त्रिपाठी** एडवोकेट, निवास: सी-15, नेहरू विहार, कल्याणपुर, लखनऊ, मोबाइल: 9336127853

**गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम**

# प्रदेश में कब्जा मुक्त हुई 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हजारों हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करा लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों से कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 100 फीसदी गोचर भूमि अब कब्जामुक्त हो चुकी हैं। वहीं अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है।

राजस्व विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में 27 हजार 688 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण से मुक्त होने के उपरांत भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाए। सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो।

# प्रोजेक्ट प्रवीण से एक लाख विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

## शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रोजेक्ट प्रवीण का होगा विस्तार, प्रदेश भर के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में किया जाएगा लागू

● कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 90 मिनट की अवधि का अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने छात्रों में कौशल विकास को निखारने और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु 'प्रोजेक्ट प्रवीण' कार्यक्रम के तहत इस साल 1 लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में इस योजना का विस्तार करते हुए इसे प्रदेश भर के चयनित माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रोजेक्ट प्रवीण न केवल प्रदेश के युवाओं को आवश्यक कौशल प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में भी सक्षम बना रहा है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें प्रदेश के विकास में सहयोगी बनाना है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संकल्पना के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोजेक्ट प्रवीण के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 315 राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 63,000 से अधिक छात्र/छात्राओं को कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 90 मिनट की अवधि का अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशलों से सुसज्जित करना है, ताकि वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। प्रोजेक्ट प्रवीण की शुरुआत वर्ष 2022-23 में की गई थी, और इसकी सफलता को देखते हुए इसे नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में और विस्तारित किया जा रहा है। कौशल विकास मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित विद्यालयों में यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिलों के समन्वयकों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय में अधिकतम दो अलग-अलग जॉब रोल का चयन किया जाएगा। हर बैच में 35 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर एक या दो जॉब रोल का चयन किया जा सकता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन सेक्टरों में रोजगार की अधिक संभावनाएं हैं और जिनमें विद्यार्थियों की रुचि है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इस योजना में महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता देते हुए अधिक से अधिक बालिकाओं को इस कौशल विकास योजना से जोड़ने के लिए बालिका विद्यालयों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। महिला छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को नियमित रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित करने के लिए विद्यालय प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। इसके तहत विद्यालयों की समय सारिणी में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षण कार्यक्रम बिना किसी बाधा के संचालित हो सके। साथ ही, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को इस कार्यक्रम की जानकारी देकर उन्हें विद्यार्थियों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# दस्त व निमोनिया से पीड़ित बच्चों की जांच और उपचार निशुल्क किया जाए: डॉ. रोशन जैकब

**● मंडलायुक्त की अध्यक्षता में संचारी व दस्तक अभियान को लेकर हुई बैठक**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के संबंध में बैठक की गयी। बैठक में मंडलायुक्त द्वारा बच्चों को दस्त रोग, निमोनिया और जन्मजात बिमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें निशुल्क जांच, उपचार और परिवहन सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए। वहीं, मंडलायुक्त द्वारा शहर की सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की बात की गयी।

शनिवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में किया। उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आशा कार्यकत्री, एनम व संबंधित स्टाफ प्रत्येक घर का दौरा कर दिमागी बुखार, डायरिया, जलजनित रोग के रोकथाम और उपचार के प्रति लोगो को जागरूक करते रहे। मंडलायुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत बच्चों को दस्त रोग, निमोनिया और जन्मजात बिमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें निशुल्क जांच एवं उपचार और परिवहन सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

इस अभियान के तहत पांच साल से कम उम्र के सभी बच्चों की खून की कमी की जांच, छह माह से पाँच वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान और 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए का घोल दिया जाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी वेक्टर जनित रोगो और जल जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराते रहे। उथले हैंडपंप को लाल रंग से चिन्हीकरण एवं इंडिया मार्क, हेण्डपम्प, प्लेटफ ार्म की मरम्मत प्राथमिकता पर करे। इस अवसर पर सयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### डोर टू डोर किया जाए जागरूक

**मंडलायुक्त** ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया की बरसात का मौसम संचारी रोगों के लिए अतिसंवेदनशील होता है, कुछ सावधानियां बरतकर इन रोगों से बचा जा सकता है। सबसे जरूरी है कि साफसफाई रखें। बच्चों को खाना खाने से पहले और शौच जाने के बाद अच्छे से हाथ साफ करने को दस्तक अभियान के तहत जागरूक करते रहे। घर के आसपास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छर पैदा होते हैं और मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के फैलाव का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण जानकारियां डोर टू डोर देते हुए लोगों को जागरूक किया जाए। मच्छरों के प्रजनन पर रोक और मच्छरों के काटने से बचाव के उपाय के विषय में जानकारी आशा और आंगनबाड़ी द्वारा डोर.टू.डोर नियमित रूप से देते रहे।

### फांगिंग, एंटी लार्वा का नालियों में हो छिड़काव

**उन्होंने** कहा कि नालियों में जमें शिल्ट तत्काल साफ कराते हुए नियमित रूप से फॉगिंग एंटी लार्वा का छिड़काव कराते रहे। टूटे-फूटे नालियों की मरम्मत तत्काल करा लिया जाए। खाली प्लाटो में कूड़ा डंप न होने पाये साथ ही कूड़े शिफ्टिंग का कार्य ससमय कराते रहे। वाटर लाइन व शिवर लाइन में रिसाव न होने पाए। इसकी एक बार रिचेकिंग कर ली जाए। जनपदों में मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति की सतत निगरानी करते रहे। हाई रिस्क एरिया में अंतर विभागीय सहयोग के साथ सघन वाहकध् मच्छर नियंत्रण गतिविधियां करे। घरों के अंदर जाकर मच्छरों के प्रजनन अनुकूल की स्थितियों की जांच करना प्राथमिकता पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# एलडीए के सिंगल टेबल क्लीयरेंस-डे में 103 प्रकरणों का निस्तारण

**● एक ही पटल पर समस्त अनुभागों के अफसर रहे मौजूद**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विकास प्राधिकरण के परिजात सभागार में प्राधिकरण में सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी फाइलों के साथ मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रकरणों से सम्बंधित कुल 103 फाइलों का निस्तारण किया गया।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी व प्रवर वर्ग सहायक अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ सुबह 11 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष द्वारा स्वयं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी और फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी गयी। विभिन्न अड़चनों के कारण 370 दिन से लंबित सिण्डर्स डम्प योजना की दुकान, 580 दिन से लंबित कानपुर रोड योजना की व्यवसायिक सम्पत्ति व 342 दिन से लंबित अमृत बाजार योजना की दुकान के नामांतरण सम्बंधी फ ाइल पर निर्णय लेते हुए प्रकरण का निस्तारण कराया गया। इसी तरह धीरेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा गोमती नगर योजना में दुकान के प्री.होल्ड के सम्बंध में किये गये आवेदन पर तत्काल गणना कराकर प्रकरण का निस्तारण कराया गया।

सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे पर प्रस्तुत की गयी सभी लंबित फ ाइलों पर शत प्रतिशत कार्यवाही करते हुए कुल 103 फ ाइलों का निस्तारण किया गया। इसके अंतर्गत रिफंड के 7, रजिस्ट्री के 24, फ्री-होल्ड के 12 व नामांतरण की 60 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

# किसी भी प्रतियोगिता में अव्वल आने से महत्वपूर्ण उसमें प्रतिभाग करना: सुधीर बोबडे



**● स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत राजभवन में आयोजित हुई वीडियो व फिल्म प्रतियोगिता**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अन्तर्गत शनिवार कोम राजभवन के गांधी सभागार में पर्यावरण एवं स्वच्छता पर आधारित वीडियो एवं फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजभवन में अध्यासित बच्चे, उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन एवं उम्मीद संस्था के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्यपाल की प्रेरणा से बच्चों को वीडियो एवं फिल्म प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। किसी भी प्रतियोगिता में अव्वल आने से महत्वपूर्ण उसमें प्रतिभाग करना होता है। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि अपने कौशल में उत्तरोत्तर विकास करें। उन्होंने कहा कि किसी फिल्म को बनाने के पीछे टीम वर्क की भूमिका महत्वपूर्ण होती है तथा छोटी उम्र से ही वीडियो एवं फिल्म निर्माण

# अलीगंज में व्यावसायिक व मड़ियांव में अवैध आवासीय निर्माण सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एलडीए** द्वारा अलीगंज व मड़ियांव क्षेत्र में अवैध बिल्डिंग पर कार्यवाही की गयी । विहित प्राधिकारी द्वारा अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे एक व्यावसायिक निर्माण व एक आवासीय निर्माण को सील करने का आदेश दिया गयाथा। आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा दोनों स्थलों पर अवैध निर्माण को सील किया गया।

शनिवार को एलडीए ने अलीगंज में व्यावसायिक व मड़ियांव में अवैध आवासीय निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन.4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि अंकित निगम व अन्य द्वारा मड़ियांव के केशव नगर में सुरभि कॉलेज के पास लगभग 1800 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बिना स्वीकृत मानचित्र के आवासीय निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अलावा सचिन गर्ग पुत्र सुभाष गर्ग द्वारा अलीगंज के सेक्टर.बी में भूखण्ड संख्या.बी.59 पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। जिसे विहित प्राधिकारी न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में पूर्व में सील किया गया था। इसके खिलाफविपक्षी द्वारा आयुक्त न्यायालय में अपील की गयी थी। आयुक्त न्यायालय द्वारा पूर्व स्वीकृत मानचित्र के अनुसार निर्माण कार्य किये किये जाने सम्बंधी आदेशों के अनुपालन में एक माह के लिए निर्माण परिसर को सील मुक्त किया गया था। लेकिन, विपक्षी द्वारा उक्त आदेशों का उल्लंघन करते हुए स्थल पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। इस पर पुन: सीलिंग के आदेश दिये गये थे। आदेश पर सहायक अभियंता शिवा सिंह, अवर अभियंता भरत पाण्डेय व सत्यवीर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों भवनों को सील कर दिया गया।

# छोटे व मध्यम वर्गीय किसानों से प्राथमिकता पर धान खरीदा जाए: मंडलायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** द्वारा धान क्रय किये जाने के लिए मण्डलीय समीक्षा बैठक की गई। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7,82000 मैट्रिक टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है। साथ ही लखनऊ में 30 धान कर केंद्र खोले जाने हैं। मंडलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि छोटे और मध्यम वर्गीय किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान क्र य किया जाए। वहीं मंडलायुक्त द्वारा कृषकों को तत्काल भुगतान किया जाने का भी निर्देश दिया गया।

शनिवार को मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में धान क्रय किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त सभागार कार्यालय में किया गया। अपर आयुक्त न्यायिक घनश्याम सिंह क्षेत्रीय खाद्य, नियंत्रक, सभी जनपदों के एआरएमओ सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। उन्होंने धान क्रय से सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का धान क्रय का भुगतान बिना किसी विलम्ब के ससमय कराया जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय के बाद 48 घण्टे में किसानों का भुकतान सभी संबंधित संस्थाएं करना सुनिश्चित करे। छोटे और मध्यम वर्गी किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान क्रय किया जाये। सभी धान क्रय केन्द्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित अधिकारी प्रत्येक सप्ताह धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे और प्रतिदिन क्रय सेन्टरों का फीडबैक लेते रहे। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों ने बताया कि मण्डल में 7,82000 मैट्रिक टन धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित है।

लखनऊ में 30 धान कर केंद्र खोले जाने का लक्ष्य है। मण्डल के सभी क्रय सेन्टरों को क्रियाशील कर दिया गया है। जिसके दौरान 1 अक्टूबर से धान क्र य केन्द्र पर खरीद प्रारम्भ कर दी जाएगी। मण्डल के सभी जनपदों के धान क्रय केन्द्र का मण्डलायुक्त द्वारा फीडबैक लिया गया। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी एवं रायबरेली, उन्नाव में स्थापित कुल 427 क्रय केन्द्रों खोले गए हैं। मंडल में 512 केंद्रों को खोलने का लक्ष्य निर्धारित है। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर उपकरणों (इलेक्ट्रॉनिक काँटा, नमी मापक यंत्र व विनोईंग फैन एवं ई.पॉप मशीन) की उपलब्धता शतप्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप पारदर्शी ढंग से गुणवत्तापरक धान क्रय एवं कृषकों को त्वरित भुगतान कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी धान क्रय केंद्रों पर होल्डिंग व बैनर भी लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। यही नहीं उन्होंने कहा कि सेंटर वाइज धान क्रय का संबंधित अधिकारी द्वारा स्वयं समीक्षा किया जाय। उन धान खरीद केंद्रों पर विशेष फोकस किया जाए जिन केंद्रों कि पिछले वर्ष लक्ष्य के सापेक्ष खरीद अच्छी नहीं हुई ।

# लिंग आधारित कार्यों का विभाजन ही महिलाओं के दमन का मुख्य कारण

**● जेंडर सेंसटाइजेशन विषय पर नवयुग में हुई कार्यशाला**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय में शनिवार को समाजशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 'जेंडर सेंसटाइजेशन- चेंजिंग परसेप्शंस एंड एंपावरिंग लॉज' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो.मंजुला उपाध्याय द्वारा सभी अतिथि वक्ताओं का स्वागत एवं अभिनंदन पौध और स्मृति चिह्न देकर किया गया। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. सारिका दुबे, प्राचार्या, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ ने अपने व्याख्यान में लिंग संवेदनशीलता पर छात्राओं को प्राचीन काल से चली आ रही सीता अपहरण, द्रौपदी चीरहरण जैसी दुखद घटनाओं से लेकर आज तक होती आ रही समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा लिंग आधारित कार्यों का विभाजन ही महिलाओं के दमन का मुख्य कारण है। पुरुषों का वर्चस्व समझाते हुए उन्होंने महादेवी वर्मा की पंक्तियों 'महिलाओं का ना तो पिता का घर होता है, ना पति का, उनका अपना कोई घर नहीं होता' को याद किया। प्रकृति ने महिलाओं को पुरुषों से अधिक शक्तिशाली बनाया क्योंकि उनके पास जीवनी शक्ति है, जिससे वह बच्चे को जन्म दें सकती है, किंतु समाज में महिलाओं को कमजोर माना गया। उन्होंने कहा कि दुनिया की पहली गुलाम महिला को बताया गया हैं क्योंकि वह अपने बच्चों को छोड़कर भाग नहीं सकती। उदारवादी नारीवाद महिलाओं को समान अवसर देने की बात करता है। वही मार्क्सवादी नारीवाद मानता है की समाज का संपूर्ण ढांचा बदलना होगा। अमर्त्य सेन जैसे भारतीय विचारक भी मिसिंग वूमेन की बात कर कन्या भ्रूण हत्या की बात करते हैं।

# स्वच्छता की अलख जगा रहे विद्यार्थी

**● 155 घंटे के नॉन-स्टॉप सफाई अभियान में नवयुवकों ने की भागीदारी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार की पहल के तहत प्रदेश के सभी निकायों में 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' थीम पर आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा अभियान - 2024' के अंतर्गत चल रहे 155 घण्टे के स्वच्छता अभियान के तीसरे दिन शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा प्रदेश के लगभग 5000 स्कूलों, कालेजों व विश्वविद्यालयों में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता से स्वच्छता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ व अभिभावकों को स्वच्छता के इस जन आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ ही उनके स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता की अलख जागृत करने का कार्य किया गया। इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने 'स्वच्छता शपथ' लेकर इस कार्य में निरन्तर अपना योगदान देने का संकल्प लिया। स्वच्छता की भागीदारिता में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के स्वच्छ सारथी क्लब का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नवयुवक हमारी धरोहर व भविष्य है। स्वच्छता की जागरूकता से लेकर स्वच्छता के प्रति विभिन्न कार्यों में इनका योगदान अतुलनीय है। इस वर्ष सभी निकायों में 'स्वच्छ सारथी क्लब' के माध्यम से 'स्वच्छ स्कूल' बनाये जा रहे है, जोकि प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ टॉयलेट व स्वच्छ परिसर से युक्त होंगे। प्रत्येक निकाय में स्वच्छता के मानकों को पूर्ण करने वाले तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को 'स्वच्छ स्कूल' की उपाधि से सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा सभी निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान के दौरान विभिन्न आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देकर उनके स्वच्छता के संकल्प को साकार किया जा रहा है।

# सड़क व नाली निर्माण कार्य शुरू होने से लोग उत्साहित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहीद** भगत सिंह वार्ड 13 स्थित पंडित दीन दयाल पुरम योजना कालोनी में सड़क निर्माण कार्य की प्रगति जानने के लिए पार्षद योगिता यादव व अन्य ने दौरा किया। यहां वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू होने से कालोनी के निवासियों में काफी उत्साह है।

# मुंबई से आए कलाकार, करेंगे तीन नाटकों का मंचन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुंबई** में फिल्म और थियेटर की चर्चित संस्था अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थान (एबीएसएस) के कलाकारों का एक दल लखनऊ आया है। इस दल में फिल्म व टीवी सीरियलों में काम करने वाले कलाकार भी हैं।

मुंबई के चर्चित फिल्म एवं थियेटर निर्देशक एवं अभिनेता राजेंद्र तिवारी की अगुवाई में यहां आए कलाकार विगत वर्षों की तरह गांधी जयंती पर दो अक्टूबर से चार अक्टूबर तक तीन नाटकों का मंचन गांधी भवन सभागार में करेंगे। राजधानी पहुंचकर कलाकारों ने राजेंद्र तिवारी के निर्देशन में नाटकों का रिहर्सल भी शुरू कर दिया है। मालूम हो कि निर्देशक राजेंद्र तिवारी ने लंबे समय तक लखनऊ थियेटर में अभिनेता एवं निर्देशक के तौर पर काम किया है। दो दशक से मुंबई फिल्म नगरी में निर्देशन एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय है। विगत दो दशक से यहां गांधी जयंती पर प्रतिवर्ष नाटकों का मंचन करने मुंबई से आते हैं।

# एलटी एसो. लखनऊ शाखा के छठी बार अध्यक्ष चुने गए महेश प्रसाद



**लखनऊ।** यूपी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन लखनऊ शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी के सभागार में शनिवार को मुख्य चुनाव अधिकारी डीपीए लखनऊ शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष कपिल वर्मा, सहायक चुनाव अधिकारी चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उप्र. के प्रदेश सचिव सर्वेश पाटिल की देखरेख में हुआ। यूपी एलटी एसो. लखनऊ शाखा के अध्यक्ष महेश प्रसाद और मंत्री पद पर संतोष जौहरी लगातार छठी बार निर्विरोध चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी कपिल वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष, मंत्री के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, कोषाध्यक्ष अनीता सिंह, संयुक्त सचिव विजय गुप्ता, संप्रेक्षक नरेंद्र कुमार भी निर्विरोध चुने गए।

# राजधानी में 5 एकड़ में बनेगा उत्तर भारत का पहला सेन्ट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन की 61 वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन शनिवार को लखनऊ एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में पूरे उत्तर प्रदेश के लगभग 200 से ज्यादा रोलर फ्लोर मिल के उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यमियों के विकास व उद्योग जगत के निरंतर बेहतरी के लिए कार्य कर रही, जिसका परिणाम अब हमें जमीन पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। आज अपने उत्तर प्रदेश में नित नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही है, जिससे न केवल अपना उत्तर प्रदेश विकास के मार्ग पर तीव्र गति से बढ़ रहा है। अपितु किसानों को उनकी ऊपज का उचित मूल्य भी प्राप्त हो रहा है साथ ही रोज़गार के अनेक नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। वो दिन दूर नहीं जब हमारा उत्तर प्रदेश देश में एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी वाला प्रथम प्रदेश बनेगा।

विशिष्ट अतिथि प्रमुख सचिव मनोज सिंह ने कहा सरकार की मंशा प्रदेश में स्थापित उद्योगों के सफ़ल संचालन व नए उद्योगों को स्थापित करने में आने वाली समस्त बाधाओं को सहज रूप में दूर कर एक अच्छा औद्योगिक माहौल विकसित करना है जिससे न केवल उत्तर प्रदेश के उद्यमी अपितु अन्य राज्यों के उद्यमी भी अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए उत्साहित हैं। आज के दौर में किसी भी उद्योग में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का महत्व बढ़ गया है साथ ही प्रशिक्षित कामगारों की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 5 एकड़ जमीन उत्तर प्रदेश रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन को देने का निर्णय लिया है जिसमें देश का दूसरा व उत्तर भारत का पहला सेन्ट्रल मिलिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट संस्था द्वारा स्थापित किया जाएगा जहां अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के प्रयोग से उन्नत उत्पाद तैयार करने हेतु विश्वस्तरीय साज सज्जा वाला एक इंस्टीट्यूट स्थापित होगा जिसमें से ऐसे प्रशिक्षित कामगार तैयार होंगे जिनकी मांग न केवल भारत में बल्कि यूरोपीय देशों के साथ ही मध्य पूर्व देशों में भी रहेगा। यह संस्था आने वाले समय में मिलिंग उद्योग जगत में एक मिल का पत्थर साबित होगा।

संगठन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन व उपाध्यक्ष दीपक बजाज ने सर्वप्रथम वार्षिक साधारण सभा में बतौर मुख्य अतिथि पधारे माननीय वित्तमंत्री सुरेश खन्ना व विशिष्ट अतिथि मुख्य सचिव मनोज सिंह सहित पूरे प्रदेश से पधारे समस्त उद्यमियों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए अपने उद्बोधन कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदेश के सभी उद्यमियों की तरफ़ से धन्यवाद् देता हूं जिनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश के समस्त उद्यमी भय रहित वातावरण में स्वछंद रूप से अपने उद्योग का संचालन करते हुए न केबल प्रदेश के विकास में अपना अंशदान दे रहे है बल्कि रोज़गार के नए अवसर सृजित करके हुए अनेक कामगारों को नौकरी भी प्रदान कर रही हैं। रोलर फ्लोर मिलिंग उद्योग किसानों व आम उपभोक्ता से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा ऐसा उद्योग है जो कि हमारे अन्नदाता किसानों को उनकी ऊपज का सर्वश्रेष्ठ मूल्य देकर उनकी आय में बढ़ोतरी करते हुए संबल प्रदान करता है साथ ही आम उपभोक्ता के दैनिक उपभोग की खाद्य पदार्थ आटा, मैदा, सूजी को लोकहित में न्यूनतम लाभ के साथ बाजार में बेचता हैं। आज अपना उत्तर प्रदेश गेहूं उत्पादन में देश में प्रथम स्थान रखता है अब हमें जरूरत है गेहूं के प्रसंस्कृत उद्योगों में क्रांति लाते हुए रोलर फ्लोर मिलों का पुनर्रत्थान करते हुए उच्च क्वालिटी के गुणवत्ता युक्त आटा मैदा सूजी तैयार करना है जिससे अपना प्रदेश गेहूं उत्पादन के साथ साथ गेहूं आधारित प्रसंस्कृत उद्योगों में भी पूरे भारतवर्ष में नंबर एक बन सके।

# सर्वाइकल कैंसर किशोरियों के लिए चिंताजनक विषय: आनंदीबेन

- राज्यपाल ने 105 मेडल व 25 छात्रों को एक से अधिक पदक प्रदान किए
- 118737 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर का 39वां दीक्षांत समारोह संपन्न



**राज्यपाल** एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर का 39वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कुल 105 मेडल तथा 25 छात्रों को एक से अधिक पदक प्रदान किया। जिसमें एक चांसलर गोल्ड मेडल, दो सिल्वर मेडल, 33 ब्रॉन्ज मेडल, 12 वॉइस चांसलर गोल्ड मेडल के साथ प्रायोजित मेडल दिए गए। समारोह में 118737 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गयी तथा 7 लाख 47 हजार 369 मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड की गयी। डिजीलॉकर में डेटा अपलोड होते ही सीएसजेएमयू देश भर में नंबर वन पर आ गया।इस अवसर पर राज्यपाल ने उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके अभिभावकों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिए हमेशा माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली सम्मान तब मिलता है जब समाज किसी को संस्कारी के रूप में मान्यता देता है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को यह वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शादियों में लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन बेटियों के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दिया जाता, जो कि आवश्यक है। इस दौरान आनंदी बेन पटेल ने 153 महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने के अभियान की शुरुआत की। विवि की ओर से गोद लिए 5 गांव (ईश्वरी गंज, होरा कछार, बरहट बांगर, गबडहा, सुनौड़ा) की 153 बेटियों को सर्वाइकल कैंसर का टीका भी निशुल्क लगाया गया। कुलाधिपति की ओर से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षयरोग अधिकारी को टीबी ग्रस्त मरीजों के लिये पोषण पोटली भी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इस दौरान 'तालाब तारण अभियान' की शुरुआत कुलाधिपति और रामवीर तंवर पांड मैन ऑफ इंडिया की ओर से की गई। सीएसआर फंड के जरिए इन तालाबों को सुधारा जाएगा। भव्य दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से 20 साड़ी बैंक की शुरुआत भी की गई। इस पहल के तहत युवतियों और महिलाओं यहां से साड़ियां लेकर उसका इस्तेमाल कर उसे बैंक को वापस करे सकेंगी। फर्रुखाबाद जनपद की आंगनबाड़ियों को 200 शैक्षिक किटों का वितरण भी राज्यपाल द्वारा किया गया। राज्यपाल ने कहा कि ये किटें आंगनबाड़ियों के बच्चों की शिक्षा में सहायता प्रदान करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि गुजरात में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 'मां यशोदा अवार्ड' प्रदान किया जाता था, और उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्रियों को सम्मानित किया जाता था। राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी हमारे समाज की नींव है। विकसित भारत का भविष्य इन बच्चों पर निर्भर है, और अगले 25 वर्षों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर होगी, इसलिए आंगनबाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। कुलाधिपति द्वारा स्कूल ऑफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स की ओर से नटराजन की मूर्ति का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने कहा सर्वाइकल कैंसर किशोरियों के लिए एक चिंताजनक विषय है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे बड़ा जानलेवा कैंसर है। भारत में हर सात मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर से मरती है। इनमें से ज़्यादातर मौतों को ज़्यादा जागरूकता, एचपीवी टीकाकरण और शुरुआती पहचान से रोका जा सकता है। इस टीके को लगाने की सर्वोत्तम उम्र 9 वर्ष से 14 वर्ष के मध्य है जिसमे केवल दो डोज़ टीके के छह माह के अंतराल में दिए जायेंगे एवं 15 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को तीन डोज लगाए जायेंगे जो की माननीया कुलाधिपति महोदया के आशीर्वाद से विश्वविद्यालय में नि:शुल्क लगाए जायेंगे।

# अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्यों पर नजर रखें: मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने की तेज बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा
- प्रभावित लोगों को हर सम्भव सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बारिश के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को हर सम्भव सहायता मुहैया कराएं।

मुख्यमंत्री शनिवार को यहां प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तेज बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 4 लाख रुपये की अनुमन्य राहत राशि अविलम्ब प्रदान की जाए। जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावित लोगों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबन्ध किए जाएं। नदियों के जल स्तर की सतत् निगरानी की जाए।

उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

# स्वाद के शौकीनों को भाया यूपी का चटपटा जायका

**यूपीआईटीएस-2024**

- दर्शकों ने यूपी के 10 से अधिक जिलों के जायकों का उठाया लुत्फ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा

**छुट्टी** का दिन हो, एक ही छत के नीचे अलग अलग जगहों के चटपटे जायके हो तो भला स्वाद के शौकीनों के कदम रुकें भी तो कैसे? यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को अवकाश के चलते दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। विजिटर्स ने जमकर खरीदारी तो की ही, चटपटे जायके का भी लुत्फ उठाया। नोएडा, गाजीपुर, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, बलिया, बनारस और लखनऊ के लजीज जायकों के स्टॉल पर ग्राहकों की लंबी लाइन लगी रही।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा में हो रहा है। ऐसे में ट्रेड शो पहुंचने वाला हर दर्शक नोएडा की गुर्जरी थाली का स्वाद चखने से खुद को नहीं रोक पा रहा। इसकी खासियत इसे बाकियों से भिन्न बनाती है। स्टॉल संचालक अरुण भाटी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मोटे अनाजों के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हैं। हमारी कोशिश है कि एक बार फिर मोटा अनाज लोगों की थाली में जगह पाए। गुर्जरी थाली मोटे अनाजों से बनी है। हम थाली में ज्वार, बाजरे की रोटी, सरसो का साग, दाल देते हैं। यहीं नहीं छाछ और कढ़ी चावल के भी दीवानों की संख्या कम नहीं हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में खुर्जा की खुरचन स्टॉल पर जायके के शौकीनों की लाइन लगी थी। दरअसल, खुरचन का स्वाद है ही ऐसा। स्टॉल संचालक ने बताया कि ट्रेड शो में इसे खूब पसंद किया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में खुर्जा की खुरचन वैसे भी बहुत प्रसिद्ध है। ट्रेड शो आने वाले विजिटर्स इसका स्वाद भी चख रहे हैं। वहीं, लखनऊ की बिरयानी का तो कहना ही क्या। स्टॉल के बाहर की लाइन देखकर तो यही कहा जा सकता था कि जैसे बिरयानी की खुशबू लोगों की खींच लायी हो। बुलंदशहर से आए आशीष यादव ने कहा कि लखनऊ की बिरयानी का स्वाद यहां भी वैसा ही था जैसा लखनऊ शहर में मिलता है, मसालों की खुशबू ने पिछले साल लखनऊ की यात्रा की याद दिला दी। पालक पत्ता का चाट, ट्रेड शो में जिसने भी यह सुना उसके कदम खुद ब खुद गाजीपुर के स्टॉल की तरफ बढ़ चले। कुरकुरे पालक के पत्तों पर चटपटे मसालों के साथ बनी चाट खाकर दर्शक खुद को तारीफ करने से नहीं रोक पाए। इसमें खट्टी-मीठी चटनी का ऐसा मिश्रण था कि एक बार खाने पर लोग इसे बार-बार मांग रहे थे। चटपटे के साथ ही मिठाई पसंद करने वालों के लिए भी कई स्टॉल थे। मथुरा के पेड़े दर्शकों ने खूब खरीदे। मथुरा के पेड़े की मिठास कुछ ऐसी थी कि ग्राहक पैक कराकर घर भी ले जा रहे थे।

## यूपी पुलिस के स्टॉल को मिला प्रथम पुरस्कार



- केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने यूपी 112 की एसपी मोहनी पाठक को पुरस्कार प्रदान किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** प्रशान्त कुमार के निर्देशन में उक्त ट्रेड शो के हॉल नम्बर 4 में उप्र पुलिस द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के सन्दर्भ में एक स्टॉल लगाया गया था। आयोजकों द्वारा उक्त ट्रेड शो के सभी 15 हॉल में लगाई गई स्टॉल में से स्टॉल की साइज, उसका सेटअप, वहां के माहौल तथा स्टॉल पर आने वाले लोगों की संख्या के आधार पर प्रत्येक हॉल में प्रथम 3 स्टॉल को पुरस्कृत किया गया। ट्रेड शो के हॉल नम्बर 4 में लगाए गए उत्तर प्रदेश पुलिस की स्टॉल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शनिवार को केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं कैबिनेट मंत्री यूपी राकेश सचान द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 मोहनी पाठक को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उप्र सरकार, खेल एवं युवा कल्याण/एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन/खादी एवं ग्रामोद्योग/ व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, आलोक कुमार तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डीजपीी प्रशान्त कुमार द्वारा उक्त स्टॉल को लगाने एवं वहां पर कार्यरत कर्मियों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।

## कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का सम्मान

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में यूपी कौशल विकास मिशन का पवेलियन आगंतुकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहा, जहां पर विभिन्न उभरते हुए तकनीकी और व्यावसायिक कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग राकेश सचान ने कौशल विकास मिशन की अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। यह पुरस्कार मिशन के उत्कृष्ट प्रदर्शन और युवाओं के कौशल विकास के प्रति समर्पण का प्रमाण है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को नई तकनीकों से प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस स्टॉल को मिले सम्मान से यह सिद्ध होता है कि हमारा प्रदेश कौशल के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

## यूपी आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने जीता सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्टैंड का खिताब

**लखनऊ।** प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को यूपी आईटीएस 2024 में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्टैंड' के लिए सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विभाग द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट तकनीकी नवाचार, डिजिटल उत्तर प्रदेश की प्रगति, और प्रदेश में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान विभाग के प्रख्यात नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त किया गया है। विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर के सक्षम नेतृत्व में विभाग ने डिजिटल यूपी के लक्ष्य को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। उनके नेतृत्व में राज्य ने आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों और नीतियों का सफल कार्यान्वयन किया है, जिससे उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा, 'उत्तर प्रदेश को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में हमारी यात्रा लगातार जारी है, और यह सम्मान हमें और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगा।' उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता के बिना यह संभव नहीं हो पाता। विशेष सचिव रवि रंजन ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य केवल तकनीकी क्षेत्र में उन्नति नहीं है, बल्कि हम एक समावेशी डिजिटल समाज का निर्माण करना चाहते हैं, जहां तकनीक हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए'।

# सिल्ट सफाई के कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- अनियमितता पर जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए होगी कार्रवाई: स्वतंत्रदेव सिंह



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिल्ट सफाई के कार्य निर्धारित विभागीय मापदण्डों के अनुसार हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, नहरों की सिल्ट सफाई के कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्यों में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु मुख्यालय स्तर से गठित विभागीय समितियों एवं उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश शनिवार को उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में नहरों के सिल्ट सफाई के संबंध में मुख्य अभियंताओं के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नहरों की सिल्ट सफाई झंडी के साथ लाइन डोरी लगाकर इस प्रकार की जाये कि नहर का सरेखण एवं घुमाव स्थापित रहे। पुलों के नीचे जमा सिल्ट भी विशेष ध्यान देकर साफ कराई जाए।

स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिया कि नहरों से निकाली गयी सिल्ट का डिस्पोजल ठीक ढंग से किया जाए। नहर के आंतरिक भाग में सिल्ट न छोड़ी जाये, उसका संतोषजनक डिस्पोजल किया जाए, नहरों से निकाली गयी सिल्ट का उचित डिस्पोजल सुनिश्चित करने के लिये अल्पिकाओं हेतु अवर अभियन्ता एवं राजवाहों हेतु सहायक अभियन्ता व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगें तथा वे अपनी प्रत्येक माइनर/राजवाहा को निरीक्षण कर सिल्ट के समुचित डिस्पोजल कर दिये जाने का प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध करायेगें। जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कार्यों को पारदर्शी ढंग से कराते हुए सिल्ट सफाई के कार्य का समुचित अभिलेखीकरण भी कराया जाए। कार्य प्रारम्भ से पूर्व, कार्य के दौरान तथा कार्य के पश्चात फोटोग्राफी इस प्रकार की जाये कि स्थल की जियोटैगिंग हो जाये तथा फोटोग्राफ में अक्षांश/देशान्तर के साथ नहर का नाम एवं जनपद का नाम अवश्य अंकित किया जाये। किये गये कार्यों का ड्रोन से वीडियोग्राफी कराकर इस प्रकार वीडियो बनायी जाये कि कार्य के पूर्व में एवं कार्य के पश्चात दोनों स्थितियां साथ-साथ प्रदर्शित हों। बाद में नहर चलते हुए भी नहर के हेड का तथा टेल का फोटोग्राफ लेकर के रखा जाये, जिससे कराये गये कार्य का अंतिम परिणाम भी प्रदर्शित हो सके स्वतंत्र देव सिंह ने निर्देश दिए कि नहरों की सिल्ट सफाई/स्क्रैपिंग कराने के लिये नहरों की सूची बनाई जाये जिसमें जनपद, विकासखण्ड एवं विधानसभा का नाम हो, जिसमें नहर के आन्तरिक सेक्शन में करायी जाने वाली सिल्ट सफाई की लम्बाई/स्क्रैपिंग की लम्बाई दी गई हो। नहरों के हेड पर या समीचीन स्थान (जहाँ लोगों का आवागमन हो) पर एक बोर्ड लगाया जायेगा, जिस पर खण्ड का नाम, नहर का नाम, सिल्ट सफाई की रींच, धनराशि सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं ठेकेदार का नाम व मोबाइल नं. अंकित किया जाय।

## रियल एस्टेट कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप, दिल्ली पुलिस के पत्र से हड़कंप

संवाददाता। मोहनलालगंज

**रियल** एस्टेट कंपनी की धोखाधड़ी की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने मोहनलालगंज में हाईवे की बेशकीमती जमीन की बिक्री और नामांतरण पर रोक लगाने के लिए एसडीएम को पत्र भेजा है। जिसके बाद मामले में सब रजिस्ट्रार को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उधर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है।

मोहनलालगंज नगर पंचायत के मऊ गांव की गाटा संख्या 1251 और 1252 की जमीन की बिक्री और नामांतरण रोकने के लिए दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एसडीएम को ईमेल भेजकर गुजारिश की है। दिल्ली पुलिस के पत्र में रियल एस्टेट कंपनी पर दिल्ली और आसपास में लोगों से धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। जिसकी दिल्ली पुलिस जांच कर रही है। एसडीएम ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया दिल्ली पुलिस का पत्र प्राप्त होते ही सब रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# शहीद भगत सिंह ने ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की: दिनेश सिंह

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई शहीद भगत सिंह की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को अमर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

दिनेश कुमार सिंह ने शहीद भगत सिंह के व्यक्तित्व एंव कृतिव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। सिंह ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने पहले लाहौर में बर्नी सैंडर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। इन्होंने असेम्बली में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया, जिसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार द्वारा इन्हें 23 मार्च 1931 को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फांसी दी गई। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, विजय बहादुर, नितांत सिंह, राम बरन गौतम, डॉ. श्रवण गुप्ता, डॉ. अमित राय, डॉ. आदित्य मिश्रा, केडी शुक्ला, वसीउल्लाह आजाद, बदरे आलम सहित भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

# कृषि सखियों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रही प्रदेश सरकार

- प्रदेश भर में अबतक 7634 कृषि सखियां प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की जा रही है। 'कृषि सखी' योजना के तहत महिलाओं को कृषि से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। अब तक इस योजना के तहत 7,634 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिससे वे आधुनिक कृषि तकनीकों को सीखकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही हैं। कृषि सखियों का चयन उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गांवों में गठित स्वयं सहायता समूहों से किया जा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत इन महिलाओं को पैरा प्रोफेशनल के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब तक 269 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश भर में 7,634 महिलाओं का प्रशिक्षण और सत्यापन हो चुका है। बिजनौर जिले में सबसे अधिक 670 महिलाओं का प्रशिक्षण और सत्यापन पूरा हो चुका है। योगी सरकार ने चयनित कृषि सखियों को विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वित किया है, ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, रेशम निदेशालय और भूगर्भ जल विभाग के कार्यक्रमों के विस्तार और प्रचार के लिए इन सखियों का चयन और प्रशिक्षण किया जा रहा है। महिलाओं के चयन के लिए कुछ विशिष्ट मानदंड तय किए गए हैं, जिनमें उनकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उन्हें कृषि कार्यों में रुचि और अनुभव होना चाहिए।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), इन कृषि सखियों को प्रशिक्षण दे रहा है। मैनेज ने प्रदेशभर में 269 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनके जरिए 7,634 कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया गया है। इन सखियों को प्राकृतिक, जैविक और कृषि पारिस्थितिकी आधारित खेती के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में बच्चों ने जीते पुरस्कार



**मोहनलालगंज।** नवजीवन इंटर कालेज में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने विकसित भारत 2047 विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा 9 और 10 के बच्चों ने इसी विषय पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। जबकि कक्षा 11 व 12 के बच्चों ने वोकल फॉर लोकल विषय पर संवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल हरिगोविंद मिश्र कार्यकारी मैनेजर नवेंदु दीक्षित और व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय समेत कॉलेज के टीचर व स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।

# निगोहां सबस्टेशन की 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन, 24 घंटे बाद भी बिजली को तरसे गांव

- सोलह घंटे बाद चालू हुई आंशिक इलाके की सप्लाई
- विरोध के बाद पहुंचे एक्सइएन

संवाददाता। मोहनलालगंज



**बारिश** के बाद शुक्रवार की शाम निगोहां सबस्टेशन की 33 केवी लाइन अचानक ब्रेकडाउन हो गई। जिससे निगोहां इलाके के पांच दर्जन से अधिक गांव की बिजली गुल हो गई। फॉल्ट लोकेटर मशीन के साथ पेट्रोलिंग कर रही विद्युत कर्मियों की टीम शनिवार को चौबीस घंटे बीतने के बाद भी लाइन चालू नही कर सकी। जिससे इलाके के लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए घरों में मोबाइल और इनवर्टर बंद पड़ गए। लगातार सप्लाई ठप रहने से हजारों उपभोक्ता परेशान रहे लेकिन एक्सइएन को सोलह घंटे बाद लाइन पर पहुंचने की फुरसत मिल सकी। जिसे लेकर उपभोक्ताओं ने गहरी नाराजगी जताई।

मोहनलालगंज के निगोहां सबस्टेशन की रायबरेली से आई 33 केवी लाइन शुक्रवार की शाम बारिश के बाद ब्रेकडाउन हो गई। जिससे निगोहां सबस्टेशन के सभी पांच फीडर से पोषित लगभग 70 गांव की सप्लाई ठप हो गई। सारी रात अधिकारी उपभोक्ताओं को जल्द सप्लाई नॉर्मल कराने का भरोसा देते रहे। लेकिन फॉल्ट लोकेटर मशीन नाकाम होने के बाद शनिवार की रात तक भी 33 केवी लाइन दुरुस्त नही की जा सकी। अधिकारियों के फोन नॉट रीचेबल होने के बाद लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए बिजली बंदी से हो रही समस्याएं गिनानी शुरू की तब जाकर उच्च अधिकारी हरकत में आए। आनन फानन शनिवार की रात 9 बजे के बाद मोहनलालगंज सबस्टेशन की 11 केवी लाइनों से निगोहां के गांवों की सप्लाई जोड़नी शुरू की गई। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया निगोहां की 33 केवी लाइन चालू करने के लिए विभाग की टीम लगातार प्रयास में जुटी हुई है। फिलहाल निगोहां के गांवों को 11 केवी लाइन के दूसरे सोर्स से सप्लाई देने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। निगोहां सबस्टेशन के लिए 33 केवी लाइन के दूसरे सोर्स के लिए प्रस्ताव तैयार कर बिजनेस प्लान में भेजा गया है।

### व्यापारियों के विरोध पर कस्बे को 16 घंटे बाद मिली बिजली

33 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने से निगोहां कस्बे की बिजली भी शुक्रवार की सारी रात गुल रही। शनिवार को बाजार खुलने के बाद भी बिजली नही होने से व्यापारियों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। तब जाकर मोहनलालगंज से निगोहां कस्बे व आसपास के गांव और मस्तीपूर फीडर से पोषित गांवों की सप्लाई शुरू की गई। हालांकि लो वोल्टेज से लोगों को परेशानी रही।

### जर्जर लाइन के सहारे 12 हजार उपभोक्ता

**रायबरेली** के बछरावां से आई निगोहां सबस्टेशन की 33 केवी लाइन तकरीबन 25 किलोमीटर लंबी है। उपभोक्ताओं की मानें तो लाइन कई दुर्गम स्थानों से गुजरी है। जबकि लाइन में तमाम खामियां हैं जिससे जरा सी हवा के झोंके से भी अक्सर 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन हो जाती है। फिर भी लाइन का नियमित रूप से मेंटीनेंस तक नही कराया जाता है। इसके अतिरिक्त कई वर्षों से निगोहां सबस्टेशन के लिए 33 केवी लाइन के डबल सोर्स की मांग के बावजूद अफसर उपभोक्ताओं की समस्या का स्थाई समाधान नही करा पाए हैं।

# ज्वाला देवी स्कूल गंगापुरी में मातृ भारती का हुआ गठन




## बीनू सक्सेना अध्यक्षए प्रीती पाण्डेय मंत्री मनोनीत, संसार में मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचनाः युगल किशोर

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी रसूलाबाद में शनिवार को मातृ भारती गठन किया गया। इस दौरान मातृ सम्मेलन का आयोजन वन्दना सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन दीपार्चन एवं वन्दना से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ प्रिया श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर कुलभास्कर डिग्री कॉलेज रहीं। अध्यक्षता स्नेहा पाण्डेय सामाजिक कार्यकर्ता तथा रचना मिश्रा योग शिक्षिका एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र उपस्थित रहे। विद्यालय मातृ भारती की प्रमुख एवं कार्यक्रम की संयोजक आचार्य बेबिका राय ने अतिथियों का परिचय कराया। छात्रा श्रेया तिवारी एवं आचार्य सविता त्रिपाठी ने वात्सल्य एवं मातृत्व पर आधारित हृदयस्पर्शी गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक बेबिका राय ने मातृ भारती में चयनित पदाधिकारियों की घोषणा किया। जिसमें रचना मिश्रा संरक्षक बीनू सक्सेना अध्यक्ष सुनीता मिश्रा उपाध्यक्ष प्रीती पाण्डेय मंत्री प्रिय पाठक सहमंत्री सुप्रिया शुक्ला कोषाध्यक्ष नीतू तिवारी प्रचार प्रसार मंत्री रीना पाठक सुमन सिंह आराधना मिश्रा नीतू सिंह विजया मिश्रा पूजा रश्मि तथा कीर्ति सदस्य निर्वाचित हुईं। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों की इस परम्परा में हम सभी मातृशक्तियों को बुलाकर अविस्मरणीय सम्मान दिया है। एक अच्छे समाज की संकल्पना नारी के बिना सम्भव ही नहीं है। इसलिए हम सभी माताओं को सदैव शिशुओं को उनकी आत्मशक्ति को विकसित करते रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने कहा कि संसार में मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना है जिसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम में लगभग 235 माताएं विद्यालय की सभी अध्यापिका और अध्यापक उपस्थित रही। सभी अतिथियों एवं मातृशक्तियों का आभार ज्ञापन मीनाक्षी मेहरोत्रा एवं संचालन रीता विश्वकर्मा सरोज सिंह और श्रद्धा श्रीवास्तव ने किया।




# मध्य वायु कमान व्यापक स्तर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत मुख्यालय मध्य वायु कमान ने संयुक्त प्रयास के रूप में शनिवार को मुख्यालय मध्य वायु कमान के निकट ग्रैंड ट्रंक रोड पर एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्यालय मध्य वायु कमान और मध्य वायु कमान यूनिट के वायुयोद्धाओं और असैन्य कार्मिकों ने बड़ी संख्या में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। भारतीय वायु सेना की संगिनियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु होने वाले इस सामूहिक प्रयास में सभी कार्मिकों एवं उनके परिजनों की भागेदारी सुनिश्चित करना था। यह अभियान केवल हमारे आसपास की सफाई तक सीमित नहीं है। बल्कि यह जिम्मेदारी और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। इसी कड़ी में मध्य वायु कमान ने उमरी गाँव में ग्रामीणों के बीच व्याख्यान प्रस्तुति प्रदर्शनी एवं हिन्दी के शिक्षाप्रद पर्चों के वितरण द्वारा एक डेंगी निरोधक अभियान भी चलाया। साथ मिलकर हम एक महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं और दूसरों को भी स्थायी पद्धितियों को अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

## भारत के विभिन्न हिस्सों में अभी भी हो रहा संघर्ष

**प्रयागराज।** नया शो जागृति एक नई सुबह एक युवा लड़की जागृति की सशक्त कहानी बताता है जो अपने हक से महरूम समुदाय के अधिकारों के लिए लड़ रही है। जी टीवी के शो में जहां मासूम बच्चों को पैदा होते ही अपराधी करार दे दिया जाता है और उनके हाथों के निशान पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज कर लिए जाते हैं। इस बिरादरी के लोगों को शिकार के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें शिक्षा से दूर रखा जाता है और वहां के दबंग जमींदार उन्हें उनके हक से महरूम रखते हैं। हालांकि यह सिर्फएक हिंदी मनोरंजन चैनल पर दिखाए जाने वाले काल्पनिक शो की कहानी नहीं है। यह भारत के विभिन्न हिस्सों में अभी भी संघर्ष कर रहीं सामाजिक रूप से बहिष्कृत कई बिरादरियों द्वारा झेली जा रही कड़वी सच्चाई को दर्शाता है। इस चैनल ने जागृति से बदलाव नाम के एक अभियान की शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य शोषित बिरादरियों के संघर्षों के बारे में लोगों को जागरूक करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है और जागृति के प्रति लोगों का समर्थन जुटाना है। जो ज़ी टीवी के शो के जरिए ऐसे समुदायों की आवाज़ बनकर उभरी हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान का नेतृत्व जानी मानी अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी कर रही हैं। जिन्होंने जागृति के सफर को दर्शाती एक दिल छू लेने वाली कविता को अपनी आवाज़ दी है। एआई संचालित दृश्यों के साथ साकार की गई।

# मोदी-योगी सरकार में पिछड़ों का अधिकार सुरक्षित

## भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा का सम्मेलन सम्पन्न हुआ



**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा का सम्मेलन मझवां विधानसभा के आमघाट स्थित शिव गंगा लॉन में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि योगी सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथि रामकेश निषादए पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमालीए जिला प्रभारी श्रीमती सरोज कुशवाहाए भाजपा जिलाधयक्ष बृजभूषण सिंहए पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी पटेलए मझवां विधानसभा के प्रभारी हौसिला प्रसाद पाठकए राबर्ट्सगंज के विधायक भूपेश चौबेए विधानसभा के संयोजक शिव शरण रायए जिला प्रभारी पिछड़ा मोर्चा हेमन्त त्रिपाठी का अंगवस्त्रम एवं बुके देकर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया । पिछड़ा मोर्चा के सम्मेलन में उपस्थित आम जनता को सम्बोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि मोदी योगी सरकार में पिछड़ों का हक अधिकार सुरक्षित है आज पिछड़ों को मोदी योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पीएम किसान सम्मान निधिए पीएम विश्वकर्मा योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजनाए उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई दे रहा है । पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकरए मोदी योगी सरकार में पिछड़ों को प्रतिनिधित्व देकर दिल जीतने का काम किया है । पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल ने कहा कि मोदी योगी सरकार में सबका साथ सबका विकास हो रहा है । जब उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार थी केवल जाति पात का झगड़ा लगाकर उ0प्र0 के खजाने को लूटने का काम कर रही थी । पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार 1957 में काका कालेकर कमीशन की रिपोर्ट ठंडे बस्ते मंव डाल दिया तथा 1980 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया । जब तक देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही केवल पिछड़ों को ठगने एवं अपमानित करने का काम किया और वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कियाए वहीं भाजपा की केन्द्र सरकार ने नीट की परीक्षाए केन्द्रीय विद्यालयए सैनिक विद्यालयों में आरक्षण देकर सम्मानित करने का काम किया । कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री सियाराम बिंद ने किया । धन्यवाद ज्ञापित पिछड़ा मोर्चा के प्रभारी जिला मंत्री हेमन्त त्रिपाठी ने किया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कन्नौजियाए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केसरीए अध्यक्ष डीसीबी जगदीश पटेलए पूर्व विधायक सुचिस्मिता मौर्याए चेयरमैन डीसीबी विजय कुमार मौर्यए जिला मंत्री भाजपा डॉ0 सी0एल0 बिन्दए नितिन विश्वकर्माए जिला महामंत्री संजय गुप्ताए जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादवए विद्याशंकर मौर्यए फूलगेन पटेलए जिला मंत्री कमलेश कुमार मौर्यए रोहित चौरसियाए सुरेन्द्र पालए धर्मराज विश्वकर्माए विजय पालए रविशंकर बिंदए नीरज गुप्ताए शिवम मोदनवालए विकास कुमार मौर्यए शिव भजन मौर्यए बसन्त लाल गुप्ताए नीरज पटेलए मनीष पटेलए रमाकांत विश्वकर्माए विजय शंकर प्रजापतिए रामदास बियारए राजकुमार विश्वकर्माए अलंकार जायसवालए लक्षनधारी यादवए गुलाब प्रजापतिए सुनीता बिन्द के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया ।

# इफ्को ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों को कराया भोजन




**प्रयागराज।** महिला चेतना क्लब इफ्को फूलपुर की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया ने शुक्रवार को वृद्ध आश्रम आधार शिला नैनी प्रयागराज में 21 पलंग एवं 21 गद्दे दान किए। इसके अतिरिक्त दाल भात परिवार संस्था के संस्थापक अतुल मिश्रा उर्फगुड्डू भईया के सानिध्य में संगम पर 500 ग़रीब एवं विकलांग लोगों को भोजन कराया गया। महिला चेतना क्लब हमेशा ही ग़रीब एवं अनाथ लोगो की मदद के लिए तत्पर रहता है। इस अवसर पर महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया ने कहा कि मानव सेवा ही जीवन का आधार होना चाहिए इससे व्यक्ति एवं समाज दोनों का उत्थान होता है। कार्यक्रम में उनके साथ रमा वैश सुनीता मिश्रा मीनू भंडारी अलका गुप्ता पूनम शर्मा अनामिका मिश्रा विभा एवं ममता राज सिंह भी मौजूद रहीं।

# तालाब में डूबकर दो वर्ष के मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम

सकलडीहाध्चन्दौली। ।बलारपुर गांव मे शनिवार की सुबह 8 बजे करीब तालाब में डूबकर दो वर्षीय मासूम की मौत होगयी। करीब डेढ़ घंटा बाद मासूम का शव तालाब में उतराता देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों को पुलिस को सूचना दिये बगैर शव को बलुआ घाट पर परवाह कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था। बलारपुर गांव के रामवृक्ष राजभर के दो पुत्र लालचंद और फूलचंद है। फूलचंद को दो पुत्री और एक पुत्र दो वर्षीय युवराज है। युवराज सुबह करीब 8 बजे घर के समीप तालाब के पास खेलते खेलते तालाब में फिसल कर डूब गया। करीब आधे घंटा बाद दिखायी नही देने पर परिजन परेशान होगये। डेढ़ घंटा तक गांव के आसपास लोग ढूढने के लिये निकल गये। इसी बीच तालाब में युवराज का शव उतराता देख ग्रामीण शोर मचाने लगे। आनन फानन में ग्रामीण तालाब में कूदकर युवराज के शव को बाहर निकाला। इसके बाद नजदीकी डाक्टर के पास ले गये। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। दादा रामवृक्ष दादी मराछी माता गुड़िया बहन संगमएप्रिया, आकांक्षा अनामिकाअंजलीएमीराएराखी बड़ी माता कुसुम व पिता फूलचंद और लालचंद का रोते रोते बुरा हाल था।

**सात बहनों के बीच एक ही था भाई:**दो वर्षीय युवराज अपने परिवार में सात बहनों के बीच एक भाई था। किसी को यह नही पता था कि परिवार पर दुरूखों का पहाड़ अचानक टूट पड़ेगा। पिता फूलचंद बंगलौर में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते है। बेटे की मौत की खबर सुनकर हैरान था। बेटे का अंतिम संस्कार भी नही कर पाया।

## ब्लाक अध्यक्ष बने अमरनाथ रायए महामंत्री नरेंद्र कुमार

**सकलडीहाध्चन्दौली** । कस्बा स्थित द्वारिकाधीश में शनिवार को परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन का ब्लॉक स्तरीय चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें कम्पोजिट विद्यालय उकनी पाल राय के कृषि शिक्षाअनुदेशक शिक्षक अमरनाथ राय को ब्लाक अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया है । वही पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंजबसनी में नियुक्त नरेंद्र कुमार को ब्लाक महामंत्री चुने गये। यह निर्णय सर्वसम्मति से शनिवार को सकलडीहा में आयोजित परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन की बैठक में लिया गया। जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में एक मात्र संगठन परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन अनुदेशको की लड़ाई को कार्यपालिका से लेकर न्यायपालिका तक लड़ रहा है। सरकार से हमारी मुख्य मांग यही है कि हमे नई शिक्षा नीति 2020 के तहत नियमित करे । क्योकि नई शिक्षा नीति में लिखा है कि हम अनुदेशक जो विषय पढा रहे है । वह अनिवार्य विषय है । हम 11 वर्षो से लगातार अपनी सेवाएं लगातार देते आ रहे । अनुदेशक शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नियुक्त है । हम अपनी इस लड़ाई को पूरी शालीनता से नियमित होने तक जारी रखेंगे । इस मौके पर श्रवण कुमार ए रामप्रताप यादवएधर्मेंद्र विश्वकर्मा एअश्वनी कुमारए बलिराम कुमारए शिवकुमार प्रजापतिए नरेंद्रए ब्लाक अध्यक्ष धानापुर नत्थू यादव एब्लाक महामंत्री सुजीत पाण्डेय व चंद्रप्रकाश मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक नीलम उदयभान करवरिया पंचतत्व में हुईं विलीन



## पति पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने दी मुखाग्नि भाजपाई शवयात्रा और अंत्येष्टि स्थल रसूलाबाद घाट पर भारी संख्या में हुए शामिल

प्रयागराज। यमुनापार मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया शनिवार को सायं रसूलाबाद घाट प्रयागराज में पंचतत्व में विलीन हो गईं। पति पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने मुखाग्नि दी। जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद कुमार प्रजापति और यमुनापार के बूथ से लेकर ज़िले तक के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सुबह कल्याणी देवी कोठी पर पहुंच कर अंतिम दर्शन करते हुए अपने चहेते नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शव यात्रा में शामिल होते हुए रसूलाबाद घाट प्रयागराज में पहुंचकर अंतिम विदाई में शामिल यमुनापार सहित सम्पूर्ण प्रयागराज का जनसैलाब विदाई देने में उमड़ पड़ा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि शव यात्रा में जेष्ठ कपिल मुनि करवरिया देवर सूरज भान करवरिया बेटा सक्षम करवरिया बेटी समृध्दि साक्षी भी साथ मौजूद रहे। यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती विधायक करछना पियूष रंजन निषाद विधायक कोरांव राजमणि कोल विधायक बारा डा वाचस्पति जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल त्रिवेणी प्रसाद पांडेय राजेश्वरी तिवारी जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड कमलेश त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी मनोज गुप्ता जगत नारायण शुक्ला प्रमोद बाबू झा अनिल चतुर्वेदी गिरीश कुमार चतुर्वेदी अशोक मिश्रा विकास चन्द्र शुक्ला गिरीश कुमार चतुर्वेदी आदि के साथ भारी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं का हुजूम मौजूद रहा।

# श्रमिकों के हित में कार्य करने के निर्देश दिए गए



**अंबेडकर नगर।** देव इन्द्रावती महाविद्यालय कटेहरीए मे निर्माण श्रमिकों की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार.प्रसारए श्रमिक जागरूकता एवं रोजगार मेले का आयोजन अनिल राजभर मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वयव विभागए उत्तर प्रदेशए की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मंत्री द्वारा उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार.प्रसार व हितलाभ वितरण कार्यक्रम में 51 निर्माण श्रमिकों को प्रमाण.पत्र वितरित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्षए त्रयंबक तिवारी ए अध्यक्ष जिला पंचायतए श्याम सुन्दर वर्मा ;साधू वर्माद्ध राणा रणविजय सिंहए जिला उपाध्यक्ष भाजपाए राम किशोरए अध्यक्षए किसान मोर्चाए भाजपाए व अन्य जनप्रतिनिधिगणए श्रीमती प्रतिभा तिवारीए उपश्रमायुक्त अयोध्या मण्डलए सहायक निदेशक ;सेवायोजनद्ध देवव्रत कुमारए सहायक श्रमायुक्तए अम्बेडकरनगर राजबहादुर यादवए सहायक श्रमायुक्तए अमेठीए गोविन्द यादवए कमेलश कुमार सिंहए व अन्य श्रम प्रवर्तन अधिकारीए तथा जनपद के लगभग 700 निर्माण श्रमिक उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम मंत्री एवं जिलाधिकारी के दिशानिर्देशन में राजबहादुर यादवए सहायक श्रमायुक्तए अम्बेडकरनगर द्वारा श्रमिकों के जागरूकता के भव्य कार्यक्रम का अयोजन कटेहरी जनपद अम्बेडकरनगर में किया गया। श्रमिकों की अधिकाधिक उपस्थिति वैभवपूर्ण एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम हेतु स्वयं मंत्री द्वारा उपश्रमायुक्त एवं सहायक श्रमायुक्त अम्बेडकरनगर की प्रशंसा करते हुए श्रमिकों के हित में कार्य करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये। अन्त में सहायक श्रमायुक्त अम्बेडकरनगर द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मंत्री की अनुमति से कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी।

# बीमारू से स्वस्थ प्रदेश बनने की राह पर यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पिछले साढ़े सात वर्ष में एमबीबीएस की सीटों में 108 तो पीजी में 181 प्रतिशत का हुआ इजाफा, मेडिकल कॉलेजों की संख्या में दोगुना हुई, इसी सत्र से 12 नए मेडिकल कॉलेज में शुरू हो जाएगी एमबीबीएस की पढ़ाई**



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज का संकल्प लिया। साढ़े सात वर्षों में निरंतर किए गए प्रयासों के चलते आज उनका संकल्प साकार होता दिखाई दे रहा है। जहां वर्ष 2017 के पहले प्रदेश के छात्रों को मेडिकल की डिग्री के लिए दूसरे राज्यों और विदेशों का रुख करना पड़ता था, वहीं आज उन्हे प्रदेश में ही मेडिकल की पढ़ाई करने की सुविधा मिल रही है। इससे न सिर्फ प्रदेश में पहले की अपेक्षा डॉक्टर्स की कमी दूर हुई है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में भी व्यापक सुधार हुआ है। सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों की तुलना में प्रदेश में मेडिकल कॉजेल की संख्या में दोगुने का इजाफा हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 78 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि वर्ष 2017 में इनकी संख्या महज 39 थी। इसी तरह प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों में एमबीबीएस की सीटों में 108 प्रतिशत और पीजी की सीटों में 181 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

मेडिकल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के संकल्प की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर मेडिकल कॉलेज की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2016-2017 में कुल 39 मेडिकल कॉलेज थे। इनमें 14 सरकारी और 25 प्राइवेट कॉलेज शामिल थे। वहीं योगी सरकार के अथक प्रयासों से पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या में दोगुने का इजाफा हआ है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 78 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इनमें 43 सरकारी और 35 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। इतना ही नहीं, प्रदेश में पिछले साढ़े सात वर्षों में एमबीबीएस की सीटों में 108 प्रतिशत और पीजी की सीटों में 181 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वर्ष 2016-2017 में प्रदेश में एमबीबीएस की कुल सीटें 5,390 थी। इनमें एमबीबीएस की 1,840 सीटें सरकारी और 3550 सीटें प्राइवेट थीं। वहीं आज वर्ष 2024-25 में कुल सीटें 11,200 हैं। इनमें एमबीबीएस की कुल 5150 सरकारी सीटें और 6050 प्राइवेट सीटें शामिल हैं। इसी तरह पीजी की सीटों की बात करें तो वर्ष 2016-17 में 1,344 सीटें थी। इनमें सरकारी 741 और प्राइवेट की 603 सीटें शामिल हैं। वहीं आज वर्ष 2024-25 में इनकी कुल संख्या 3,781 हैं। इनमें सरकारी 1,759 और प्राइवेट की 2022 सीटें शामिल हैं। डीजीएमई किंजल सिंह ने बताया कि वर्तमान सत्र 2024-25 में प्रदेश के 12 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय क्रमशः बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात और कौशांबी के कॉलेजों की 15 प्रतिशत सीटों को ऑल इंडिया कोटा के तहत काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है जबकि 85 प्रतिशत सीटों पर राज्य स्तरीय यूजी नीट प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से अधिकांश पर आवंटन किया जा चुका है। वहीं सोनभद्र के मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के समक्ष द्वितीय अपील योजित की गई। अमेठी में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा है। इसका निर्माण कार्य 34 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्ष 2025-26 में 100 सीटों की लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त करने के लिए एनएमसी, नई दिल्ली का पोर्टल खुलते ही आवेदन किया जाएगा। इसी तरह पीपीपी मोड के तहत मऊ में कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यहां पर एनएमसी के लेटर ऑफ परमिशन के लिए आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आवेदन किया जाएगा। इसके साथ ही पीपीपी मोड के वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) स्कीम के तहत बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

## टीबी मुक्त हुई 05 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को डीएम करेंगे सम्मानित

**मिर्जापुर।** बधाई होए जिले की 05 ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने से इन्हें टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा आगामी गांधी जयंती यदो अक्टूबर के मौके पर गांधी जी की कास्य रंग की प्रतिमा एवं प्रमाणपत्र जारी कर बाकायदा टीबी मुक्त होने की विधिवत घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी यक्षय रोग से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गयाए जिसके तहत इन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। सीएमओ डॉ सीएल वर्मा ने बताया कि पंचायतों की टीबी मुक्ति की घोषणा से पहले कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रति हजार आबादी पर 30 संम्भावित टीबी मरीजों की जांचए प्रति एक हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने परए कम से कम 60 फीसद मरीजों की ड्रग सेंस्टिवटी की जांच हो चुकी पिछले वर्ष पंजीकृत कुल टीबी मरीजों में से 85 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके होंए जैसे मानकों की जांच की गई।

# उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का समय से किया जाय निस्तारण

## उद्योग बन्धु व इन्वेस्टर समिट की सीडीओं ने की समीक्षा बैठक



**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में शनिवार को जिला स्तरीय उद्योग बन्धु व इन्वेस्टर समिट की बैठक की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले में उद्योग बन्धुओं से जुड़े मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये व व्यापारियों उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाये और उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाये जिससें अधिकाधिक रोजगार सृजित हों और उद्यमी भी सकून के साथ अपने उद्योग को संचालित कर आगे बढ़ें। बैठक में उन्होंने निवेश मित्र सिन्गल विंडो, श्रम विभाग से सम्बन्धित प्रकरण, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित प्रकरण, प्रदूषण नियंत्रण सम्बन्धी प्रकरण, विद्युत सुरक्षा, खाद सुरक्षा एवं दवा प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, उद्योग आधार मेमोरेण्डम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद आदि की समीक्षा की और सम्बन्धितों को निर्देश दिये। इस मौके पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि फ्लाईओवर से सड़क पर पानी गिरने रेणुकूट-शक्तिनगर पर वाहनों का जाम लगना, सिटी हास्पिटल का निर्माण कराने व जिला अस्पताल से मरीजों को अन्यत्र स्थान पर रेफर करने का कारण, तेज आवाज में सांग बनाने आदि बिन्दुओं को उठाया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल से मरीजों को रेफर किन कारणों से किया जाता है, के सम्बन्ध में पत्राचार किया जाये जिससे मरीजों के परिजनों को स्थिति भी स्पष्ट हो सके, और तेज आवाज में गाना न बजने पाये, इस पर भी नियंत्रण रखने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि उद्योग बन्धुओं का वाट्सअप ग्रुप बनाया जाये और विभागीय योजनाओं की जानकारी भी शेयर किया जाये। मुख्य विकस अधिकारी ने इन्वेस्टर समिट की समीक्षा की, इस दौरान ग्राउण्ड वाटर व वीयर फैक्ट्री लोहरा का प्रकरण प्राप्त हुआ, जिस पर उन्होंने उपायुक्त रोजगार प्रोत्साहन को निर्देशित किया कि अलग से तिथि निर्धारित कर ग्राउण्ड वाटर व वीयर फैक्ट्री लोहरा का प्रकरण के सम्बन्ध में बैठक की जाये। बैठक में उपायुक्त रोजगार प्रोत्साहन राजधारी प्रसाद गौतम सी0ओ0 सदर संजीव कटियार अध्यक्ष व्यापार मण्डल राजेश गुप्ता कौशल शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# आरक्षण विरोधी कांग्रेसियों के खिलाफ खड़ी है भाजपा-अजीत



**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर शनिवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत नें वार्ता के दौरान कांग्रेस कें आरक्षण, संविधान व डॉक्टर अंबेडकर विरोधी अभियान को लेकर विरोध जताया। सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहाकि राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान कहा कि वह आरक्षण हटा देंगे यह वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने में रटता आ रहा है कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को लागू करने की राजनीति इच्छा शक्ति नहीं दिखाई, नेहरू की सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया नेहरू ने 1961 में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से क्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है डॉक्टर अंबेडकर के सामाजिक व राजनीतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र किया,1952 में लोकसभा चुनाव और 1954 में लोकसभा उपचुनाव में डॉक्टर अंबेडकर को हराने का पाप किया गया धारा 370 और 35 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय व सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। अध्यक्षता कर रहे अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सरजू बैसवार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश यात्रा के दौरान संविधान आरक्षण हटाने की बात करते हुए विरोधी भाषी लोगों के बीच संदेश देने कें काम का विरोध करते हुए आक्रोश जताया। इस मौके पर पन्नालाल पासवान दीपचंद महतो नीरज कनौजिया रूपेश राम भरोसे मुसहर आदि लोग मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में गंदगी देख भडके डीएम ने लगाई सीएमएस को फटकार

**चित्रकूट।** स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारने को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने संयुक्त जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान डीएम ने अस्पताल की अव्यवस्थाओं व परिसर में फैली गंदगी पर गहरी नाराजगी जताई। सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव को तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिये।शनिवार को डीएम ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। डॉक्टरों की उपस्थिति पंजिका, इमरजेंसी वार्ड, महिला-पुरुष वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, एक्स-रे रूम, सिटी स्कैन, और दवा वितरण कक्ष देखा। निरीक्षण दौरान नवनिर्मित 32 बेड की हाई डिपेंडेंसी यूनिट की बिल्डिंग में छत से पानी टपकने की शिकायत सामने आई। इस पर डीएम ने कार्यदायी संस्था के खिलाफसख्त कार्रवाई के आदेश दिये। इसके अलावा अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी में ताला बंद मिलने पर असंतोष जाहिर किया। संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के औचक निरीक्षण बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर,सीएमएस डा0वंदना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## युवाओं को कुशल भविष्य के साथ सशक्त बनाने की पहल

**वाराणसी।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने दुनिया के सबसे बड़े एचआर संगठन की भारतीय शाखा एसएचआरएम इंडिया के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी आज की तेज़ी से बदलती दुनिया में युवाओं को ज़रूरी कौशल प्रदान कर और रोज़गार योग्य बनाकर भविष्य के तैयार करेगी। इसके तहत एक पहल एचआर लीडरशिप काउन्सिल कनेक्ट का लॉन्च भी किया गयाए जो भारत में कौशल विकास की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी पर विचार व्यक्त करते हुए करते हुए वेद मणि तिवारीए सीईओए एनएसडीसी तथा मैनेजिंग डायरेक्टरए एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहाए ष्एनएसडीसी और एसएचआरएम दोनों प्रयोजन को महत्व देने वाले संगठन हैए उनके बीच इस साझेदारी का उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को बेहतर कौशल प्रदान करना है।

## दाखिल किया यूडीआरएचपी

**कानपुर।**स्विगी लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए सेबी के पास यूडीआरएचपी.प् दाखिल किया है। स्विगी लिमिटेड नए जमाने कीए कंज़्यूमर.फ़र्स्ट टेक्नोलोजी कंपनी है जो उपयोगकर्ताओं को एक एकीकृत ऐप के माध्यम से उपयोग में आसान सुविधा प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करती है। इस प्लेटफ़ॉर्म के जरिये भोजन ;ष्फ़ूड डिलीवरीष्द्धए किराना और घरेलू सामान ;ष्इंस्टामार्टष्द्ध को ब्राउज़ करनेए चुननेए ऑर्डर करने और भुगतान करने की सुविधा मिलती है। कंपनी अपने ऑन.डिमांड डिलीवरी पार्टनर नेटवर्क के माध्यम से लोगों के ऑर्डर को उनके दरवाज़े तक पहुँचाती है।

## प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर बने महिलाएं-राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला

**चित्रकूट।** इंडियन बैंक द्वारा संचालित आरसेटी, चित्रकूट में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट एवं महिला सिलाई प्रशिक्षण का समापन उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया। इसके साथ आरसेटी से पूर्व में ट्रेनिंग ले चुके 5 सफल उद्यमियों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह का शुभारम्भ राज्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री द्वारा महिला प्रशिक्षनार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा की आपको ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र लेकर घर नहीं बैठना है बल्कि प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर का पूर्ण सदुपयोग करते हुए अपना व्यवसाय स्थापित कर अपने पैरों में खड़ा होना है। वहीं बाँदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद आर0के0 सिंह पटेल ने अपने सम्बोधन में प्रशिक्षनार्थियों को स्वरोजगार के माध्यम से सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करते हुए आरसेटी द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। उक्त प्रमाण पत्र वितरण के साथ-साथ इंडियन बैंक द्वारा चार करोड़ के ऋण स्वीकृत पत्र भी वितरित किये गए।जिसमे 15 महिला समूहों को 50 लाख का ऋण स्वीकृत भी सम्मिलित रहा। अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा एवं निदेशक आरसेटी ओम प्रकाश कुरील द्वारा मंत्री का स्वागत किया गया। कार्यकृम का समापन सलाहकार समिति के सदस्य बृजेश त्रिपाठी सभी आगंतुको का धन्यवाद् ज्ञापित कर किया। इस मौके पर बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद आर0के0 सिंह पटेल, कानपुर के पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी, भाजपा जिलाध्यक्ष (चित्रकूट) लवकुश चतुर्वेदी, डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका कर्वी के चेयरम

## सभी ग्राम पंचायत में हो रहा है आरआरसी का निर्माण-नमिता



**सोनभद्र।** शनिवार को जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण ने विकास खण्ड दुद्धी के ग्राम डाल पीपर में आरआरसी का शिलान्यास तथा लाभार्थियों को शौचालय निर्माण का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बाघडू में निर्मित आरआरसी का लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता जिला पंचायत अधिकारी नमिता शरण व खण्ड विकास अधिकारी दुद्धी राम विशाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीपीआरओ नमिता शरण नें बताया कि सभी ग्राम पंचायत में आरआरसी का निर्माण हो रहा है जिसमें गांव के कूड़े को कलेक्शन कर वहां पर छटनी का कार्य किया जाना है। उक्त के उपरांत कूड़े से खाद बनाए जाना तथा कूड़े को रिसाइकल करने हेतु विभिन्न स्थानों पर भेजा जाना है। ग्राम पंचायत में कूड़े के कलेक्शन हेतु ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है जो प्रत्येक दिन सुबह निश्चित रूप चार्ट के अनुसार जाएगा एवं घर-घर से कूड़ा इकट्ठा करेगा। जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी गांव में शहरों की तरह कूड़ा उठाने और साफ सफाई की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही 20 लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया इन लाभार्थियों के खाते में शौचालय निर्माण हेतु प्रथम किस्त की धनराशि 6000 रुपयें प्राप्त हो गई। लाभार्थियों को बताया गया कि शौचालय निर्माण की धनराशि प्राप्त हो गई है आप अपने शौचालय का निर्माण पूर्ण कर लें। स्वीकृति पत्र में शौचालय का नक्शा भी बना है शौचालय का निर्माण इस नक्शे के अनुसार कराया जाना है क्योंकि गांव में दो गड्ढे का शौचालय निर्मित होना है। शौचालय का एक गड्ढा भरने के उपरांत दूसरे गड्ढे का प्रयोग होता है तथा दूसरा गड्ढा भरने तक पहले गड्ढा का मल डी कंपोस्ट होकर गड्ढा प्रयोग योग्य बन जाता है। स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत जनपद में स्वच्छता जागरूक को लेकर विभिन्न कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक आयोजन होगें। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान डाला पीपर जगपतिया ग्राम प्रधान बधाडू अब्दुल्ला सचिव घनश्याम अरुण वर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव डीसी अनिल केशरी खण्ड विकास अधिकारी राम विलास के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनमानस को यातायात नियमों के प्रति किया जाये जागरूक- जागृति

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की, इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों का पालन कराने के साथ ही जिले में अभियान चलाकर आम जनमानस को यातायात नियमों की के प्रति जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि दो चक्का वाहनों का संचालन हेलमेट के साथ व चार चक्के वाहनों का परिवहन शीटबेल्ट के साथ कराया जाये, ड्राइविंग लाईसेंस चेकिंग, यातायात दुर्घटना बचाव जागरूकता, हेलमेट की अनिवार्यता, दुर्घटना बहुल्य क्षेत्रों में रोड संकेतकों की स्थापना, गड्ढामुक्त सड़क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और सड़क सुरक्षा सम्बन्धी बैनर, पोस्टर, होर्डिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ए0आर0टी0ओ0 व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर विद्यालयों की बसों की जॉच कर ली जाये कि बसों में सभी टूल किट, प्राथमिक उपचार उपकरण व सामग्री उपलब्ध है कि नहीं तथा वाहन चालक के वैध लाईसेंस की जॉच भी कर ली जाये। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी आम जनमानस दी जाये, जिससे नियमों की सही जानकारी होने पर लोग उसका पालन आसानी से कर सके और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक कर सके। उन्होंने कहा कि वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर बने ओवर ब्रिज पर रिपीटेड बार, साइन बोर्ड लगाया जाये, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में दुर्घटना को कम करने सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्था की जाये, स्कूल वाहनों के स्वस्थ्यता प्रमाण पत्र व स्कूल वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन भी कराया जाये। उन्होंने कहा कि जागरूकता लाने हेतु स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाये। बैठक में ए0आर0टी0ओ0 राजेश्वर यादव सी0ओ0 सदर संजीव कुमार कटियार अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 सड़क सुरक्षा से जुड़े सम्बन्धित विभागों के अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

# बढ़ती जा रही है रालोद की लोकप्रियताः अनुपम

## सदस्यता व संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 328 लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की





**लखनऊ।** शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल के लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में सदस्यता एवं संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 328 लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन एवं वरिष्ठ नेता त्रिलोक त्यागी की उपस्थिति में एवं पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुरुषों व महिलाओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने सर्वप्रथम किसान मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह को भी याद किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में उद्योगपति, व्यापारी वर्ग के लोग तथा विभिन्न समाजसेवी शामिल हैं। सदस्यता ग्रहण करने वाले नवागंतुक सदस्यों में उद्योगपति शरद वार्ष्णेय, नगर के बड़े व्यापारियों में शामिल विजय श्रीवास्तव, श्रीष चंद्र श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री प्रीती कश्यप व अन्य बहुत से लोग शामिल हैं। नवागंतुक सदस्यों ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी एवं इस कार्यक्रम के सूत्रधार राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों को हरी पगड़ी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया व प्रतीक चिन्ह भी भेंट किये।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव श्री त्यागी ने सभी नवागंतुक सदस्यों का स्वागत किया एवं साथ मिलकर काम करने की बात कही। श्री त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की बढ़ती लोकप्रियता एवं देश तथा प्रदेश में रालोद के निरंतर मजबूत होते पदचिन्हों का ही यह परिणाम है कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पार्टी में आ रहे हैं।

इस अवसर पर पार्टी के तेज तर्रार एवं जुझारू नेता व राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि पार्टी को देश व प्रदेश में मजबूत करने का प्रयास निर्बाध रूप से जारी रहेगा व जल्द ही देश के अन्य राज्यों में भी राष्ट्रीय लोकदल की सशक्त मौजूदगी दिखाई देगी। निरंतर सामाजिक कार्यों में संलग्न पार्टी के नवागंतुक सदस्यों में से मुख्यत: श्रीष चंद्र श्रीवास्तव ने पूरी ताकत लगाकर पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नगर के बड़े व्यापारी एवं पूर्व में समाजवादी पार्टी के सदस्य रहे विजय श्रीवास्तव ने पूरे उत्साह के साथ पार्टी के प्रति समर्पित होकर काम करने की बात कही। उद्योगपति शरद वार्ष्णेय ने पार्टी को आगे बढ़ाने में अपना हरसंभव योगदान देने का संकल्प दोहराया।

नवागंतुक सदस्यों ने राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की सराहना करते हुए उन्हें अपना प्रेरणास्रोत बताया तथा उनके नेतृत्व में पार्टी के प्रति हर संभव योगदान देने का संकल्प दोहराया।

राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पार्टी में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हम जनता के निकट जाकर संवाद के माध्यम से जनमानस को पार्टी की जनहितैषी नीतियों तथा किसानों के हितों के प्रति समर्पण भाव के बारे में जानकारी देकर पार्टी का जनाधार बढ़ाएंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया आने वाले समय में इसी तरह पार्टी में शामिल होने वाले लोगों की संख्या में बढ़ेगी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व रालोग का रथ निरंतर आगे बढ़ेगा।

# नोएडा की सुधरेगी कनेक्टिविटी

## 'कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान' होगा तैयार- नवीन ओखला विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है परियोजना पर काम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ नोएडा

**उत्तर प्रदेश** को उत्तम प्रदेश बनाने के प्रतिबद्ध योगी सरकार नोएडा समेत एनसीआर के समीप पड़ने वाले क्षेत्रों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान तैयार कराने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार नवीन ओखला विकास प्राधिकरण द्वारा परियोजना पर काम किया जा रहा है। परियोजना के अनुसार, प्लान तैयार होने के बाद नोएडा, यीडा व ग्रेटर नोएडा के अतिरिक्त गाजियाबाद, दादरी, बुलंदशहर और हापुड़ को भी बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। वहीं, दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम व हरियाणा के उत्तर प्रदेश से लगते इलाकों में व्यापक कनेक्टिविटी का मार्ग भी इस 'कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान व स्ट्रैटेजी' के निर्माण से प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत सभी अर्बन रीजन में आमजन के ट्रांसपोर्टेशन मीडियम के साथ फ्रेट व लॉजिस्टिक्ट्स मूलमेंट समेत जेवर एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी जैसे विषयों को लेकर भी कॉम्प्रिहेंसिव प्लान तैयार किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन (एईएल) से नॉलेज पार्क-(ग्रेटर नोएडा) तक मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएमआरसी द्वारा) तैयार की जाएगी। इसके साथ ही, नॉलेज पार्क-द्वद्व (ग्रेटर नोएडा) से नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक मेट्रो कॉरिडोर के लिए डीपीआर (डीएमआरसी द्वारा) तैयार की जाएगी। वहीं, हाईस्पीड रेल लिंक (एनएचएसआरसीएल) के विकास और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल पर इसके स्टॉप के लिए अध्ययन की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, निर्माणाधीन फिल्म सिटी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच पर्सनल रैपिड ट्रांजिट के लिए अध्ययन की प्रक्रिया को भी परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (यीडा में इंटरचेंज) का विकास, एनएच-91 (एनएचएआई द्वारा) का प्रस्तावित विकास तथा खुर्जा और जेवर के बीच लिंक रोड के निर्माण का खाका भी नोएडा प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही 'कॉम्प्रिहेंसिव रीजनल ट्रांसपोर्ट प्लान' तैयार होगा। वहीं, क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस), लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी), ऑर्बिटल रेल परियोजना, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), और क्षेत्र के भीतर विभिन्न लॉजिस्टिक्स परियोजनाओं को गति देने की प्रक्रिया का भी निर्धारण होगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए प्राधिकरण द्वारा सलाहकारों की टीम का चयन किया जाएगा। इस कॉम्प्रिहेंसिव प्लान को भारत सरकार की आवास व शहरी मंत्रालय क गाइडलाइंस के अनुरूप तैयार किया जाएगा। सभी अर्बन क्षेत्रों में स्मार्ट ट्रैफिक सॉल्यूशन उपलब्ध कराने, इन क्षेत्रों के इकॉनमिक डेवलपमेंट व निवेश के अवसर तलाशने और अगले पचास वर्षों की भविष्यगामी जरूरतों को देखते हुए परिवहन सेवाओं के विकास को लेकर स्ट्रैटेजी तैयार की जाएगी।

# अमेरिका में अत्यधिक लोकप्रिय हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: राकेश सिंह

संवाददाता। अमेठी



**गौरीगंज** से विधायक राकेश प्रताप सिंह आज अपनी अमेरिका यात्रा से वापस आने पर गौरीगंज विधायक का उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख , क्षेत्र पंचायत सदस्यो, ग्राम प्रधानों व क्षेत्रीय लोग स्वागत में शामिल रहे।

राकेश प्रताप सिंह ने मीडिया से अमेरिकी यात्रा के संबंध चर्चा करते हुए कहा कि इस यात्रा का सबसे अहम हिस्सा वहाँ मिले आप अप्रवासी साथियों का साथ, सानिध्य, प्रेम और आत्मीयता रही, जिसकी तमाम जीवंत यादें लेकर अब हम सकुशल अमेठी पहुंच चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि यह यात्रा अपने आपमें सबसे अनोखी और स्वर्णिम यात्रा थी। हम आभारी हैं अपने भारतीय अप्रवासी साथियों का जिनका इतना अथाह प्यार-आत्मीयता और स्नेह मिला। विधायक ने बताया कि अप्रवासी भारतीय साथियों से मिले, और उनका अपनत्व हमें प्राप्त हुआ उन सभी का मैं अपने हृदयतल से कोटि-कोटि धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं।

राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस यात्रा के दौरान हमनें अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यूयार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्वपटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव से परिचित होने का अवसर मिला, प्रवासी भारतीयों के साथ -साथ अमेरिका के मूल निवासियों में भी हमारे प्रधानमंत्री को देखने और सुनने की अतिउत्साहित आतुरता मिली, निश्चित रूप से अपने देश भारत के प्रति यह आत्मीय प्रेम देखकर मन बहुत ही प्रसन्न हुआ था आज मोदी जी के नेतृत्व में हमारा भारत किस समृद्धि और शक्ति के रूप में उभर रहा है।

# जूनियर हाई स्कूल लालगंज में हुई विज्ञान क्विज प्रतियोगिता



**लालगंज, रायबरेली।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कंपोजिट विद्यालय में अध्यनरत 6,7,8 के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर हाई स्कूल लालगंज में किया गया इस प्रतियोगिता में पूरे ब्लॉक के 27 विद्यालयों के 81 बच्चों ने प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता में 25 प्रश्नों का उत्तर 40 मिनट में बच्चों को देना था।

प्रतियोगिता में चयनित प्रथम पांच स्थान के बच्चों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा स राधिका यूपीएस बहरामपुर ,कंचन यूपीएस सेमरपहा, शिवम चौरसिया यूपीएस कन्या बेहटा,अर्पित यादव यूपीएस अनापुर, रोहन यूपीएस लालगंज, का चयन जिला प्रतियोगिता के लिए किया गयास ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पांच स्थानों पर चयनित बच्चों के विद्यालयों के एस. एम. सी खातो में 3000-3000 रुपये की धनराशि विभाग द्वारा प्रेषित की जाएगी स जिससे बच्चे विज्ञान मॉडल बनाएंगे प्रथम 05 स्थान पर चयनित बच्चों को विज्ञान से संबंधित पुस्तक व प्रतीक चिन्ह राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज द्वारा प्रदान किया गया।

# गिरे हुए कच्चे मकानों का आंकलन कर दिया जायेगा मुआवजा: जिलाधिकारी

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेंद्र सिंह तंवर ने भारी बारिश को देखते हुए जनपद के तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदारों सहित क्षेत्रीय राजस्व कर्मचारी एवं लेखपालों को निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी, कर्मचारीगण अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए किसी भी प्रकार के आपदा से बचाव एवं क्षति की दशा में मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें। जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के तीनों सर्किल एरिया के उप जिलाधिकारी द्वारा अपने अपने तहसील क्षेत्रों में नज़र रखी जा रही है।

कहीं से कोई भी जनहानि, पशुहानि की सूचना नहीं है। कुछ कच्चे मकान, रिहायशी झोपड़ी गिरी है जिसकी सूचना पर राजस्व कर्मी द्वारा अकालन किया गया है। शीघ्र मुआवजा दिया जायेगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि गत 48 घण्टों से रूक-रूक कर हो रही बारिश/अतिवृष्टि से कोई जन/पशु हानि नहीं हुई है। तहसील क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित ग्रामों में तीन आवासीय घरों को अतिवृष्टि के कारण आंशिक क्षति हुई है, जिसके सापेक्ष अनुमन्य सहायता प्रदान किये जाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

तहसील मेहदावल से प्राप्त सूचना के अनुसार मोहम्मद इस्माइल ग्राम कुसुरुखुर्द, मनोज छपिया पराग, इब्राहिम अली हुसैन अब्दुल हफीज ग्राम कम्हरिया, राजेश ग्राम सांथा, राजपति ग्राम मीरपुर के मकान की छत एतवृष्टि के कारण क्षति होने की सूचना तहसील आपदा कार्यालय में प्राप्त हुई है जिसके नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई की जा रही है, यथाशीघ्र नियमानुसार देय सहायता राशि का भुगतान संबंधित के बैंक खाते में कर दिया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन पुलिस बैरक का किया निरीक्षण




**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। थाना कोतवाली खलीलाबाद पर निर्माणाधीन बहुमंजिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया गया एवं पायी गयी कमियों को तत्काल सही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में एएसपी सुशील कुमार सिंह बेलहर व मेंहदावल थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में जनसमस्या सुनी।

# उद्यमियों की समस्याओं का समय से करें निस्तारण: मण्डलायुक्त

संवाददाता। गोंडा




**उद्यमियों** की समस्याओं को दूर करके देवीपाटन मण्डल में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई। जिसमें आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति को परखा तथा उद्यमियों की समस्याओं को सुना। आयुक्त ने संयुक्त आयुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि सभी उद्यमियों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उद्यमियों को आसानी से दिया जाए। योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करा कर उद्यमियों को लाभ दिलाया जाए।

बैठक में लघु उद्योग भारती के जिला महामंत्री शिव कुमार सोनी द्वारा बैंकों में उद्यमियों की फाइलों को लटका कर रखे जाने की शिकायत की गई, जिस पर आयुक्त ने सभी एलडीएम को निर्देश दिए कि उद्यमियों से संबंधित फाइलों को बेवजह लटका कर ना रखा जाए। जो अभिलेख जरूरी हो उस बारें में उद्यमियों को एक बार में ही बता दिया जाए ताकि उसे बार-बार बैंक के चक्कर में न लगाने पड़े। जिला महामंत्री ने आयुक्त के समक्ष कहा कि बैंकों में उद्यमियों के जाने पर बैंक कर्मियों द्वारा उचित जवाब नहीं दिया जाता है अत: उद्यमियों के लिए हेल्प डेस्क बना दी जाए जिससे कि उद्यमी बैंक में अपना काम आसानी से करा सके।

इस पर मंडलायुक्त ने एलडीएम को निर्देश दिए कि वह इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करते हुए उद्यमियों हेतु हेल्प डेस्क की व्यवस्था बनाएं ताकि उद्यमियों की समस्याओं को विशेष तौर पर सुना जाए जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उद्यमियों को आसानी से प्राप्त हो सकें।

साथ इन्होंने कहा कि बैंक के सभी कर्मचारी उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा उनकी समस्याओं का उचित निस्तारण करायें। इसके अलावा बैठक में शहर में अवैध पार्किंग की समस्या व ढीले बिजली तारों को लेकर समस्या उठाई गई। इस पर आयुक्त ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि बिजली के तारों को टाइट करें व पार्किंग की समस्या को लेकर नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर में अवैध पार्किंग पर रोक लगाई जाए।

बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन अपर आयुक्त राम प्रकाश व अन्य संबंधित आधिकारीगण उपस्थित रहे। आयुक्त ने उपायुक्त उद्योग व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए।

अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर उसकी शिकायत का समुचित निस्तारण कराया जाए। शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। शिकायतों का निस्तारण न होने पर प्रतिकूल कार्यवाही की जाएगी। बैठक में आयुक्त द्वारा उद्यमियों के लिए संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा भी की गई। जिसमे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, ग्लोबल इन्वेस्टर समिति में हुए एमओयू की समीक्षा हुई।

# एनटीपीसी ऊंचाहार की ओर से आसपास के 60 ग्रामीण बच्चों को मिले रोजगार के अवसर



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी ऊंचाहार ने एनटीपीसी ने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सीपेट (सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ) के सौजन्य से संपूर्ण हुए कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद समापन समारोह के अवसर पर परियोजना के आसपास की 15 ग्राम सभाओं के 60 युवाओं को जॉब लेटर देकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को कोर्स कम्पलीशन सर्टिफिक्रेट भी दिए गए।इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि नैगम सामाजिक दायित्व के तहत प्रशिक्षण पाए हुए ये युवा केवल अपने माता-पिता व गांव ही नहीं बल्कि एनटीपीसी का नाम भी रोशन करेंगे।

हमें प्रसन्नता है कि हमने इन युवाओं को जो अवसर दिया था, उसका इन्होंने भरपूर लाभ लेते हुए प्रशिक्षण पूरा किया और प्रशिक्षण के समापन पर एक अच्छी नौकरी अपने हुनर के बल पर प्राप्त की।

मानव संसाधन विभागाध्यक्ष श्रीमती रूमा दे शर्मा ने प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कहा कि इन ग्रामीण युवाओं ने कौशल सीखकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक मजबूत कदम आगे बढाया है। आज केवल यह 60 बच्चे रोजगार नहीं पा रहे हैं बल्कि 60 परिवार रोजगार के इन अवसरों को पाकर अपने जीवनस्तर को सुधारने की ओर अग्रसर हैं। हमें प्रसन्नता है कि हमने एनटीपीसी ऊंचाहार के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत इन युवाओं को अवसर दिए और उन अवसरों का भरपूर लाभ लेते हुए आज यह बच्चे अपने पैरों पर खडे हो रहे हैं।

समापन समारोह का संचालन नैगम सामाजिक दायित्व की प्रबंधक श्रीमती स्नेहा त्रिपाठी ने किया। साथ ही उन्होंने 6 महीने तक चले इस आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में भी उपस्थितजनों को अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर जब हासिल करने वाली ऊंचाहार देहात गांव की युवा काजल विश्वकर्मा ने बताया कि ष्मैं यह प्रशिक्षण पाकर बहुत खुश हूं। एनटीपीसी ने मुझे रोजगार का यह अवसर प्रदान कर मुझमें जीवन में सफ्लता हासिल करने का आत्मविश्वास पैदा किया है।

मुझे पूरा विश्वास है कि एनटीपीसी के माध्यम से मिले इस अवसर का लाभ मुझे जीवन भर रोजगार दिलाने में मददगार साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी ऊंचाहार की ओर से आसपास की 15 ग्राम सभाओं के 60 युवाओं को अप्रैल 2024 में 6 महीने के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु सीपेट लखनऊ भेजा गया था।

# हत्यारोपी पति की निशानदेही पर पुलिस ने एक्सप्रेस वे से बरामद किया शव

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली



**मामूली** कहासुनी के बीच पति ने अपनी पत्नी का गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी पति को 14 दिनो बाद गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर शव को बरामद कर पीएम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पूरे मेहरबान सिंह मजरे जमुवांवा गांव निवासी देवीप्रसाद ने दो सप्ताह पूर्व पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री के गायब होने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि रामपुर मजरे ऐहार गांव निवासी उनके दामाद ऊदल ने ही उनकी पुत्री की हत्या कर शव को गायब कर दिया है।

पुलिस ने जब गुमशुदगी दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू की तो उसका पति भागकर मुम्बई चला गया। पुलिस ने उसके मुम्बई स्थित ठिकाने पर दबिश दी तो वह गांव भागने लगा। इसी बीच पुलिस ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब ऊदल से कडाई से पूछतांछ की तो उसने सारे राज खोल दिये। पुलिस के अनुसार ऊदल ने गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया था। एक सप्ताह बाद उसे शव उतराने की आशंका हुई जिसके बाद उसने शव को तालाब से बाहर निकालकर ऐहार गांव स्थित निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के ओवरब्रिज के पास दफ्न कर दिया।

पुलिस ने आरोपी पति की निशानदेही पर शव को भी बरामद कर लिया है। क्षेत्राधिकारी एके सिंह ने बताया कि बीती 14 सितम्बर को ऊदल ने अपनी पत्नी पिंकी की हत्या कर दी थी। परिजनो की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन करते हुए मामले का खुलासा कर मृतका के शव को बरामद कर लिया है। आरोपी पति ऊदल को जेल भेज दिया गया है। पत्नी की हत्या के बाद पति ऊदल ने उसके मायके फोन कर परिजनो को सूचना दी कि वह किसी के साथ चली गई है। जिसके बाद परिजनो ने खोजबीन शुरू की तो फिर कहने लगा कि परेशान न हो पिंकी तीन-चार दिन में वापस आ जायेगी।

# प्रतियोगिता के लिये पांच मेधावी छात्रों का चयन

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल कंपोजिट विद्यालय में अध्ययनरत जूनियर के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर हाई स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे ब्लॉक के 27 विद्यालयों के 81 बच्चों ने प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता में 25 प्रश्नों का उत्तर 40 मिनट में बच्चों को देना था। प्रतियोगिता में चयनित प्रथम पांच स्थान के बच्चों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। राधिका यूपीएस बहरामपुर, कंचन यूपीएस सेमरपहा, शिवम चौरसिया यूपीएस कन्या बेहटा, अर्पित यादव यूपीएस आनापुर, रोहन यूपीएस लालगंज का चयन जिला प्रतियोगिता के लिए किया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पांच स्थानों पर चयनित बच्चों के विद्यालयों के एस.एम.सी खातो में 3000-3000 रुपये की धनराशि विभाग द्वारा प्रेषित की जाएगी।

# शरीर को स्वस्थ बनाए रखने हेतु स्वस्थ वातावरण आवश्यक: डॉ. रेखा शर्मा



**गोंडा।** नगर पालिका परिषद के स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ. रेखा शर्मा ने रोजवुड इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया जीवन में स्वच्छता का महत्व बहुत व्यापक है। स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ वातावरण का होना आवश्यक है। डॉ. शर्मा ने आगे कहा कि कूड़े में बहुत से रोगाणु जीवाणु होते हैं, जो हवा के माध्यम से घर में प्रवेश कर जाते हैं। जीवाणुओं के छोटे-छोटे स्पोर्स 10 माइक्रोन से छोटे होते हैं, जो सीधे हमारे फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और विभिन्न प्रकार की श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनते हैं। इसलिए हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना होगा। रोजवुड इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ने अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं शिक्षक बृजेश प्रताप पांडे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 23 अक्टूबर तक सेवानिवृत्त कर्मचारी करें आवेदन

**गोंडा।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आरसी भारतीय ने बताया कि मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण गोंडा में संविदा पर कनिष्ठ सहायक, सहायक लेखाकार एवं आशुलिपिक के एक-एक पद पर सेवानिवृत कर्मियों की नियुक्ति की जानी है। अत: इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी जो वांछित अहर्ता पूरी करते हो वो 23 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक अपना आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। आवेदन का प्रारूप जिला न्यायालय गोण्डा की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण गोंडा के कार्यालय में स्वीकार होंगे।

# चालान निरस्त कर कमाई करने वाले खनिज कार्यालय के इंस्पेक्टर व लिपिक निलंबित

संवाददाता। उरई, जालौन

**जनपद** के खनिज कार्यालय में लंबे समय से पदस्थ खनिज इंस्पेक्टर व लिपिक की जुगलजोड़ी को मालामाल बनने के लालच में इस कदर अंधे हुये तो कि उन्हें मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति की ही धज्जियां उड़ाकर ओवरलोड वाहनों के चालान निरस्त करने का फंडा दलालों की जुगलजोड़ी से सांठगांठ कर अंजाम देकर मोटी रकमों की कमाई करने में जुट गये। जब उक्त मामले की लिखित शिकायत कुछ ट्रांसपोर्टरों ने जिलाधिकारी की तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेकर समूचे प्रकरण की जांच करायी जिसमें खनिज कार्यालय के इंस्पेक्टर व लिपिक दोषी पाये गये थे।

इसके बाद में जिलाधिकारी ने उक्त जांच आख्या खनिज निदेश के पास भेज दी थी। उसी प्रकरण में खनिज निदेशक ने भ्रष्टाचार के मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी दोनों कार्मिकों को सस्पेंड कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के खनिज कार्यालय में खनिज इंस्पेक्टर आनंद कुमार व लिपिक अंजनी काफी समय से विभाग में अपनी सेवायें दे रहे थे। इस दौरान विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में अनेकों वाहनों का ओवरलोड व बगैर प्रपत्र मौरम ले जाते पकड़े जाने पर चालान किया जाता था।

ऐसे पकड़े गये वाहनों की तादाद बहुत रहती थी। इसको देखते हुये खनिज इंस्पेक्टर आनंन कुमार व लिपिक अंजनी ने दलाल मंडली से मिलकर ऐसा षड़यंत्र रचा जिससे जिन वाहनों का चालान होता था उनसे मोटा मुनाफा तय होने के बाद वह वाहनों का चालान निरस्त दर्शाकर उन्हें छोड़ देते थे।

चूंकि इस तरह की भ्रष्ट गतिविधियों में विभाग के इंस्पेक्टर व लिपिक निरंतर संलिप्त रहकर शासन को राजस्व का अच्छा खासा नुकसान पहुंचाकर अपने घर की तिजोरियों को भरने के मिशन में जुटे हुये थे इसकी किसी को कानोंकान भनक तक नहीं रहती थी। उसी दौरान कुछ ट्रांसपोर्टरों ने जिलाधिकारी जालौन से भेंट कर उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुये शिकायती पत्र सौंपा था जिसे डीएम ने गंभीरता से लेकर खनिज विभाग के इंस्पेक्टर व लिपिक द्वारा खेले जा रहे भ्रष्ट खेल की जांच के लिये टीम का गठन किया था। इस बात की जानकारी उक्त दोनों कार्मिकों को नहीं मिल पायी और वह अपने मिशन में जुटे रहे।

डीएम द्वारा गठित जांच टीम ने जिन वाहनों के चालान किये गये थे उनकी गहराई से जांच की तो जांच टीम भी हक्के बक्के रह गयी। जांच में दलाल मंडली के चक्रव्यूह में फंसे इंस्पेक्टर आनंन बाबू व लिपिक अंजनी जिनकी राशि भी एक ही है उनके द्वारा जिन वाहनों के चालान कथित तरीके से निरस्त कर छोड़े गये थे वह पकड़ में आ गया।

# एसडीएम व सीओ ने किया कान्हा गौशाला कदौरा का निरीक्षण



**कालपी, जालौन।** लगातार हो रही बरसात के मौसम में गायों की हकीकत परखने के लिये उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा सीओ डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी ने कान्हा गौशाला कदौरा का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में कीचड़ देखकर सफाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन के निर्देशन पर मंगलवार को एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी औचक ढंग से कदौरा के कान्हा गौशाला पहुंचे।

जहां उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया। हरे चारे की उपलब्धता की जानकारी ली गई। पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। बारिश के मौसम को देखते हुए गायों के लिये छाया की बेहतरीन इंतजाम किए जायें।

उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुन: निरीक्षण किया जाएगा अगर व्यवस्था में सुधार नही हुआ तो दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। औचक पहुंचे उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी को देखकर ड्यूटी में मौजूद कर्मचारी सकपका गए।

# समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने एट थाने में बैठकर सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता। उरई, जालौन



**शनिवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस एट में आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अंतर्गत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष रूप से उक्त शिकायतों को निर्धारित समयबधि के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सतत रूप से भ्रमण निरीक्षण कर भूमि विवाद को संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर उनका समाधान करायें। शासकीय भूमियों चारागाह, पशुचर, सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि से अतिक्रमण हटवाये व भूमाफियाओं को चिन्हित कर कठोर कार्यवाही भी की जाये।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को विशेषकर भूमि विवाद को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समयसीमा के अन्तर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई प्रिया

- सरस्वती बाल विद्या मंदिर की दूसरी मंजिल से कूदी थी छात्रा
- बस चालक पर लगा छात्रा से अभद्रता करने का आरोप
- प्रधानाचार्य व बस चालक पर दर्ज किया गया मुकदमा

**संवाददाता।** खागा, फतेहपुर

**जिले** में बीते दिनों विद्यालय की दूसरी मंजिल से छलांग लगाने वाली छात्रा आखिरकार शुक्रवार की देर रात जिंदगी की जंग हार गई। कानपुर के एक निजी अस्पताल में छात्रा ने देर रात अंतिम सांस ली।

छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस मामले में पुलिस ने स्कूल के प्रिंसिपल और ड्राइवर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बताते चलें कि खागा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर मजरे अमनी गांव के रहने वाले राजू मौर्य की बेटी प्रिया मौर्य (17) कस्बा के शहजादपुर स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 वीं में विज्ञान वर्ग की छात्रा थी। छात्रा रोज की तरह मंगलवार को भी सुबह स्कूल की बस से विद्यालय जा रही थी। आरोप है कि इस दौरान छात्रा से बस ड्राइवर शिवचरन ने अभद्रता की थी। स्कूल से घर पहुंची प्रिया ने इसकी जानकारी परिजनों को दी थी। परिजन स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल राजकपूर सिंह से बस चालक की शिकायत की थी। बताया जा रहा है कि चालक की शिकायत मिलने के बाद भी प्राचार्य ने गंभीरता से नहीं लिया था, जिससे छात्रा गुमसुम थी। इसके बाद चुपचाप क्लास में चली गई।

इस दौरान फिजिक्स का पांचवा पीरियड चल रहा था। अचानक जी मिचलाने का बहाना करके छात्रा कक्षा से बाहर निकली और विद्यालय की दूसरी मंजिल पर चढ़कर वहां से नीचे छलांग लगा दी। घटना विद्यालय के सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई थी। इस हादसे में छात्रा लहूलुहान होकर बुरी तरह घायल हुई थी।

यह देख विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन ने परिजनों को देने के बाद आनन-फानन प्रिया को प्रयागराज के एक निजी नर्सिंग होम में लेकर पहुंचे, जहां हालत नाजुक देखकर गुरुवार की शाम को डॉक्टर ने जवाब दे दिया। इसके बाद परिजन बेटी प्रिया को मृत होने की आशंका पर खागा कोतवाली लेकर पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया था। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए पुलिस एम्बुलेंस में घायल छात्रा के पास पहुंची तो देखा उसकी सांसे चल रही थी।

इसकी जानकारी होते ही परिजन प्रिया को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से हालात नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया था। परिजनों के अनुसार बेटी को कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार की देर रात करीब 12 बजे उसकी सांसें थम गईं। इतना सुनते ही अस्पताल मौजूद परिजनों की चीख से गूंज उठा।

प्रिंसिपल व ड्राइवर पर मुकदमा दर्ज: कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर विद्यालय के प्रिंसिपल और स्कूल बस चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना के हर पहलुओं की जांच बारीकी से जांच की जा रही है।

## सभासद ने की जर्जर विद्युत पोल हटाए जाने की मांग



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के अधिकांश मोहल्लों के ऊपर से निकले जर्जर विद्युत तार एवं जर्जर पोल के कारण कई बार जान माल के बड़े हादसे हो चुके हैं। जर्जर विद्युत पोल एवं तारों को बदलवाये जाने के लिए सभासदों ने संयुक्त रूप से उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को नगर के मोहल्ला अशोक नगर के बार्ड संख्या 11 राजीव नगर सभासद जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू ने सभासदों दीपक गुप्ता, संतोष गुप्ता उर्फ मुल्लू, सिराज अहमद, परमजीत, आजाद चक, चरणजीत, भैया लाल दुबे के साथ विद्युत उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही को सौंप गए ज्ञापन में कहा गया है कि विगत वर्ष बरसात के दौरान हुए जल भराव के चलते जर्जर हो चुके विद्युत पोल अचानक उतरे करंट के कारण दो बच्चों की मृत्यु हो चुकी थी।

# शहर के विकास में अड़ंगा लगा रहे हैं भाजपा के मंत्रीः सपा विधायक

**संवाददाता।** फतेहपुर

**समाजवादी** पार्टी के सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी की विधानसभा सत्र के दौरान सदन में शहर की विभिन्न समस्याओं के बाबत उठाई गई मांगों पर संबंधित मंत्रियों के जवाब मिलने पर विधायक का कहना रहा कि शहर के विकास में भाजपा के मंत्री अड़ंगा लगाने का काम कर रहे हैं। सदन में उठाई गई मांगों को पूरा किए जाने में आनाकानी की जा रही है।

सदर विधायक ने सदन में उठाई गई मांगों के बाबत बताया कि शहर के पक्का तालाब का सौन्दर्यीकरण कराए जाने की उन्होने मांग उठाई थी। जिस पर नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग के मंत्री एके शर्मा के आए जवाब में बताया गया कि पक्का तालाब का सौन्दर्यीकरण कराए जाने के संबंध में 1.81 करोड़ का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। उक्त तालाब के सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है। इस जवाब से ऐसा प्रतीत होता है कि शायद सरकार के पास वित्तीय संसाधनों की कमी है या फिर मंत्री जी विकास को लेकर गंभीर नहीं है। इसी तरह फतेहपुर डिपो में लखनऊ राजमार्ग पर प्रत्येक घंटे जनरथ सेवा का संचालन कराए जाने की मांग की गई थी। जिस पर परिवहन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने अपने पत्र के जरिए जवाब दिया है कि वर्तमान समय में अवध डिपो की एक वातानुकूलित जनरथ सेवा का संचालन आलमबाग-फतेहपुर-बांदा मार्ग पर कराया जा रहा है जो आलमबाग से प्रातः 07.30 बजे प्रस्थान कर 11.20 पर फतेहपुर पहुंचती है। फतेहपुर से 11.30 बजे प्रस्थान कर 14 बजे बांदा पहुंचती है। उक्त सेवा का विगत 07 माह का संचालन प्रतिफल 46 प्रतिशत हुआ है जबकि डिपो का लोड फैक्टर 56 प्रतिशत एवं साधारण सेवाओं के लिए विगत 07 माह का लोड फैक्टर 66 प्रतिशत है। इस प्रकार वातानुकूलित सेवा का लोडफैक्टर डिपो लोडफैक्टर से दस प्रतिशत एवं साधारण सेवा से बीस प्रतिशत कम प्राप्त हो रहा है।

पत्र में बताया गया कि लखनऊ-फतेहपुर मार्ग पर प्रातः पांच बजे से रात्रि 21.40 बजे तक प्रत्येक 20 मिनट के अंतराल पर साधारण सेवाओं का संचालन हो रहा है। लखनऊ-फतेहपुर-बांदा मार्ग पर 46 प्रतिशत लोडफैक्टर पर संचालित वातानुकूलित सेवा से परिवहन निगम को आर्थिक क्षति हो रही है। इसलिए वर्तमान में प्रत्येक घंटे वातानुकूलित सेवा का संचालन कराया जाना निगम हित में नहीं है।

# अब बांदा में उपलब्ध होंगे मेदांता के कैंसर स्पेशलिस्ट



**बांदा।** बांदा में पहली बार सितम्बर माह से प्रत्येक महीने के अंतिम गुरुवार को अनुराग नर्सिंग होम सुपरस्पेशली हॉस्पिटल में मेदान्ता हॉस्पिटल के पेट और लीवर (कैंसर) स्पेशलिस्ट डॉ संदीप कुमार वर्मा द्वारा बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, सतना, छतरपुर, पन्ना के मरीजों के इलाज हेतु उपलब्ध रहेंगे। लखनऊ, गुडगांव नही जाना पड़ेगा।

डॉ अनुराग श्रीवास्तव सर्जन से बात हुई तो उन्होंने बताया की बुंदेलखंड का बांदा जनपद अत्यंत पिछड़ा हुआ है स्वास्थ्य महक में में भी काफी सुविधाओं की कमी है हालांकि पहले के दशक में आप काफी ठीक हुआ है क्षेत्र में गरीबी काफी है शिक्षा का अभाव भी है इसके चलते लोग गैस पेट और लीवर कैंसर जैसी बीमारियों से जूझता रहता है।

वह सही स्थान तक नहीं पहुंच पाता है अर्थात मेदांता एक ऐसा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल है जिस तक पहुंचाने के लिए इस तपके का आदमी सोचता भी नहीं है क्योंकि वहां का पैकेज सुनते ही आदमी पसीना छोड़ने लगता है मेदांता की ब्रांच लखनऊ गुड़गांव दिल्ली है लेकिन लखनऊ ब्रांच ने अनुराग नर्सिंग होम बांदा में डॉक्टर और टीम एक दिन का समय देने को तैयार हो गए हैं।

# आधे संडीला शहर में जल संकट के चलते मची है त्राहि-त्राहि

- दियाबानी बोरिंग ठप होने से 10 दिन पूर्व उत्पन्न हुआ है संकट

**संवाददाता।** संडीला, हरदोई

**बीते** लगभग 10 दिनों से आधा संडीला नगर गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहा है, जिसको लेकर हज़ारों परिवार पेशान हैं, हालांकि नगर पालिका परिषद द्वारा टैंकरों के माध्यम से पेयजलापूर्ति का प्रयास किया जा रहा है जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है।

नगर में बीते 10 दिन से गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हुआ है। आधे से अधिक नगरवासी जिनमें मण्डई, मूसापुर, अशराफ़ टोला, चौपार टोला, इमलियाबाग, दामाद पुरवा आदि प्रमुख हैं कि यहां पेयजलापूर्ति ठप है। पेयजलापूर्ति ठप होने का कारण चकरोड बाईपास स्थित दियाबानी के जल पंप में आने वाली तकनीकी खराबी है, जिसको नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अभी तक दुरुस्त नहीं कर पाए हैं। इस कारण सवेरा होते ही पेयजल के लिए चारों तरफ़ दौड़ धूप शुरू हो जाती है।

नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्र के सभासदों यथा हसन मक्की, मुईज़, शमीम बच्चू, अकील अंसारी आदि के प्रयास से टैंकर द्वारा पेयजलापूर्ति की व्यवस्था कराने का प्रयास किया गया है।

लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। साथ ही साथ यह टैंकर मुख्य सड़क पर ही पहुंच पा रहे हैं जबकि मोहल्लों में पतली गलियों के बीच हजारों परिवार रह रहे हैं और यहां तक यह टैंकर नहीं पहुंच पा रहे हैं। साथ ही साथ जो लोग दूसरी या तीसरी मंजिल पर रह रहे हैं, उनके यहां पेयजल पहुंच पाना बहुत कठिन हो गया है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में लगाए गए हैंड पंपों की स्थिति भी अच्छी नहीं है। इनमें से कई बंद पड़े हैं तथा कुछ के बोर खराब हो गए हैं और जिनका पानी पीने लायक नहीं बचा है।

आधे नगर में पैदा हुए इस गंभीर पेयजल संकट के संबंध में अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता का कहना है कि दियाबानी बोरिंग की मरम्मत कराने का कार्य किया जा रहा है और शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण हो जाएगा। वहीं इतना समय बीत जाने के बाद इस समस्या का निराकरण न हो पाना लोगों में नाराज़गी का कारण बनता जा रहा है।

## लगातार हो रही वर्षा से धान की फ़सल चौपट

**संडीला, हरदोई।** बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं जलभराव की समस्या के साथ साथ धान की फ़सल को भी व्यापक नुकसान पहुंच रहा है। बीते दो दिनों से हो रही लगातार वर्षा के कारण सारे नगर के निचले क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गयी है। सड़कों और गलियों में नालियां फट जाने के कारण कीचड़, सड़कों और गलियों में फैल गया है, जिससे होकर लोगों को गुजरना पड़ रहा है। इसके अलावा कई स्थानों पर जलभराव की भी समस्या उत्पन्न हो गयी है। विशेष रूप से नगर के निचले क्षेत्र जैसे बशीरनगर, दामादपुरवा, हरिजनसरांय, मण्डई, दियाबानी क्षेत्र, काजीसरांय, चलचित्र सिनेमा के आसपास इस कारण लोग बहुत परेशान हैं। लगातार हो रही बारिश और उसके साथ चल रही तेज़ हवा के कारण धान की फ़सल को व्यापक क्षति पहुंच रही है। खेतों में खड़ी आधे से अधिक फ़सल गिर गयी है, जिसके कारण धान का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।

## क्विक न्यूज

### होटल, रेस्टोरेंट व ढाबों पर नाम व पता लिखने की कवायद

**फतेहपुर।** सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जिले के सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम एवं पता रिसेप्सन काउंटर के फूड सेफ्टी डिस्पले पर अंकित कराया जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होने कहा कि सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि ढाबे, होटल, रेस्टोरेंट के संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि का नाम व पता अनिवार्य रूप से रिसेप्सन काउन्टर पर डिस्पले अंकित कराये जाये। ढाबे, होटल, रेस्टोरेंट आदि खानपान के प्रतिष्ठानों के ग्राहको के बैठने के स्थान पर सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा कैमरे को प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों तथा किचन में भी लगाये जाये। सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग को भी अग्रिम आदेश तक सुरक्षित रखा जाये। खान पान के स्थानों तथा सर्विस के समय सभी फूड हैन्डलर सेफ(बावर्ची) एवं अन्य संलग्न कर्मचारी मास्क तथा ग्लब्स अनिवार्य रूप से पहने होना चाहिए। उपरोक्त बिन्दुओं का 07 दिन के अन्दर सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट प्रतिष्ठान पालन करना सुनिश्चित करें एवं उसके बाद निरीक्षणोंपरान्त यदि किसी प्रतिष्ठान होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये निर्देश का पालन नही होता है तो उसके विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की सुसंगत धाराओं में कठोरतम कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

### दो महिलाओं ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत दो महिलाओं ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। असोथर थाना क्षेत्र के बेसड़ी गांव निवासी प्रशांत शुक्ला की 23 वर्षीय पत्नी निधि तिवारी ने शुक्रवार की रात संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका का मायका गाजीपुर थाना क्षेत्र के प्रसाद तारा मजरे जीवकरा है, जिसकी शादी 2023 में हुई थी। मृतका के पिता ने बताया कि दहेज में बाइक, जंजीर की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी गई। इसी प्रकार खागा कोतवाली क्षेत्र के पचीसा गांव निवासी शाहिद की 28 वर्षीय पत्नी महरून्निशा ने शुक्रवार की दोपहर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। बताते हैं कि मृतका की शादी बारह वर्ष पूर्व हुई थी।

# अमरौधा और मलासा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सम्मेलन आयोजित

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**कस्बा** के नगर पालिका सभागार में शनिवार को विकास अमरौधा और मलासा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम संपन्न कराए गए। कार्यक्रम बाल विकास परियोजना अधिकारी समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

वहीं मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला कार्यक्रम अधिकारी डा.आरबी सिंह और मलासा ब्लाक प्रमुख स्वतंत्र पासवान ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। जहां पर गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के साथ ही नवजात शिशु के देखरेख एवं स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारियां देकर जागरूक किया गया। वहीं आंगनवाड़ी नजमा बानो, पुष्पा आदि ने पौष्टिक फल सब्जियों के स्टाल सजाकर महिलाओं को उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अलग अलग हरी सब्जियां की गुणवत्ता के विषय में जानकारी की। बाद में कीर्ति देवी और गीतादेवी गर्भवती महिलाओं को अन्न प्रशन करा कर पोषण सामग्री देकर गोद भराई की गई। राधा निषाद, पुष्पा, श्वेता सचान, रेनू आदि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियो को अच्छे कार्यशैली को देखते हुए शील्ड के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विकास खंड अमरौधा के खंड विकास अधिकारी आशीष कुमार, मलासा ब्लाक के कोर्डिनेटर कपिल यादव, सुपरवाइजर कुसुमादेवी, विजय लक्ष्मी सचान, विश्व स्वास्थ्य संगठन की कार्यकर्ता रुक्साना बेगम भी मौजूद रही।

## आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों को परिजनों को लौटाया

**गोला।** पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण सम्पूर्ण जनपद में लापता/गुमशुदा की सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत दिनांक 27.09.2024 को थाना गोला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 570/2024 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित गुमशुदा/लापता 02 बच्चों 1. बादल पुत्र बंटी (उम्र करीब 14 वर्ष) 2. कृष्णा सोनी पुत्र सोनू (उम्र करीब 15 वर्ष) निवासीगण लक्ष्मन जती रोड भूतनाथ क्रासिंग कस्बा व थाना गोला जनपद खीरी के संबंध मे थाना गोला पुलिस की गठित टीम द्वारा उपरोक्त दोनों गुमशुदा बच्चों को हर की पौड़ी जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड से सकुशल बरामद कर उनके परिवारीजन के सुपुर्द किया गया। जनपद खीरी पुलिस के इस कार्य की बच्चों के परिजनों व स्थानीय व्यक्तियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# समाधान दिवस पर पन्द्रह में से एक शिकायत का हुआ निस्तारण



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली में समधान दिवस का आयोजन किया जिसमें पहुंचे छिबरामऊ उपजिलाधिकारी ने एक दर्जन से अधिक फरियादियों की समस्यायें सुनकर एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिये अधीनस्थों को निर्देशित किया गया। शनिवार को कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र आये जिसमें से 12 राजस्व संबंधित तीन पुलिस संबंधित जिसमें से एक पुलिस संबन्धित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिये निर्देशित करनें के उपरान्त उन्होनें कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें राजस्व संबंधित विवादों का समय रहते निस्तारण करें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा व परविंदर यादव, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, उप निरीक्षक देवी चरण साहू, लेखपाल कौशल पांडेय, अतुल प्रताप सिंह, राहुल यादव, अभिशाक कटियार, यज्ञदत्त यादव मौजूद रहे।

# जयंती समारोह में महाराजा अग्रसेन की भूमिका निभाएंगे युवराज अग्रवाल



**पुखरायां, कानपुर देहात।** श्री अग्रवाल सभा पुखरायां द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 में इस बार शहर के प्रमुख समाजसेवी त्रिलोकीनाथ गर्ग के पौत्र युवराज अग्रवाल महाराजा अग्रसेन भूमिका निभाएंगे। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर तैयारी चल रही हैं। आगामी 03 अक्टूबर 2024 दिन बृस्पतिवार को अग्रवाल सभा भवन से दोपहर एक बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें कस्बे के प्रमुख समाजसेवियों में से एक त्रिलोकीनाथ गर्ग के पौत्र युवराज अग्रवाल महाराज अग्रसेन की भूमिका में नजर आएंगे। बताते चलें कि त्रिलोकीनाथ गर्ग ने कोरोना काल में कई ऐसे कार्य किए जिससे उनकी प्रशंसा पूरे कस्बे हुई थी। त्रिलोकीनाथ गर्ग ने बताया कि उनके पौत्र युवराज अग्रवाल को इस बार जयंती महोत्सव में महाराजा अग्रसेन की भूमिका निभाने काअवसर प्राप्त हुआ है। इसके लिएअग्रवाल सभा पुखरायां का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। आयोजकों ने बताया कि इस बार शोभायात्रा अग्रवाल सभा भवन से प्रारंभ होकर सराफा बाजार,बर्तन बाजार,नेतराम गली,पुखरायां बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः अग्रवाल सभा भवन में आकर समाप्त होगी। होगी इसके बाद अग्रवाल सभा भवन में चित्र पूजन आरती एवं गोष्ठी एवं छोटे-छोटे नन्हे मुंन्हे बच्चों की चित्रकला,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

# रेबीज़ से बचाव ही है इसका एकमात्र इलाजः सीएमएस

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**विश्व** रेबीज दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में सभी सीएचसी, पीएचसी व उप केद्रों सहित सीएमओ ऑफिस में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे हरी झंडी दिखाकर सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ ज्योति मेहरोत्रा ने रवाना किया। वहीं पालतू एवं आवारा कुत्तों को वैक्सीनेटर करने के लिए एक कैंप का आयोजन जिला पशु चिकित्सालय में किया गया।

इस दौरान सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ ज्योति मेहरोत्रा ने बताया कि रेबीज के बारे में लोगों को जागरूक करने और इस जानलेवा बीमारी से लोगों को बचाने के उद्देश्य से हर साल विश्वभर में 28 सितंबर को रेबीज डे मनाया जाता है। इस दिन फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रोबायोलॉजिस्ट लुई पाश्चर की डेथ एनिवर्सिरी होती है, जिन्होंने सन 1885 में पहली बार रेबीज की वैक्सीन को विकसित किया था। आज ये वैक्सीन जानवरों और मनुष्यों के बीच महत्वपूर्ण रोल अदा कर रही है। इसके इस्तेमाल से मनुष्यों में रेबीज से होने वाले खतरे को कम किया जा सकता है। रेबीज डे को हर साल नई थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है और इस साल की थीम ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज है। जागरूकता को जनमानस में पहुंचने के लिए एक रैली निकाली गई है जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस सीएमओ ऑफिस में आकर संपन्न हुई है।

नोडल अधिकारी एंटी रेबीज कार्यक्रम/डिप्टी सीएमओ लालजी पासी ने बताया कि जनपद की सभी सीएचसी पीएचसी व उप केद्रों पर भी यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। लोगों को रेबीज से बचने के लिए 24 सितंबर को एक जिला स्तरीय अधिकारियों की गोष्ठी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में हुई थी। जिसमें नगर पालिका और जिला पशु चिकित्सालय के द्वारा आवारा कुत्तों को भी वैक्सीनेटर करने पर विचार विमर्श हुआ था।

इसी के तहत शनिवार को एक कैंप जिला पशु चिकित्सालय में लगाया गया है। जहां नगर पालिका के कर्मियों द्वारा पालतू एवं आवारा कुत्तों को पकड़ कर वैक्सीनेटर किया जा रहा है। सभी अपने पालतू कुत्तों को भी वैक्सीनेटर करवाएं और कुत्ते बिल्ली या बंदर के काटने पर या उनके खरोचने पर एंटी रेबीज वैक्सीन जरूर लगाए यह एक जानलेवा बीमारी है। इससे बचाव ही इसका इलाज है।

एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि यह बीमारी कुत्तों के काटने से सबसे ज्यादा फैलती है। रेबीज की बीमारी डब्ल्यूएचओ के अनुसार रेबीज लासा वायरस से इंफेक्टेड जानवरों के काटने की वजह से इंसानों में फैलती है। एसीएमओ डॉ एसके मिश्रा ने बताया कि यह एक जूनोटिक बीमारी है, जो इंफेक्टेड बिल्ली, कुत्ते और बंदर के काटने से मनुष्यों को हो सकती है।

ये ब्रेन में सूजन पैदा होने का कारण भी बन सकती है। माना जाता है कि 99 प्रतिशत मामलों में कुत्तों की वजह से इंसान में रेबीज फैलता है। जिस वजह से रेबीज डेथ की संख्या बढ़ी है। इस दौरान एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा व डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ अमित सिंह, डीएमओ हरिशंकर सहित स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## किशोरियों, गर्भवती महिलाओं को दी पोषण की जानकारी

**फतेहपुर।** जनकल्याण महासमिति एवं फोर्सेज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में सदर तहसील के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों अहमदगंज एवं मसवानी में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका की उपस्थिती में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें किशोरियों, गर्भवती, धात्री महिलाओं को लक्षित हस्तक्षेप परियोजना प्रबंधक अजय सिंह चौहान द्वारा पोषण की जानकारी दी। किशोरियों एवं महिलाओं में होने वाले यौन संचारित एवं प्रजनन जनित रोगों पर चर्चा करके जानकारी दी। गर्भवती महिलाओं को समय समय पर टीकाकरण करवाने के लिए चर्चा की गई। आंगनबाड़ी एवं सहायिका बहनों द्वारा पोषण की रंगोली बनाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री शांती देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, रामरती, नाज़नीन, मंजू तिवारी एवं सहायिका मंजू श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, पिंकी देवी, शमा परवीन एवं श्याम कली उपस्थित रहीं।

# आकाशीय बिजली का बरपा कहर मासूम सहित दो लोगों की मौत

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जिले** में हृदय विदारक घटना सामने आई हैं। यहां तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आई एक मासूम बच्ची सहित दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत चार लोग झुलसकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

इसके अलावा एक दर्जन बकरियां और राष्ट्रीय पक्षी मोर भी मौत के आगोश में समा गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसों की सूचना पर अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने शासन से परिजनों को मिलने वाली मदद के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हैदरपुर इटैली गांव निवासी उदयभान पासवान पत्नी रामप्यारी (35) अपनी 11 वर्षीय बेटी लक्ष्मी देवी व बेटा रामप्यारे (5) के साथ मवेशियों के लिए गांव के बाहर खेत से चारा लेने गए थे। इस दौरान घर वापस लौटते समय रास्ते में शाम करीब 5 बजे अचानक तेज बारिश में गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में मां, बेटा और बेटी तीनों लोग आ गए। हादसे में लक्ष्मी की मौके पर मौत हो गई, जबकि मृतका की मां और उसका मासूम भाई झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुचाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। उधर, खागा कोतवाली क्षेत्र के पुरइन गांव निवासी दिनेश का 19 वर्षीय बेटा बृजेंद्र रैदास के साथ सुधीर सिंह (18) मनीष सिंह (17) खेतों की ओर से घूम कर घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान देर शाम रिमझिम बरसात शुरू हो गई।


तीनो रास्ते मे पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए, तभी तेज गर्जना के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई जिसकी चपेट में आने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन-फानन परिजनों ने सीएचसी खागा पहुंचाया गया। जहां मेडिकल परीक्षण के बाद डॉक्टर ने बृजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया।

उक्त दोनों घायलों की हालत को नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय थाना प्रभारियों ने बताया कि विधिक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एक अन्य घटनाक्रम में असोथर थाना क्षेत्र के गेडुरी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्जन से अधिक बकरियों की मौत हो गई, वहीं राष्ट्रीय पक्षी मोर भी चिरनिंद्रा में विलीन हो गया।

# राहुल गांधी विदेश में भारत की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं: राजनाथ सिंह

**भाषा।** चंडीगढ़

**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता अपनी विदेश यात्राओं के दौरान देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।हरियाणा के बादली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार ओ. पी. धनखड़ के पक्ष में एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे भाजपा के वरिष्ठ नेता भी विपक्ष के नेता रहे हैं लेकिन उन्होंने कभी भी दूसरे देशों में देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का प्रयास नहीं किया।केंद्रीय मंत्री सिंह अमेरिका में सिख समुदाय के बारे में गांधी की टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे। सिंह ने कहा, राहुल गांधी दूसरे देशों में भारत की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। वह (राहुल) कहते हैं कि सिख समुदाय के लोग देश में कड़ा नहीं पहन सकते। उन्होंने पूछा, वे देश की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। क्या उनका समर्थन किया जाना चाहिए? सिंह ने उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या किसी भी सिख भाई पर ऐसा कोई प्रतिबंध है। उन्होंने कहा, हमने लंबे समय तक विपक्ष की भूमिका निभाई। अटल बिहारी वाजपेई जी और लालकृष्ण आडवाणी जी विपक्ष के नेता रहे। वे विदेश भी गए लेकिन कांग्रेस के सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने कभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की छवि को धूमिल नहीं किया। गांधी ने अमेरिका की अपनी



हाल की यात्रा के दौरान वाशिंगटन के वर्जीनिया उपनगर में हर्नडॉन में भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा था, सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है। लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। राहुल गांधी ने वहां पहली पंक्ति में दर्शकों के बीच बैठे एक सिख व्यक्ति से पूछा था, मेरे पगड़ीधारी भाई आपका क्या नाम है। कांग्रेस नेता ने कहा था, लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। लड़ाई इसी बात के लिए है और यह सिर्फ उनके लिए ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है। केंद्रीय मंत्री ने चुनावी वादे पूरे न कर पाने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां सरकारी कर्मचारी अपने वेतन के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सिंह ने कहा, आप पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश को देखिए। वहां कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकारी कर्मचारियों को वेतन के लिए प्रदर्शन करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री और मंत्री वेतन छोड़ने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन आज तक इस वादे को पूरा नहीं किया गया। उनेंने लोगों से पूछा, क्या आप हरियाणा में भी ऐसी सरकार चाहते हैं? कर्नाटक में कांग्रेस शासित सरकार पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि वहां के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। भाजपा पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि यदि कोई पार्टी दलित विरोधी है तो वह कांग्रेस है।

## चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायतों को लेकर वित्त मंत्री सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** बेंगलुरु,

**चुनावी बॉण्ड** योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है।पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरन वसूली के लिए सजा), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 34 (सामान्य इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी वाई विजएंद्र, पार्टी नेता



नलिन कुमार कटील का भी नाम प्राथमिकी में दर्ज है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपए की जबरन वसूली की। इसमें कहा गया है, चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है। मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के कारण विपक्षी भाजपा ने उनका इस्तीफा मांगा है।सिद्धरमैया ने कहा, भाजपा नेताओं के तर्क के अनुसार, निर्मला सीतारमण को अब इस्तीफा दे देना चाहिए, है ना।

## बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी मप्र सरकार : मोहन यादव

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार भविष्य की जटिल चुनौतियों के मद्देनजर बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने इंदौर में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विषय पर आयोजित एक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कहा, "आने वाले समय में बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए हमें अलग-अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह विषय जितना जटिल है, उतना ही जरूरी भी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नए अनुसंधानों, आविष्कारों, नए विचारों और दवाओं के नए फॉर्मूलों के बौद्धिक संपदा अधिकारों के निर्धारण को लेकर चुनौतियां सामने आएंगी और ज्ञान संपदा की रक्षा के प्रश्न भी खड़े होंगे। यादव ने कहा कि इन नई चुनौतियों से न्यायपालिका पर मुकदमों का बोझ जाहिर तौर पर बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इन चुनौतियों से निपटने के लिए न्यायपालिका के सुझावों के आधार पर उसके साथ कदम से कदम मिलाकर हरसंभव उपाय करेगी। इस सम्मेलन में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सम्मेलन को च्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा के साथ ही मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के मद्देनजर बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए जरूरी उपाय किए जाने पर जोर दिया। यह सम्मेलन दो दिन चलेगा और इसमें राज्य भर के न्यायाधीश भाग ले रहे हैं।

# एचुरी वह गोंद थे जिसने इंडिया गठबंधन को जोड़े रखा : नेताओं ने शोकसभा में कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट** पार्टी (माकपा)के दिवंगत महासचिव सीताराम एचुरी को श्रद्धांजलि देने लिए शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं ने कहा कि वह गोंद थे, जिसने इंडिया गठबंधन को एक साथ जोड़े रखा। उन्होंने एचुरी के निधन को विपक्ष के लिए क्षति बताया।माकपा महासचिव एचुरी का 12 सितंबर को फेफड़ों के संक्रमण के कारण निधन हो गया था। उनके निधन पर आयोजित शोक सभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव सहित तमाम विपक्षी नेता शामिल हुए। राहुल गांधी ने एचुरी को एक ऐसे मित्र के रूप में याद किया जो राजनीतिक




व्यवस्था में सक्रिय थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठगंधन एवं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के अन्य दलों के बीच सेतु की भूमिका निभाई। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने एचुरी को उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही ध्यान से देखा है। उन्होंने कहा, मुझे एक ऐसा व्यक्ति मिला जो लचीला था, जो सुनता था, जो वैचारिक रूप से विपरीत विचारधारा का होने के बावजूद यह समझने की क्षमता रखता था कि हम कहां से आ रहे हैं और उसने हमें यह भी समझने दिया कि वह कहां से आ रहा है। उन्होंने कहा, एक तरह से वह कांग्रेस पार्टी और भारत सरकार (संप्रग शासन के दौरान)में अन्य दलों के बीच एक सेतु थे। कुछ लोग दिखाई देते हैं और वे सामने होते हैं, आप उन्हें देख सकते हैं, और फिर कुछ गोंद होते हैं जो दिखाई नहीं देते, जो छिपे होते हैं, लेकिन वास्तव में वही है जो संरचना को एक साथ रखते हैं। राहुल गांधी ने कहा, श्री एचुरी एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन और पिछले संप्रग गठबंधन की संरचना को बनाए रखा। वह सूत्रधार थे जिसने सभी को एक साथ रखा क्योंकि वह लचीले थे, क्योंकि व सुनते थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माकपा नेता द्वारा इंडिया गठबंधन को आकार देने के लिए सोनिया गांधी के साथ की गई बैठकों को याद किया और विभिन्न दलों को एक साथ लाने का श्रेय उन्हें दिया।उन्होंने कहा, विपक्ष के इंडिया गठबंधन के गठन में उनकी बड़ी भूमिका थी... कुछ लोगों ने गठबंधन के गठन का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जो व्यक्ति श्रेय चाहता था वह भाग गया। खरगे स्पष्ट रूप से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया था।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने में हस्तक्षेप करने से किया इनकार

**पोर्ट ब्लेयर।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने के सरकार के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा है कि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। केंद्र सरकार ने 13 सितंबर को पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया था। न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर और प्रसेनजीत बिस्वास की पीठ ने नाम बदलने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, क्योंकि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। न्यायालय ने कार्यपालिका के विशेषाधिकार को उजागर करने के लिए बम्बई का नाम बदलकर मुंबई किए जाने का हवाला दिया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता पी. मोहन लाल ने बाद मे याचिका वापस ले ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था, जहां पहले का नाम औपनिवेशिक विरासत वाला था, वहीं श्री विजयपुरम (नया नाम) भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे मिली जीत और इसमें अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की अद्वितीय भूमिका को दर्शाता है।

## असम में रविवार को भर्ती परीक्षा के लिए आठ घंटे तक मोबाइल इंटरनेट बंद रहेगा

**गुवाहाटी।** असम मे तृतीय श्रेणी के पदो पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए सितंबर मे दूसरी बार राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं रविवार को आठ घंटे तक बंद रहेंगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार को कहा गया कि मोबाइल इंटरनेटामोबाइल डेटामोबाइल वाई-फाई कनेक्टिविटी सुबह 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक बंद रहेगी। श्रेणी-3 पदो के लिए राज्य-स्तरीय भर्ती आयोग के सचिव द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, सभी से अनुरोध है कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती परीक्षा आयोजित करने एवं राज्य के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के हित मे असुविधा को सहन करें। श्रेणी-3 के खाली पदो के लिए लिखित परीक्षा के पहले चरण के आयोजन के समय 15 सितंबर को साढ़े तीन घंटे तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद रही। स्नातक डिग्री स्तर और एचएसएलसी स्तर के श्रेणी-3 के पदो के लिए असम सीधी भर्ती परीक्षा (एडीआरई) की लिखित परीक्षा रविवार को दो हिस्सो मे आयोजित की जाएगी। पहला भाग सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा अपराह्न 1.30 बजे से 4.30 बजे तक होगा।

## मुंबई में देसी पिस्तौल और कारतूस रखने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के पवई उपनगर मे देसी पिस्तौल और कारतूस रखने के आरोप मे दो लोगो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने शुक्रवार को जाल बिछाया और दोनो को पकड़ लिया जो कथित तौर पर किसी को हथियार देने के लिए यहां आए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी सचिन फूलचंद किशवाह (18) और अमर कुमार बादशाह नाई (23) पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के कटनी के रहने वाले है। अधिकारी ने बताया कि टीम ने दोनो के पास से दो देसी पिस्तौल, चार कारतूस और दो मोबाइल फोन जब्त किए है। उन्होने बताया कि दोनो के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी के सदस्यों ने हैदराबाद का दौरा किया, हितधारकों से मुलाकात की

**हैदराबाद।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यो ने शनिवार को यहां तेलंगाना और अन्य राज्यो के सरकारी अधिकारियो और विभिन्न संगठनो के प्रतिनिधियो से मुलाकात की और उनकी शिकायते सुनी।भाजपा सांसद और संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा कि सदस्यो ने छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के वक्फ बोर्ड के अधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होने संवाददाताओ को बताया कि समिति देश के विभिन्न शहरो का दौरा कर रही है और हितधारको तथा सरकारी अधिकारियो के साथ विचार-विमर्श कर रही है।

## झारखंड में भाजपा के सत्ता में आने पर प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच कराई जाएगी: शिवराज सिंह

**भाषा।** मेदिनीनगर

**केंद्रीय कृषि मंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि यदि झारखंड में भाजपा सत्ता में आई तो झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए कथित पेपर लीक मामलों की जांच की जाएगी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत पलामू जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए चौहान ने दावा किया कि झामुमो नीत सरकार के शासनकाल में प्रश्नपत्र 17बार लीक हुए और बाद में इन परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया। चौहान ने कहा, झामुमो सरकार युवकों को ठग रही है। झारखंड में 17 बार प्रश्नपत्र लीक हुए और परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा अब पेपर लीक मोर्चा हो गया है। हम प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच कराएंगे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को दो साल तक 2,000 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ताकि वे सरकारी नौकरियों की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा, राज्य में जब भाजपा सत्ता में आएगी तो मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में सरकारी विभागों में रिक्त 2.87 लाख पदों को भरने का निर्णय लिया जाएगा। चौहान ने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2,100 रुपए जमा किए जाएंगे।



## राजीव चंद्रशेखर ने वक्फ अधिनियम में संशोधन की मांग को लेकर सिरो-मालाबार चर्च का समर्थन किया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**भारतीय जनता** पार्टी के नेता राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक के संबंध में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सिरो-मालाबार चर्च और केसीबीसी द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत किया। चंद्रशेखर ने कहा कि चर्च और केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल (केसीबीसी) की दलीलों से पता चलता है कि नगारिकों द्वारा वैध तरीके से खरीदी और विकसित की गई जमीनों पर कैसे वक्फ बोर्ड "अनुचित तरीके से दावा कर रहे हैं। सिरो-मालाबार लोक मामलों के आयोग के अध्यक्ष आर्चबिशप एंड्रयूज थजाथ ने 10 सितंबर को लिखे अपने पत्र में दावा किया कि एर्णाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों में पीढ़ियों से ईसाई परिवारों की कई संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड ने अवैध रूप से दावा किया है। केसीबीसी ने उसी दिन भेजे अपने पत्र में कहा था कि वक्फ बोर्ड के दावे अन्यायपूर्ण, असंवैधानिक और संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में चंद्रशेखर ने वक्फ बोर्ड के दावों को अनुचित और असंवैधानिक करार दिया और कहा कि कांग्रेस पार्टी वक्फ (संशोधन) अधिनियम का विरोध कर रही है। चंद्रशेखर ने कहा, "उनकी दलीलें बताती हैं कि कैसे वक्फ बोर्ड बड़ी संख्या में उन नागरिकों की भूमि पर अन्यायपूर्ण तरीके से दावा कर रहे हैं, जिन्होंने कानूनी रूप से भूमि खरीदी और विकसित की है।

## पेज 1 का शेष

### आतंकियों का ...

(एएसपी) सहित तीन सैन्यकर्मी और दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के पास गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) को मामूली चोटें आईं। इससे पहले 14 सितंबर को उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के क्रेरी इलाके में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया था। सुरक्षा बल ड्रोन कैमरों की मदद से इमारत के अंदर छिपे आतंकवादियों के सटीक स्थानों की पहचान करने के बाद उनके एक समूह को बेअसर करने में सक्षम थे। इस महीने में अब तक जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान नौ आतंकवादियों का सफाया किया जा चुका है।

### यूएन में ...

लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने पड़ोसियों के खिलाफ हथियार के तौर पर सीमा पार आतंकवाद का लंबे समय से इस्तेमाल करता रहा है।उन्होंने पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों द्वारा भारतीय संसद पर 2001 के हमले और मुंबई के 26/11 आतंकी हमलों के संदर्भ में कहा, उसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजार तथा तीर्थस्थलों पर हमला किया है। मंगलानंदन ने कहा, सूची लंबी है। ऐसे देश का हिंसा के बारे में कहीं भी बोलना पूरी तरह पाखंड है। शरीफ ने अपने संबोधन में अपेक्षा के मुताबिक कश्मीर मुद्दा उठाया और कहा था कि स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए भारत को अनुच्छेद 370 को बहाल करना होगा और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने आपसी सामरिक व्यवस्था के उनके देश के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।सामरिक व्यवस्था के किसी प्रस्ताव के संदर्भ में जवाब देते हुए भारत ने कहा कि आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता। बल्कि पाकिस्तान को भी यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने पड़ेंगे। मंगलानंदन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को याद दिलाया कि यह वही देश है जिसने लंबे समय तक अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में कई आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ है। भारतीय अधिकारी ने कहा, शायद इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उसके (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित सभागार में ऐसा बोलेंगे। फिर भी हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शब्द हम सभी के लिए कितने अस्वीकार्य हैं। हम जानते हैं कि पाकिस्तान सच्चाई का सामना और अधिक झूठ से करना चाहेगा। बार-बार झूठ बोलने से कुछ नहीं बदलेगा। हमारा रुख स्पष्ट है और उसे दोहराने की जरूरत नहीं है। भारत ने जोर देकर कहा कि चुनावों में धांधली के इतिहास वाले देश के लिए एक लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना बड़ा अजीब है। उन्होंने कहा, असल सच्चाई यह है कि पाकिस्तान की नजर हमारे क्षेत्र पर है और वास्तव में, उसने भारत के अविभाज्य और अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है। युवा भारतीय राजनयिक ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि एक देश जिसने 1971 में नरसंहार किया था और जो अब भी अपने अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता है, वह असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिमाकत करता है। दुनिया खुद देख सकती है कि पाकिस्तान की असलियत क्या है। इसके बाद एक पाकिस्तानी राजनयिक ने जवाब देने के अधिकार के तहत मंगलानंदन के बयान पर प्रतिक्रिया दी। भारत के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए पाकिस्तानी राजनयिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कई प्रस्तावों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय के अपने अपरिहार्य अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए एक स्वतंत्र, निष्पक्ष जनमत संग्रह का स्पष्ट रूप से आह्वान किया है।पाकिस्तानी नेता हर साल संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषणों में जम्मू-कश्मीर का राग अलापते हैं और भारत के युवा राजनयिक उसे करारा जवाब देते हैं।

### इजराइल ने...

संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरी इजराइल भेजा गया था। इजराइली सेना ने शनिवार सुबह दक्षिणी बेरूत और पूर्वी लेबनान की बेका घाटी में कई हमले किए। हिजबुल्ला ने शनिवार को उत्तरी और मध्य इजराइल तथा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर दर्जनों रॉकेट दागे। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रात भर जारी इजराइली हवाई हमलों के बाद आसमान में धुएं का गुबार छा गया। शहर में विस्थापितों के लिए बनाए गए आश्रय स्थलों पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। अनेक लोग चौराहों, समुद्र तटों या अपनी कारों में सोए। राजधानी के ऊपर पहाड़ों की ओर जाने वाली सड़कों पर सैकड़ों लोगों को पैदल ही पलायन करते देखा गया जिनमें से कई की गोद में शिशु और हाथों में जरूरी सामान था।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 91 अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान की राजधानी में इस हमले के कारण संघर्ष के पूर्ण युद्ध में बदलने की आशंकाएं प्रबल हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस सप्ताह लेबनान में हमलों में कम से कम 720 लोग मारे गए हैं।मृतकों की संख्या में और वृद्धि होने की आशंका है क्योंकि हताहतों की तलाश के लिए छह इमारतों के मलबे में तलाश अभियान अब भी जारी है। प्रारंभिक विस्फोट के बाद इजराइल ने दक्षिणी उपनगरों के अन्य क्षेत्रों पर कई हमले किए।

### यूपी के...

इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज, हैंडलूम एंड टैक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में आज जिस तरह का माहौल है, उससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट होता था, आज यह एक्सपोर्ट दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। उन्होंने कहा, आने वाले दो वर्षों में एक्सपोर्ट 3 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। उन्होंने कहा, यह एक्सपोर्ट एमएसएमई के साथ ही ओडीओपी के माध्यम से आ रहा है। योगी के नेतृत्व में हर स्तर पर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। चाहे वह कानून व्यवस्था की बात हो, इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, रेल कनेक्टीविटी की बात हो या फिर नए एयरपोर्ट की बात हो। उन्होंने कहा, 2022 में प्रदेश सरकार ने विभिन्न सेक्टरों के लिए जो पॉलिसी बनाई हैं, निश्चित तौर पर उससे उद्यमियों को लाभ मिलेगा और उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश बनने के साथ ही उत ?तम प्रदेश बनेगा और 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में सफल होगा।

# खेलकूद से विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से होते हैं मजबूत

चित्रकूट।माध्यमिक विद्यालयों के कर्वी क्षेत्र की तीन दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद रैली का शुभारम्भ शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रात 11 बजे मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने किया । उन्होंने कहा कि खेलकूद का जीवन में बहुत महत्व है। शारीरिक, मानसिक मजबूती तो मिलती ही है आत्मविश्वास और भाई-चारे की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि खेलकूद के क्षेत्र में भी युवा अपना कैरियर बना सकते हैं । यहीं के खिलाड़ी जिले में मण्डल में फिर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा के बल पर चित्रकूट का नाम रोशन कर सकते हैं । उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्र, प्रबन्धक जेएम बालिका इण्टर कालेज जगमोहन सिंह आदि अतिथियों की उपस्थिति रही। रैली में कर्वी क्षेत्र के 16 विद्यालयों के लगभग 1400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर खिलाडी़ टीमों ने बैण्ड बाजे के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। शनिवार को बालक-बालिकाओं की ऊंचीकूद, लम्बी कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगितायें आयोजित हुई । प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान किये गये। पहले दिन 600 मी0 दौड बालिका वर्ग में रानू सोनी ने पहला स्थान पाया वहीं मानसी को दूसरा व काजल को तीसरा स्थान मिला। जबकि 800 मी0 की दौड़ में सीआईसी की लबली सिंह को प्रथम स्थान मिला, दूसरे में क्षमा और तीसरे में रोशनी रहीं। बालक वर्ग 800 मी0 में धीरेन्द्र सिंह और 600 मी0 में मो0 आजम ने बाजी मारी, डिस्कस थ्रो में सोना देवी, ऊंचीकूद में शानू देवी, डिस्कस थ्रो जूनियर बालिका में अर्चना यादव, सब जूनियर में लक्ष्मी देवी को पहला स्थान मिला। 800 मी0 बालिका में अर्चना यादव, सब जूनियर में लक्ष्मी देवी को पहला स्थान मिला। 800 मी0 दौड सीनियर बालिका में सीमा को पहला स्थान मिला, गोला फेंक में नसीम अहमद, ऊंची कूद बालिका में रानी देवी, गोला फेंक सब जूनियर में रत्नाकर पटेल को पहला स्थान मिला। खेलकूद संयोजक अभिमन्यु सिंह व सह संयोजक अनूप श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में प्रधानाचार्य अभिमन्यु सिंह, अनूप कुमार श्रीवास्तव, कल्पना राजपूत, दिनेश सिंह, छोटेलाल, विजय , डा0 राजीव पाठक, प्रियंका, सीताराम के अलावा सुरेश प्रसाद, पीएन श्रीवास्तव, डॉ0 रमेश कुमार सिंह चंदेल, अवधेश सिंह, अनिल, विनोद, श्यामसुन्दर यादव, साकेत, दीपक, नेमचन्द्र, मोहनलाल दीन आदि का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिताओं का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मइयादीन पटेल द्वारा किया गया। बता दें कि सांस्कृतिक कार्यक्रम जेएम पब्लिक स्कूल व एथलेटिक्स जिला स्टेडियम में हो रहें हैं ।

## डीएम व एसपी ने पीस कमेटी की बैठक में दिये निर्देश

चित्रकूट।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नवरात्रि/ दशहरा व अमावस्या पर्व के आयोजन के संबंध में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों के दिन निमित्त रूप से विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें, अगर बिजली के तार लटक रहे हैं उसे सही कराएं। उन्होंने जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा एवं अन्य त्योहारों के अवसर पर जलापूर्ति रहे। उन्होंने नगरपालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त त्योहारों में साफ-सफाई, चूने का छिड़काव एवं अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में समुचित सफाई व्यवस्था कर उसके उचित कूड़े का निस्तारण कराए जाने के भी निर्देश दिए।

# कांग्रेस में हर कोई हरियाणा में सीएम बनना चाह रहा : मोदी

**●पीएम बोले-बापू और बेटा भी दावेदार**

**भाषा।** हिसार( हरियाणा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी के चलते इसके लिए स्थिरता दूर की कौड़ी है और पार्टी में हर कोई हरियाणा में मुख्यमंत्री बनने के लिए मारामारी कर रहा है तथा बापू (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) और बेटा (दीपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार है। उन्होंने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन दिनों को याद किया, जब हरियाणा में पार्टी (भाजपा) संगठन के लिए काम किया था और कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि हरियाणा ने मुझे बहुत कुछ दिया, बहुत कुछ सिखाया। मोदी ने कहा कि हरियाणा की माताओं-बहनों ने नारा दिया है म्हारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणा और हरियाणा का विकास बिना रुके जारी रहना चाहिए, इसलिए लोगों ने भाजपा को तीसरी बार मौका देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हर जगह से एक ही आवाज सुनाई दे रही है -- भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होना है। मोदी ने कहा कि पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में, कांग्रेस लोगों से किए वादों से बच रही है। उन्होंने कहा कि लोग अब कांग्रेस से कह रहे हैं क्या हुआ तेरा वादा। कांग्रेस लोगों से पूछ रही है तुम कौन। मोदी ने गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा, दिल्ली के शाही परिवार ने हिमाचल की जनता को अपने झूठ में फंसाया। आज हिमाचल के कर्मचारियों को वेतन और डीए (महंगाई भत्ता) देने के लिए उनके पास बजट नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां भी कांग्रेस है वहां स्थिरता कभी नहीं आ सकती। कांग्रेस की हरियाणा इकाई में गुटबाजी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, जो पार्टी अपने नेताओं के बीच एकता नहीं ला सकती, वह राज्य में स्थिरता कैसे लाएगी। उन्होंने कहा, आप देख रहे हैं कि यहां (हरियाणा में) कांग्रेस में लोग मुख्यमंत्री बनने के लिए आपस में ही मारामारी कर रहे हैं। मोदी ने कहा, बापू (भूपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार है और बेटा (दीपेंद्र) भी दावेदार है। और दोनों मिलकर बाकियों को निपटाने में लगे हैं। और यह सब देखकर हरियाणा के जागरूक नागरिक कांग्रेस को निपटाने में लग पड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने तन-मन-धन से दिल्ली के शाही परिवार की सेवा की और अब वे ही पूछ रहे हैं कि उनसे क्या गलती हुई।

## मोदी ने बंसीलाल के साथ काम करने के पुराने किस्से को याद किया

हिसार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हरियाणा मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के साथ काम करने के अवसर को याद किया।हरियाणा मे पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल का भी जिक्र किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि हिसार के विकास मे भजनलाल का बहुत बड़ा योगदान है और आज भी लोग उन्हे याद करते है। मोदी ने कहा, और यह मेरा सौभाग्य रहा कि हरियाणा मे काम करते हुए मुझे भजनलाल के काम को देखने और चौधरी बंसीलाल के साथ काम करने का मौका मिला। बंसीलाल की पुत्रवधू और भाजपा नेता किरण चौधरी तथा भजनलाल के पुत्र और भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई भी यहां रैली मे मौजूद थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हिसार विधायक व पार्टी उम्मीदवार कमल गुप्ता, भाजपा की हरियाणा इकाई के प्रमुख मोहन लाल बडोली, पार्टी के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु भी मौजूद थे। मोदी ने 1990 के दशक में भाजपा और चौधरी बंसीलाल की हरियाणा विकास पार्टी (एचवीपी) के गठबंधन के दौर को याद करते हुए दिवंगत नेता के साथ अपने विशेष संबंधो का जिक्र किया।मोदी ने कहा कि बंसीलाल स्वामी दयानंद के बारे में बहुत बात किया करते थे और अक्सर उनके बारे मे बात करते हुए भावुक भी हो जाते थे।मोदी ने अपने भाषण के दौरान जब देखा कि बहुत से लोग पंडाल (टेंट) के बाहर खड़े है तो उन्होने कहा, पंडाल छोटा पड़ गया है और बहुत से लोगो को धूप मे बाहर खड़ा होना पड़ रहा है। मै उन्हे हुई असुविधा के लिए माफी मांगना चाहता हूं।

## शिवपुरी पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

शिवपुरी (मध्यप्रदेश)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में बारिश के पानी से भरे गड्ढे मे खेलते समय चार से आठ साल के तीन चचेरे भाइयो की शनिवार को डूबने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर कोलारस थाना क्षेत्र के पडोरा गांव के बाहरी इलाके में हुई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीओपी) विजय यादव ने बताया कि चचेरे भाई नीरज (8), संजय (6) और वीर (4) दोस्तों के साथ पानी से भरे गड्ढे मे खेल रहे थे, तभी वे डूबने लगे।

## नड्डा ने तेलंगाना में पार्टी नेताओं से मुलाकात की

हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को तेलंगाना के एकदिवसीय दौरे के दौरान पार्टी के सांसदो, विधायको और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की। भाजपा की तेलंगाना इकाई के महासचिव कसम वेंकटेश्वरलू ने संवाददाताओं को बताया कि नड्डा ने पार्टी नेताओ से राज्य मे सत्ता मे आने (वर्ष 2028 मे होने वाले अगले चुनाव में) के लिए सदस्यता अभियान को आधार बनाने का आह्वान किया।

## कोर इंटीग्रा करेगा विस्तार

**मुंबई।** कोर इंटीग्रा, जो भारतीय इंडस्ट्रीज के लिए श्रम कानूनों के पालन में विशेषज्ञता रखती है, ने अपने देशव्यापी विस्तार की योजना का खुलासा किया है। अगले 12 महीनों में कोर इंटीग्रा की योजना भारत के सभी 28 राज्यों में अपने ऑफिस खोलने की है। वर्तमान में कंपनी 10 प्रमुख शहरों में काम कर रही है, लेकिन इस विस्तार से वह हर राज्य की राजधानी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। इससे श्रम कानूनों के अनुपालन के क्षेत्र में कोर इंटीग्रा की स्थिति और मजबूत होगी। भारत की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ, दूसरे और तीसरे दर्जे के शहर व्यावसायिक विस्तार के केंद्र बनते जा रहे हैं। यहां नए उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और बिजनेस हब्स तेजी से उभर रहे हैं। कोर इंटीग्रा के प्रबंध निदेशक महेश कृष्णमूर्ति ने कहा, हम इस विस्तार के अवसर को लेकर बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि हमारा विजन भारत के भविष्य के सपने से मेल खाता है।

## अमेजन फेस्टिव डेज का जश्न मनाएगा

मुंबई। अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज, 1 से 7 अक्टूबर 2024 तक, ग्राहक ताजे फल और सब्जियों, स्नैक्स, पेय पदार्थों और दैनिक आवश्यकताओं सहित विभिन्न उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की बड़ी बचत का आनंद ले सकते हैं। दुर्गा पूजा, दशहरा, दीवाली और अन्य त्योहारों के साथ त्योहारों की धूमधाम के बीच, ग्राहक अपने पेंट्री को अच्छी तरह से भरने के लिए आशिर्वाद, टाटा सम्पन्न, पार्ले, बिकाजी, पीएंडजी, मैरिको, सेंसोडाइन, निविया, हिमालया और डव जैसे ब्रांड्स पर भरोसा कर सकते हैं, वह भी अपने पसंदीदा समय पर स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ। प्राइम के नियमित ग्राहकों को 50प्रतिशत तक की छूट के साथ 400 का फ्लैट कैशबैक मिलेगा।

## व्हाइटओक नई स्टडी जारी

लखनऊ। व्हाइटओक कैपिटल एएमसी की पहले की एसआयपी रिपोर्ट जिसका शीर्षक था एसआयपी मार्केट साइकिल के टॉप पर शुरू करना बेहतर है या बॉटम पर के तहत कंपनी ने एसआयपी टॉप पर या बॉटम पर और भी जानकारियां प्रस्तुत की हैं। यह रिपोर्ट बीएसई सेंसेक्स टीआरआई के पिछले 27 वर्षों के डेटा का विस्तृत विश्लेषण पर आधारित है और उन सभी अवधियों पर विचार करती है जब इक्विटी बाजार अपने टॉप से 20 प्रतिशत से अधिक गिरा हुआ है। यह जानना दिलचस्प है कि जबकि मार्केट साइकिल के निचले स्तर पर शुरू की गई एसआयपी के लिए प्रतिशत रिटर्न मामूली रूप से अधिक हैए टॉप पर शुरू की गई एसआयपी के लिए रुपये के टर्म में वास्तविक लाभ वेल्थ क्रिएशन कहीं अधिक होता है।

# हरियाणा में दर्द के दशक का अंत करेंगे: राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकसभा में नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार राज्य में दर्द के दशक का अंत करेगी। कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने शनिवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें किसानों के कल्याण के लिए एक आयोग के गठन, शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए दो करोड़ रुपए, दो लाख सरकारी नौकरियों समेत कई वादे किए गए हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली। अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोज़गारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने काले कानून ला कर किसानों का हक़ तक छीन लेने का प्रयास किया, तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से लाखों छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। अपने चुने हुए मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस की आने वाली सरकार दर्द के दशक का अंत करेगी - हर हरियाणा वासी की उम्मीदों, आकांक्षाओं और ख्वाबों को पूरा करना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि बचत से ले कर सेहत, अधिकारों की रक्षा से सामाजिक सुरक्षा, रोज़गार की बहार, हंसता खेलता हर परिवार, ए कांग्रेस की गारंटी है। देश में बढ़ रही बेरोज़गारी, मेरे लिए एक बहुत गंभीर और संवेदनशील विषय है। मैं हरियाणा के उन युवाओं से मिला जो डंकी जैसे खतरनाक रास्ते से अमेरिका गए। फिर करनाल में, मैंने उनके परिवारों से मुलाकात की। युवाओं के संघर्षों की कहानियां सुनकर और बच्चों के साथ उनके माता-पिता को रोते हुए देख कर, मैं अंदर तक हिल गया। उन्होंने सवाल किया, पिछले 10 वर्षों में भारत से अमेरिका के लिए प्रवास 60 गुना क्यों बढ़ा? युवा 35 लाख का कर्जलेकर व्यवसाय करने के बजाय डंकी जैसे रास्ते लेकर अपने जीवन को खतरे में क्यों डाल रहे हैं?

## भाजपा देश के शेष हिस्से में भावनाएं भड़काने के लिए जम्मू कश्मीर का इस्तेमाल कर रही : प्रियंका



**बिश्नाह( जम्मू )।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगी। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर देश के अन्य हिस्सों में भावनाएं भड़काने के लिए केंद्र शासित प्रदेश का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की आलोचना करते हुए कहा कि मौजूदा प्रशासन एक कठपुतली सरकार है जिसे रिमोट कंट्रोल से चलाया जा रहा है। उन्होंने यहां एक जनसभा में कहा, कांग्रेस पार्टी के पास आपके और जम्मू कश्मीर के लिए एक दृष्टि है। हम आपका राज्य का दर्जा बहाल करना चाहते हैं। अगर हमारी सरकार सत्ता में आती है, तो हम तुरंत आपका राज्य का दर्जा बहाल करेंगे। हम दरबार मूव की परंपरा को भी फिर से शुरू करेंगे। दरबार मूव का तात्पर्य जम्मू कश्मीर में कड़ाके की सर्दियों के मद्देनजर सचिवालय सहित सरकारी कार्यालयों को जम्मू और श्रीनगर के बीच अर्द्धवार्षिक स्थानांतरण से है। कांग्रेस नेता ने बिश्नाह में पार्टी उम्मीदवार नीरज कुंदन के लिए वोट मांगते हुए कहा, हम आपके अधिकारों, आपकी जमीन और आपके रोजगार के अधिकारों की रक्षा करना चाहते हैं। राज्य का दर्जा के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उनपर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा, मुझे यह मजेदार लगा, जब गृह मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि यदि आप राज्य का दर्जा वापस चाहते हैं, तो आपको हमें (भाजपा को) वोट देना होगा।

# खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाओं में सुधार पर निरंतर जोर दे रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी: नड्डा

**भाषा।** पटना




**केंद्रीय मंत्री और** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में युवा मामले और खेल मंत्रालय के लिए बजटीय आवंटन में तीन गुना इजाफा किया गया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार खेलों की बेहतरी और खिलाड़ियों को सुविधाएं देने पर जोर देते रहे हैं।पटना में भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत पैरालंपिक खिलाड़ी सम्मान एवं सदस्यता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा-नीत राजग सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा दिया है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा, एक समय था जब भारत को केवल एक या दो पदकों पर संतोष करना पड़ता था लेकिन ए मोदी जी के प्रयासों का परिणाम है कि आज भारत ओलंपिक और पैरालंपिक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने खेलों को हमेशा ही महत्व दिया है। एक समय था जब देश में खेलों को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी और ओलंपिक में भागीदारी को एक सामान्य प्रक्रिया माना जाता था। आदरणीय मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के उपरांत खेलों पर विशेष ध्यान दिया गया है। नड्डा ने कहा, मोदी सरकार ने ओलंपिक में भारत की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं शुरू कीं और पैरालंपिक्स को भी मुख्यधारा में लाने को प्राथमिकता दी। जब खिलाड़ी प्रतियोगिताओं के लिए जाते हैं, तो मोदी जी उनसे मिलते हैं। चाहे स्पर्धाओं में खिलाड़ी जीतें या न जीतें, मोदी जी खिलाड़ियों के वापस आने के बाद उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं और उनकी हौसला अफजाई करते हैं।

## नारी शक्ति व शिक्षा के बिना हम विकसित होने का सपना नही देख सकते : धनखड़

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के विकास में नारी शक्ति और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि इन दोनों के बिना हम विकसित भारत का सपना नहीं देख सकते।धनखड़ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि महिला और शिक्षा देश को विकसित भारत की ओर ले जाने वाले रथ के चक्र हैं।उन्होंने जयपुर में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उपराष्ट्रपति ने कहा, महिलाओं के बिना और शिक्षा के बिना हम विकसित भारत का सपना नहीं देख सकते।

# बिहार में गंडक और कोसी समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ा, हालात चिंताजनक

**भाषा।** पटना



**बिहार में वाल्मीकि** नगर एवं बीरपुर बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट और अधिक गहरा जाने के साथ गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा एवं अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बाढ़ के कारण प्रदेश के 13 जिलों की 1.41 लाख आबादी प्रभावित हुई है। राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शनिवार अपराह्न दो बजे तक कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से कुल 5.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो पिछले 56 वर्षों में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि तटबंधों की सुरक्षा के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। पिछली बार इस बैराज से अधिकतम पानी 1968 में 7.88 लाख क्यूसेक छोड़ा गया था।इसी तरह, अपराह्न दो बजे तक गंडक नदी पर बने वाल्मीकि नगर बैराज से 4.49 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

## कोलकाता के पास सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सों पर हमले के सिलसिले में चार लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद कोलकाता के पास कॉलेज ऑफ मेडिसिन और सागर दत्ता अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सों पर हुए हमले के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग 30 वर्षीय महिला मरीज के परिवार के सदस्य हैं, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी।बैरकपुर के पुलिस आयुक्त आलोक राजोरिया ने कहा, शुक्रवार शाम को कॉलेज ऑफ मेडिसिन और सागर दत्ता अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सों पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हमें अस्पताल के अधिकारियों से शिकायतें मिली हैं। अस्पताल से सीसीटीवी फुटेज को सबूत के तौर पर जब्त कर लिया गया है। आरोपियों को बाद में बैरकपुर की एक अदालत में पेश किया गया। स्वास्थ्य सचिव एन.एस. निगम ने स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ दिन में अस्पताल का दौरा किया और राजोरिया और अस्पताल के अन्य अधिकारियों के साथ-साथ जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की, जिन्होंने घटना के बाद काम बंद कर दिया था।

# राहुल गांधी अव्वल दर्जे के झूठे : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा इस साल 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नाच गाना की टिप्पणी किए जाने पर शनिवार को आड़े हाथ लिया। सत्तारूढ़ दल ने उन्हें अव्वल दर्जे का झूठा करार दिया। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस नेता की टिप्पणी गांधी परिवार की वास्तविक रुख और हिंदू धर्म के प्रति तिरस्कार को दर्शाता है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया गांधी का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आई है। वीडियो में राहुल गांधी को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है, राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अमिताभ बच्चन, अंबानी और अडाणी को आमंत्रित किया गया लेकिन इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किसी गरीब, मजदूर या किसान को नहीं बुलाया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने बृहस्पतिवार को हरियाणा के बरवाला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, वहां नाच-गान हो रहा था। यही कारण है कि संसदीय चुनाव में भाजपा अयोध्या लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी के अवधेश सिंह से हार गई। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर राम मंदिर का बार-बार अपमान करने का आरोप लगाया। इसके निर्माण में शामिल श्रमिकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्मानित किया और उन पुष्पवर्षा की। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए त्रिवेदी ने कहा, यह बहुत दुखद और गंभीर बात है कि राहुल गांधी, जिन्होंने भगवान के नाम पर (लोकसभा में) शपथ नहीं ली, वे धार्मिक मामलों पर तरह-तरह की बेतुकी बातें कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति ने हैदराबाद में भारतीय कला महोत्सव का उद्घाटन किया

**भाषा।** हैदराबाद



*राष्ट्रपति द्रौपदी* मुर्मू ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति निलयम में भारतीय कला महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया।आठ दिवसीय कला महोत्सव में पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की कला, संस्कृति, शिल्प और पाक विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा।मुर्मू ने इस अवसर पर कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों की सांस्कृतिक विविधता, संगीत, कला और पारंपरिक पोशाक देश की विरासत हैं।उन्होंने कहा कि महोत्सव देशवासियों को क्षेत्र की परंपराओं और समुदायों से परिचित कराने का एक प्रयास है। मुर्मू ने विश्वास जाहिर किया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम देश के पूर्वोत्तर और दक्षिण राज्यों के बीच सेतु का काम करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले आठ दिनों में कई लोग महोत्सव में आएंगे और पूर्वोत्तर की संस्कृति से जुड़ेंगे। यह आयोजन सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है।मुर्मू ने कहा कि पूर्वोत्तर के लोग अपने आतिथ्य, कड़ी मेहनत और उत्साह के लिए जाने जाते हैं तथा जब भी वह वहां जाती हैं तो उन्हें लोगों का प्यार मिलता रहा है। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और उसका संवर्धन करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों और अन्य लोगों की सराहना की तथा कार्यक्रम के आयोजन के लिए केंद्रीय संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की भी सराहना की। इससे पहले राष्ट्रपति ने यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी भाग लिया।

## क्विक न्यूज

### देश में एक लाख गौ ध्वज स्थापित किए जाएंगे: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

अगरतला। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि हिंदुओं के लिए पूज्य गायों की रक्षा के लिए देशभर में एक लाख गौ ध्वज स्थापित किए जाएंगे। शंकराचार्य पश्चिमी त्रिपुरा के तुलाकोना मे गौ ध्वज स्थापित करने के लिए त्रिपुरा मे है। उत्तराखंड मे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य ने पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि देश की आजादी से पहले भी गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने की जोरदार मांग उठती रही है। उन्होंने कहा, यह व्यापक रूप से माना जाता था कि ब्रिटिश शासको के देश छोड़ने के बाद गायो की हत्या पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, लेकिन पिछले 78 वर्षों से ऐसा नही हुआ। कई सरकारें आईं और गईं लेकिन यह मुद्दा अनसुलझा है। गाय की पूजा करने वाले हिंदू निराश है। गायों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए देश में एक लाख गौ ध्वज स्थापित करने की बात कहते हुए शंकराचार्य ने गायो की हत्या करने वालो को दंडित करने के लिए कानून बनाने की मांग की।

### आईडीएफसी लिमिटेड व आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का विलय

मुंबई। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक द्वारा बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान, बैंक ने घोषणा की कि उसने आईडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय पूरा कर लिया है। यह घोषणा शेयरधारकों और नियामकों से सभी आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद की गई, और 1 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होगी।विलय के परिणामस्वरूप, आईडीएफसी लिमिटेड के प्रत्येक 100 इक्विटी शेयर्स के लिए बैंक के 155 इक्विटी शेयर्स आवंटित किए जाएँगे। यह आवंटन उन शेयरधारकों पर लागू होता है, जिनके पास रिकॉर्ड तिथि, 10 अक्टूबर, 2024 तक आईडीएफसी लिमिटेड के शेयर्स हैं। उम्मीद है कि नियामक प्रक्रियाओं और मंजूरी के अधीन, शेयर्स 31 अक्टूबर, 2024 को या उससे पहले आईडीएफसी लिमिटेड के शेयरधारकों को जमा कर दिए जाएँगे। विलय के बारे में बोलते हुए, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ वैद्यनाथन ने कहा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और आईडीएफसी लिमिटेड के बीच आज विलय की जो घोषणा की गई है, वह दो वर्षों की कड़ी मेहनत का प्रतीक है। मैं आईडीएफसी लिमिटेड का आभारी हूँ कि उन्होंने पूरी संरचना को सरल बनाने, चुनौतियों से निपटने और विलय को संभव बनाने के लिए महत्वपूर्ण सहायक चर्चाएँ कीं।

### टाटा देगा शुद्ध रागी आटा

**मुंबई।** टाटा संपन्न ने अपने नए और आसानी से पकने वाला रागी आटा को बाजार में लाया है। यह मिलेट बेस्ड आटे की दुनिया में एक अनोखा कदम है। यह 100: शुद्ध रागी आटा हैए जो रोज़मर्रा के खाने में मिलेट को शामिल करना बेहद आसान बनाता है। यह उत्पाद उन लोगों की ज़रूरत को पूरा करता है जो पौष्टिक और सुविधाजनक भोजन विकल्प चाहते हैं। मिलेट्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं क्योंकि उनमें कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। सरकार की पहल और भारत की पारंपरिक खाने की संस्कृति की बढ़ती सराहना भी इसके पीछे है। टाटा संपन्न का ईज़ी कुक रागी आटा लोगों के लिए मिलेट को अपने रोज़मर्रा के खाने में शामिल करने का एक आसान और पौष्टिक विकल्प है। यह 100: शुद्ध रागी का आटा हैए जिसमें कोई मैदा या गेहूं नहीं मिलाया गया है। इसमें कोई भी मिलावट या प्रिजर्वेटिव्स नहीं हैं। यह एक नया और अलग तरीका है जो मिलेट आधारित आटे से जुड़ी पारंपरिक चुनौतियों, जैसे कि मेहनत से गूंथन,बेलनाच नरम और ताजगी भरी की चिंताए को दूर करता है। इस आटे को एक खास तकनीक से बनाया गया हैए जिससे लोगों को सुविधा मिलती है और रागी की प्राकृतिक पोषण क्षमता भी बरकरार रहती है।

### केरल में पुलिस की गोलीबारी में बचे पुष्पन का निधन

कोझिकोड। केरल को तीन दशक पहले हिला कर रख देने वाली कुथुपरम्बा पुलिस गोलीबारी की घटना मे जीवित बचे प्रमुख वामपंथी कार्यकर्ता पुथुकुड़ी पुष्पन का शनिवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।वर्ष 1994 में कुथुपरम्बा गोलीकांड मे गंभीर रूप से घायल हुए पुष्पन (54) पिछले कई वर्षों से शय्याग्रस्त थे। उन्हे इस घटना का जीवित शहीद माना जाता था।इस गोलीबारी में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के युवा संगठन डीवाईएफआई के पांच कार्यकर्ता मारे गए थे।पार्टी सूत्रों के अनुसार, पुष्पन कुछ समय से अस्वस्थ थे और दो अगस्त को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हे अस्पताल मे भर्ती कराया गया था।सूत्रों ने बताया कि शनिवार अपराह्न साढ़े तीन बजे पुष्पन ने अंतिम सांस ली।

### पैसिव यूथेंसिया पर नया मसौदा दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मसौदा दिशानिर्देशों के अनुसार, चिकित्सकों को असाध्य रोग से पीड़ित मरीजों से जीवन रक्षक प्रणाली हटाने पर कुछ खास शर्तों के आधार पर सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए, जिसमे मरीज या उनके परिजनो द्वारा लिखित रूप मे किया गया इनकार भी शामिल है। दिशानिर्देशों मे, पैसिव यूथेंसिया (जीवन रक्षक उपाय बंद कर मरीज को मरने देने) के लिए चार शर्तें निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत रोगी के सर्वोत्तम हित में विचार कर निर्णय लिया जा सकता है, ताकि किसी असाध्य रोग की स्थिति मे ऐसे जीवन रक्षक उपाय को रोका या बंद किया जा सके, जिससे रोगी को कोई लाभ होने की संभावना नही है या जिससे उसे पीड़ा होने और गरिमा को ठेस पहुंचने की संभावना नही है।

### बच्चे-बच्चे को पता है का नया कैंपेन

**मुंबई।** मोर्टिन ने अपने एक नए कैम्पेन बच्चे बच्चे को पता है की घोषणा की है। इस कैम्पेन में कंपनी अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट भारत के पहले 2-इन-1 स्प्रे मोर्टिन 2-इन-1 के बारे में बताएगा। मोर्टिन 2-इन-1 मच्छरों और कॉकरोच दोनों को 100प्रतिशत मारता है। नया कैम्पेन यह बताता है कि भारतीय घरों में पाए जाने वाले कॉकरोच और मच्छरों दोनों को मारने के लिए मोर्टिन 2-इन-1 कितना सुविधाजनक है सौरभ जैन रीजनल मार्केटिंग डोयरेक्टर, साउथ एशिया हाइजीन रेकिट ने कहा मॉर्टिन हमेशा से ही अपने ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार प्रोडक्ट तैयार करने पर ध्यान देता रहा है। आज भारत में घरेलू पेस्ट स्प्रे का उपयोग करने वाले अधिकांश लोग ऐसे स्प्रे का उपयोग करते हैं जो खासतौर पर या तो मच्छरों के लिए या फिर कॉकरोचों के लिए डिजाइन किया गया है। चूंकि ज्यादातर घरों में साल भर मच्छर और कॉकरोच दोनों की समस्या रहती है, ऐसे में ये लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं।

### मैकडॉवेल स्वाद व गुणवत्ता पर समझौता नहीं करेगा

मुंबई। 125 साल पुराने भारत के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से एक मैकडॉवेल एंड कंपनी की एक्स सीरीज अपने पोर्टफोलियो में वोदका और जिन से लेकर बेहतरीन सिट्रॉन रम और स्वादिष्ट डार्क रम प्रदान करके ग्राहकों के लिए शानदार एल्कोहल का बेहतरीन स्वाद लेकर आई है। मैकडॉवेल्स एंड कंपनी की एक्स सीरीज के लॉन्च के बारे में वरुण कूरिच, वाईस प्रेसिडेंट एवं पोटफोलियो हेड, मार्केटिंग, डियाजियो इंडिया, ''मैकडॉवेल्स ने अपने बेहतरीन स्वाद और गुणवत्ता की लंबी विरासत के साथ स्पिरिट्स की दुनिया में लगातार नए मानक स्थापित किए हैं। इसी विरासत को आगे बढ़ा रही है, मैकडॉवेल्स एंड कंपनी की एक्स सीरीज, जो उत्कृष्टता एवं उत्तमता का एक नया युग शुरू कर देगी। प्रीमियम वोदका, जिन, सिट्रॉन रम और डार्क रम की यह नई रेंज बड़े आयोजनों के लिए ग्राहकों की बढ़ती पसंद और एल्कोहल सेवन के बेहतर अनुभव को प्राथमिकता देते हुए प्रयोगात्मकता से प्रेरित है।

### प्रभु श्रीराम अगरबत्ती बनी भारतीय संस्कृति की प्रतीक

**'ग्रेटर नोएडा'।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में प्रभु श्रीराम लक्ज़री अगरबत्ती के स्टॉल पर पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्रा की उपस्थिति एक महत्वपूर्ण क्षण था। उन्होंने प्रभु श्रीराम लक्ज़री अगरबत्ती की प्रशंसा करते हुए कहाए ष् इस ब्रांड ने भारतीय कलाए संस्कृति और मूल्यों को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया है। ऐसे प्रयास हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने और विशेष रूप से युवाओं में उसे फैलाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनके साथ यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण सीईओ डॉ् अरुण वीर सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने भी भारतीय संस्कृति को आधुनिक दुनिया में प्रस्तुत करने के इस प्रयास की सराहना की। दुर्गा शंकर मिश्रा ने इस ट्रेड शो के दौरान प्रभु श्रीराम लक्ज़री अगरबत्ती को लेकर कहा कि समाज को इन उत्पादों का व्यक्तिगत रूप से अनुभव करना चाहिए और इन्हें उपहार के रूप में प्रचारित करना चाहिए ताकि भारतीय परंपराओं की खुशबू हर जगह फैले। डॉ. अरुण वीर सिंह ने भी ब्रांड के उत्पादों की प्रशंसा की और कहा कि कैसे प्रभु श्रीराम लक्ज़री अगरबत्ती ने प्राचीन भारतीय परंपराओं और आधुनिक लक्ज़री उत्पादों का अनूठा संयोजन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के उत्पाद भारत को वैश्विक लक्ज़री बाजार में एक अलग पहचान दिला सकते हैं और भारतीय संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देगा ओप्पो

**कानपुर।** ओप्पो इंडिया ने ओप्पो रेनो 12 प्रो 5जी मनीष मल्होत्रा लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है जो भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को समर्पित है। मनीष मल्होत्रा के प्रतिष्ठित वर्ल्ड कलेक्शन से प्रेरित यह स्पेशल एडिशन काले रंग के बैक पैनल में फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी और गोल्डन कलर की नक्काशी के साथ भारतीय डिज़ाईन की भव्यता और विरासत प्रदर्शित करता है। इसमें ओप्पो के इनोवेटिव मटेरियल डिज़ाईन और मल्होत्रा के सिग्नेचर मोटिफ्स की मदद से भारत में त्योहारों का उत्साह लग्ज़री और क्राफ्ट्समैनशिप के साथ पेश किया गया है। सैवियो डिसूज़ा ओप्पो इंडिया के उत्पाद संचार प्रमुख ने कहा कि हम ओप्पो रेनो 12 प्रो 5जी मनीष मल्होत्रा लिमिटेड एडिशन पेश करने के लिए उत्साहित हैंजिसमें सुंदरता के साथ फंक्शनैलिटी का समावेश है। इस गठबंधन के अंतर्गत मनीष मल्होत्रा की कारीगरी और ओप्पो की आधुनिक टेक्नोलॉजी ने एक ऐसा उत्पाद पेश किया है जो स्टाईलिश होने के साथ ग्राहकों के हृदय में ऐसा गहरा प्रभाव छोड़ता हैए जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस गठबंधन के बारे में मनीष मल्होत्रा ने कहा कि मैंने हमेशा पारंपरिकता में भव्यता उतारने का प्रयास किया है।

# यूक्रेन के सुमी शहर में चिकित्सा केंद्र पर रूसी हमले में आठ लोगों की मौत

भाषा। कीव



बेरूत उपनगर में हमले के बाद का दृश्य

**यूक्रेन के उत्तर**-पूर्वी शहर सुमी में एक चिकित्सा केंद्र पर रूस ने शनिवार सुबह लगातार दो हमले किए जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इगोर क्लिमेंको ने कहा कि पहले हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मरीज और कर्मचारी जब बाहर निकल रहे थे तब रूस ने फिर से हमला किया। सुमी के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमले में शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। सुमी शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सी ड्रोज्डेंको ने बताया कि हमले में ग्यारह अन्य लोग घायल हुए हैं। सुमी रूस के कुर्स्क क्षेत्र से लगभग 32 किलोमीटर दूर स्थित है। क्रेमलिन के सैनिकों का ध्यान यूक्रेन की अग्रिम पंक्ति से हटाने के मकसद से यहां छह अगस्त से यूक्रेनी सैनिकों को तैनात किया गया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने रात भर में लॉन्च किए गए 73 रूसी ड्रोन में से 69 को मार गिराया और साथ ही चार मिसाइलों में से दो को भी मार गिराया। कीव में शहर के अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी और उसके बाहरी इलाकों में करीब 15 ड्रोन को मार गिराया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृह नगर क्रिवी रीह में शुक्रवार को रूसी मिसाइल से प्रभावित एक प्रशासनिक भवन के मलबे के नीचे एक व्यक्ति का शव मिला है जिससे इस हमले में मरने वालों की संख्या चार हो गई है। बेलगोरोड के क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया कि शनिवार को रूस के सीमावर्ती शहर शेबेकिनो में यूक्रेन की गोलाबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।

### बेरूत उपनगर में हुए हमलों में दो लोगों की मौत और 76 अन्य घायल

**बेरूत।** बेरूत उपनगर में इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 76 अन्य घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने बेरूत में हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक कई भीषण विस्फोट से काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हो गईं और आसमान में नारंगी तथा काले धुएं का गुबार छा गया। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में कम से कम दो लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए। इजराइल के तीन प्रमुख टीवी चैनलों के अनुसार हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला को निशाना बनाने के लिए ए हमले किए गए। हालांकि सेना ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया।

# यूरोपीय, अरब और मुस्लिम देशों ने स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के समर्थन में नई पहल की

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**यूरोपीय, अरब और** इस्लामी देशों ने स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र तथा उसकी संस्थाओं के प्रति समर्थन मजबूत करने एवं लेबनान में बढ़ते संघर्ष एवं गाजा में युद्ध के बाद के भविष्य की तैयारी के लिए एक पहल शुरू की है। नॉर्वे के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, पश्चिमी देशों, अरब देशों, ग्लोबल साउथ में अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस बात को लेकर आम सहमति बन रही है कि हमें एक फलस्तीनी प्राधिकरण, एक फलस्तीन सरकार, एक फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना करने की आवश्यकता है और फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी जानी चाहिए। ईडे ने कहा कि कई मुद्दों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, जिनमें इजराइल और फलस्तीनियों के सुरक्षा संबंधी हित, दशकों के संघर्ष के बाद संबंधों को सामान्य करना एवं उन्हें मान्यता देना तथा एक सैन्य समूह के रूप में हमास का विघटन जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर काम में तेजी लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के इतर बृहस्पतिवार को लगभग 90 देशों ने एक बैठक में भाग लिया। ईडे और सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने फलस्तीन राष्ट्र और द्विराष्ट्र समाधान के कार्यान्वयन के लिए वैश्विक गठबंधन करने के लिए सत्र की सह-अध्यक्षता की। नॉर्वे के विदेश मंत्री ईडे ने सभी देशों से सार्वभौमिक मान्यता प्रदान करने में योगदान देने और फलस्तीनी संस्थाओं को मजबूत करने का आग्रह किया ताकि वे वेस्ट बैंक के लोगों की उम्मीदों पर खरे उतर सकें और गाजा लौटने के लिए तैयार हों। उन्होंने कहा, हम एक फलस्तीन चाहते हैं, अलग-अलग फलस्तीन नहीं।

### दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 लोगों की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के एक ग्रामीण कस्बे में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर एथलेंडा मैथे ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में 15 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। एक अन्य व्यक्ति अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। गोलीबारी की यह घटना शुक्रवार रात दक्षिण अफ्रीका के ईस्टर्न केप प्रांत के लुसिकिसिकी कस्बे में हुई। पुलिस द्वारा जारी वीडियो में दिख रहा है कि गोलीबारी एक ही इलाके के दो घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि एक घर में 12 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हुई, जबकि दूसरे घर में तीन महिलाओं और एक पुरुष की जान गई।

### उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को इंजन के काम नही करने के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा के करीब उत्तर वजीरीस्तान जिले में हुई। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में 14 लोग सवार थे। एक तेल कंपनी का विशेष हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य जख्मी हो गए। हेलीकॉप्टर मरी पेट्रोलियम कंपनी का था। आठ घायलों में से तीन रूसी पायलट शामिल हैं जिन्हें कम्बाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल (सीएमएच) में भर्ती कराया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के गवर्नर फैसल करीम खुंदी ने घटना पर दुख जताते हुए संबंधित प्राधिकारियों से हेलीकॉप्टर हादसे पर रिपोर्ट मांगी है।

### इजराइली सेना ने अतिरिक्त रिजर्व सैनिक तैनात किए

**बेरूत।** इजराइली सेना लेबनान के साथ तनाव बढ़ने के बीच अतिरिक्त रिजर्व सैनिकों को तैनात कर रही है। सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने शनिवार सुबह कहा कि वह रिजर्व सैनिकों की तीन बटालियन को सक्रिय कर रही है। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में दो बटालियन को संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरी इजराइल भेजा गया था।इजराइली सेना ने शनिवार सुबह दक्षिणी बेरूत और पूर्वी लेबनान की बेका घाटी में कई हमले किए। हिजबुल्ला ने शनिवार को उत्तरी और मध्य इजराइल तथा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर दर्जनों रॉकेट दागे।

# जयशंकर ने बिम्सटेक के साथ संबंध मजबूत करने की बात दोहराई

## विदेश मंत्री बोले-भारत की प्रतिबद्धता कायम

भाषा। न्यूयॉर्क



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने अपनी पड़ोस प्रथम और एक्ट ईस्ट नीतियों के अनुरूप सात देशों के समूह बिम्सटेक के साथ व्यापक भागीदारी की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जयशंकर ने शुक्रवार को उच्च स्तरीय सत्र के इतर न्यूयॉर्क में बंगाल की खाड़ी बहु–क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। यह बैठक बिम्सटेक नेताओं के शिखर सम्मेलन की तैयारी करने के लिए की गई। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा में हमारे करीबी सहयोग का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र में भौतिक, समुद्री और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, क्षमता निर्माण, कौशल विकास और परस्पर संपर्क में सुधार लाने के अवसर तलाश किए। विदेश मंत्री ने कहा, बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र का विकास एक सामूहिक संकल्प है। पड़ोसी प्रथम, विजन सागर और एक्ट ईस्टी नीति की तर्ज पर बिम्सटेक के साथ व्यापक भागीदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पड़ोस प्रथम नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पाकिस्तान को सनद रहे कि सीमा पार आतंकवाद के अंजाम उसे अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने जवाब देने के अधिकार का शुक्रवार को इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत कहा, इस महासभा ने आज सुबह खेदजनक रूप से एक हास्यास्पद घटना देखी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना द्वारा संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने पड़ोसियों के खिलाफ हथियार के तौर पर सीमा पार आतंकवाद का लंबे समय से इस्तेमाल करता रहा है।

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 59 की मौत

भाषा। काठमांडू



**नेपाल में लगातार** बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नेपाल के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नेपाल में हुई 59 लोगों की मौत 34 काठमांडू घाटी में हुई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ में 36 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 44 लोग लापता हैं जिनमें से 16 काठमांडू घाटी में लापता हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है। अधिकारी ने कहा कि देशभर में 44 स्थानों पर मुख्य राजमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। इस बीच, कार्यवाहक प्रधानमंत्री एवं शहरी विकास मंत्री प्रकाश मान सिंह ने गृह मंत्री, गृह सचिव और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों समेत विभिन्न मंत्रियों की एक आपात बैठक बुलाई है और उन्हें खोज तथा बचाव अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ के कारण मुख्य विद्युत लाइन बाधित होने के कारण काठमांडू में पूरे दिन बिजली गुल रही लेकिन शाम को बिजली आपूर्ति बहाल हो गई ।पुलिस ने बताया कि काठमांडू में 226 मकान जलमग्न हो गए हैं और प्रभावित इलाकों में नेपाल पुलिस की ओर से लगभग तीन हजार सुरक्षाकर्मियों की बचाव टीम तैनात की गई है।

# अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में हेलेन के कारण 44 मरे

**पेरी (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के दक्षिण–पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। इससे कई पेड़ उखड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के कारण एक मकान पर पेड़ गिर जाने के कारण वहां रह रही एक महिला, उसके एक महीने के जुड़वां बच्चे तथा एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत–बचाव अभियान के दौरान तीन अग्निशमन कर्मियों की भी मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस की गणना अनुसार, हेलेन तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में कम से कम 44 लोग मारे गए हैं। तूफान हेलेन के कारण दक्षिणी जॉर्जिया के कुछ अस्पतालों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में बृहस्पतिवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी। उस दौरान तूफान की अधिकतम रफ्तार 225 किलोमीटर प्रति घंटा थी। मूडीज एनालिटिक्स ने बताया कि तूफान के कारण 15 से 26 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के नुकसान की आशंका है।

## हैरिस ने अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को सुधारने का संकल्प लिया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया है। हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस मुद्दे को लेकर उन पर बार–बार किए गए राजनीतिक हमलों का जवाब देते हुए यह बात कही। अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस ने एरिजोना के डगलस में अमेरिका–मैक्सिको सीमा का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की।

# आइफा उत्सवम 2024: पुरस्कार विजेता सितारों में ऐश्वर्या, मणिरत्नम और नानी शामिल

भाषा। यास आइलैंड (अबू धाबी)



**अंतरराष्ट्रीय** भारतीय फिल्म अकादमी (आइफा) पुरस्कार–2024 के लिए आयोजित तीन दिवसीय समारोह के शुरुआती कार्यक्रम आइफा उत्सवम में ऐश्वर्या राय बच्चन, मणि रत्नम, एआर रहमान, नानी और मृणाल ठाकुर पुरस्कार पाने वाले कलाकारों में शामिल रहे।शुक्रवार को आयोजित आइफा उत्सवम में सभी चार दक्षिण फिल्म जगत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्एक फिल्म जगत ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन, मुख्य भूमिका (पुरुष और महिला), सहायक भूमिका (पुरुष और महिला), नकारात्मक भूमिका, संगीत निर्देशन, गीत और पार्श्व गायक (पुरुष और महिला) की श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया।तमिल सिनेमा में अभिनेता रजनीकांत अभिनीत एक्शन कॉमेडी जेलर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तमिल) घोषित किया गया। पोन्नियिन सेलवन–2 में अभिनय के लिए ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री (महिला) घोषित किया गया जबकि फिल्म के निर्माता मणिरत्नम को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। विक्रम और जयराम रवि को क्रमश: सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सहायक भूमिका (पुरुष) का विजेता घोषित किया गया। वहीं एआर रहमान को पोन्नियिन सेलवन 2 में संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का पुरस्कार दिया गया जबकि गायक हरिचरण और शक्तिश्री गोपालन ने सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक श्रेणी में पुरस्कार जीता।वहीं तेलुगु सिनेमा में एक्शन थ्रिलर दसरा ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले नानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और शाइन टॉम चाको ने फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक कलाकार श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया।मलयालम फिल्म जगत की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 2018: एवरीवन इज ए हीरो को मिला, जो पिछले साल ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी।

## क्विक न्यूज

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हकदार है भारतः भूटान

**संयुक्त राष्ट्र।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ में अपने नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हक्दार है। तोबगे ने भूटान के सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) की श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर से मिले समर्थन व मित्रता को लेकर हार्दिक आभार जताया। तोबगे ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा, संयुक्त राष्ट्र को आज की दुनिया की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद का मौजूदा स्वरूप अतीत की निशानी है। हमे ऐसी परिषद की आवश्यकता है जिसमे वर्तमान भू-राजनीतिक, आर्थिक परिदृश्य और सामाजिक वास्तविकताएं झलकती हों। उन्होंने कहा कि भूटान लंबे समय से 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद में सुधार करने की पैरवी करता रहा है ताकि इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाया जा सके। तोबगे ने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सदस्य बनाने का भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा, भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति, जनसंख्या तथा ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हक्दार है। तोबगे ने जापान को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया। फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका समेत सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य देशों ने पुनर्गठित सुरक्षा परिषद में भारत को भी जगह देने का स्पष्ट रूप से समर्थन किया है।

### लाहौर में मनाई गई भगत सिंह की 117वीं जयंती

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक गैर-लाभकारी संस्था ने शनिवार को भगत सिंह की 117वीं जयंती मनाई। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई और इस दौरान केक भी काटा गया। फाउंडेशन के प्रमुख इम्तियाज रशीद कुरैशी ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंग्रेजों ने 1931 में भगत सिंह को उनके साथियो राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दी थी।कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह के साथ अन्याय हुआ था और न्याय की तलाश में फाउंडेशन ने 2013 में लाहौर उच्च न्यायालय में स्वतंत्रता सेनानी के मामले की फिर से सुनवाई के लिए याचिका दायर की।याचिका में दावा किया गया कि उचित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नही किया गया। कुरैशी ने कहा कि 11 वर्षो से याचिका लंबित है और उम्मीद जताई कि भगत सिंह के मामले में अंततः न्याय होगा। कुरैशी ने भारत और पाकिस्तान की सरकारों से राष्ट्र नायक के योगदान का सम्मान करते हुए उन्हे अपने-अपने देशो के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न (भारत) और निशान-ए-पाकिस्तान (पाकिस्तान) से सम्मानित करने का आह्वान किया।उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सिंह के नाम पर डाक टिकट जारी किया जाए तथा उनके सम्मान में एक प्रमुख सड़क का नामकरण किया जाए।अंग्रेजो ने भगत सिंह को 1931 में 23 वर्ष की आयु मे फांसी दे दी थी।

### भारत ने नेपाल में 12 परियोजनाओं के लिए 47.4 करोड़ रुपए देने का वादा किया

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और संस्कृति क्षेत्रों में 12 महत्वपूर्ण सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए 47.4 करोड़ नेपाली रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है। एक आधिकारिक बयान मे यह जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास और नेपाल सरकार के संघीय मामले एवं सामान्य प्रशासन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां इन परियोजनाओ के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। भारतीय दूतावास की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ए 12 परियोजनाएं भारत सरकार से प्राप्त 47.4 करोड़ नेपाली रुपए की अनुदान सहायता से शुरू की जा रही है, जिनमे स्कूल भवनों और एक बहुउद्देशीय फाउंडेशन इमारत का निर्माण शामिल है। परियोजनाओ मे सोलुखुम्बु मे बासेपु-हुलु जलापूर्ति परियोजना, बाजुरा मे खाद्यान्न संग्रहण एवं वितरण केन्द्र के लिए कृषि संवर्धन केन्द्र के भवन का निर्माण, धाडिग मे स्वास्थ्य प्रसवोत्तर केन्द्र तथा डांग में राप्ती नेत्र अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर भवन का निर्माण भी शामिल है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ए परियोजनाएं नेपाल सरकार के स्थानीय प्राधिकारियो के माध्यम से क्रियान्वित की जाएंगी। विज्ञप्ति मे कहा गया है कि इन परियोजनाओ से स्थानीय समुदाय को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल, कृषि उत्पाद भंडारण और सांस्कृतिक सुविधाएं प्रदान करने मे मदद मिलेगी। विज्ञप्ति मे कहा गया है कि 2003 से भारत ने नेपाल में 563 से अधिक विकास परियोजाएं शुरू की है।

### बांग्लादेश में राजनीतिक प्रतिनिधित्व की चाहत में हिंदू कर रहे राजनीतिक दल बनाने पर विमर्श

**ढाका।** बांग्लादेश मे हिंदू समुदाय के नेता एक समर्पित राजनीतिक दल के गठन पर विचार-विमर्श कर रहे है, जो अस्थिरता और भय के माहौल मे उनकी सुरक्षा तथा उनके अधिकारो की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत को दर्शाता है। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) और अन्य संगठनो के हिंदू नेता अब पृथक राजनीतिक दल के गठन या आरक्षित संसदीय सीट की मांग की संभावना पर चर्चा करने मे लगे है। बीएचबीसीओपी के प्रेसिडियम सदस्य काजल देबनाथ ने पीटीआई-भाषा से कहा, फिलहाल तीन विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पहला, 1954 से पृथक निर्वाचन प्रणाली पर लौटनाअ दूसरा, हिंदुओ के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी का गठन अ और तीसरा, अल्पसंख्यको के लिए संसद मे सीट आरक्षित करना। आवामी लीग की नेता शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय के विरुद्ध हुई हिंसा के पश्चात इन बातो पर चर्चा होने लगी है। हसीना ने छात्र आंदोलन के बाद पांच अगस्त को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। देबनाथ ने बताया कि बीएचबीसीओपी द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के हिसाब से हिंदू समुदाय पर हमले की 2010 घटनाएं हुईं जिनमे हत्या, मारपीट, यौन हमला, मंदिरो पर हमला और संपत्ति नष्ट किया जाना शामिल है। वैसे, इन हमलो की संख्या पर बांग्लादेश सरकार की ओर से कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नही किया गया है। हिंदू समुदाय के नेता राजन कर्माकर ने कहा, एक राजनीतिक दल बनाने के बारे में चर्चा एवं विचारों का आदान-प्रदान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हालांकि अभी कुछ भी तय नही हुआ है, देखते है आगे क्या होता है। उन्होंने कहा, प्रस्तावित राजनीतक दल बदलाव का एक महत्वपूर्ण जरिया हो सकता है और सुनिश्चित करेगा कि उनकी चिंताओं को सुना जाए तथा उनका समाधान हो।

### पाकिस्तान के रावलपिंडी में इमरान खान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले सुरक्षा बढ़ाई गई

**इस्लामाबाद।** पंजाब सरकार ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले शनिवार को सैन्य शहर रावलपिंडी मे सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए है। पीटीआई के संस्थापक खान ने शहर के ऐतिहासिक लियाकत बाग पार्क मे जलसा (रैली) आयोजित करने के अपने पूर्व निर्णय को पलटते हुए शहर मे विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। उन्होने कहा था कि सरकार इस स्थल पर रैली आयोजित करने की अनुमति नही देगी और इसके बजाय शहर से दूर सभा के लिए स्थान उपलब्ध कराएगी। प्रांतीय सरकार ने विरोध प्रदर्शन से पहले सार्वजनिक समारोहो पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कें बंद कर दी। पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने एक वीडियो संदेश मे कहा कि पार्टी अपराह्न एक विशाल लेकिन शांतिपूर्ण राजनीतिक सार्वजनिक सभा आयोजित करेगी। उन्होंने पीटीआई समर्थकों से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया, क्योंकि पिछले सप्ताह लाहौर में पार्टी की पिछली सभा को पुलिस ने अनुमति प्राप्त समय से अधिक समय तक चलने के कारण जबरन खाली करा दिया था। पंजाब प्रांतीय सरकार ने पारंपरिक औपनिवेशिक शैली में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रावलपिंडी प्रशासनिक प्रभाग के चार जिलो मे सभी सार्वजनिक समारोहो पर प्रतिबंध लगा दिया।

# सांस के जरिए मस्तिष्क में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण प्रवेश कर सकते हैं

## नया अध्ययन

भाषा। लीडेन (नीदरलैंड)

प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हर जगह मौजूद हैं: मिट्टी में जहां अनाज उगाया जाता है, पानी में जिसे हम पीते हैं और हवा में जिसे हम श्वास के रूप में लेते हैं। ए कण हमारे द्वारा फेंके गए प्लास्टिक से लैंडफिल साइट , नदियों और समुद्रों में पहुंचे हैं। वहां प्लास्टिक कचरा धीरे–धीरे विघटित होता है और इसके सूक्ष्म एवं नैनो कण पर्यावरण में फैलते हैं। मानव शरीर में भी प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हमें नहीं पता कि वे वहां कैसे पहुंचे, हालांकि इसके तीन संभावित रास्ते हैं। हम खाने–पीने के दौरान प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों को अपने अंदर ले सकते हैं, या ए सांस के जरिए हमारे फेफड़ों में जा सकते हैं या अपनी त्वचा के जरिए उसे सोख सकते हैं। हाल में एक अन्य मार्ग का सुझाव दिया गया है जिसके तहत प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारी नाक में प्रवेश करते हैं और वहां से हमारे मस्तिष्क में प्रवेश करते हैं। लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि मानव मस्तिष्क शरीर के बाकी हिस्सों से अलग–थलग रहता है। कोशिकाओं की एक विशेष परत, मस्तिष्क को सभी प्रकार के रोगाणुओं और हानिकारक पदार्थों से बचाती है।हालांकि अब हम जानते हैं कि रक्त–मस्तिष्क अवरोध को तोड़ा जा सकता है, क्योंकि मानव मस्तिष्क में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण पाए गए हैं।नए शोध से पता चला है कि रक्त–मस्तिष्क अवरोध में कम से कम एक संवेदनशील स्थान है, जहां से प्लास्टिक के सूक्ष्म कण मस्तिष्क में प्रवेश कर सकते है। इस संभावित



प्रवेश बिंदु का सुझाव फ्रेई यूनिवर्सिटेट बर्लिन और साओ पाओलो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दिया था। यह नाक में होता है, जहां विशेष तंत्रिकाएं होती हैं, जो गंध का पता लगाती हैं। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि नाक से सांस के जरिए अंदर गए सूक्ष्म कण किसी तरह घ्राण तंत्रिकाओं के जरिए मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं। शोधकर्ताओं ने साओ पाओलो के उन निवासियों के ऊतक के नमूनों का विश्लेषण करके अपने निष्कर्ष निकाले, जिनकी मौत हो चुकी थी और जिनका नियमित कोरोनर शव परीक्षण किया गया था। उन्होंने इन मस्तिष्कों से घ्राण बल्बों को निकाला और विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके उनका विश्लेषण किया। अध्ययन किए गए 15 में से आठ मस्तिष्कों के घ्राण बल्बों में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण पाए गए। हालांकि इन आठ नमूनों में कुल मिलाकर केवल प्लास्टिक के 16 सूक्ष्म कण थे, जो शायद कुछ राहत देने वाली बात है। उन 16 प्लास्टिक कणों में टुकड़े, गोले और रेशे शामिल थे और ए पॉलीप्रोपिलीन, नायलॉन और अन्य प्लास्टिक से बने थे। इनमें से कुछ रेशे कपड़ों से आए हो सकते हैं। यह नया अध्ययन उन कई अध्ययनों में से एक है, जिसमें मानव शरीर में छोटे प्लास्टिक कणों की मौजूदगी की बात कही गई है। इनमें से ज्यादातर अध्ययन प्लास्टिक के कणों के बारे में हैं, जो पांच मिलीमीटर तक के आकार के कण होते हैं। बहुत कम अध्ययनों में मानव शरीर में नैनो प्लास्टिक की खोज की गई है। नैनो प्लास्टिक का आकार एक मिलीमीटर के हजारवें हिस्से से भी छोटा होता है – इतना छोटा कि विशेष उपकरणों के बिना उन्हें पहचानना कठिन होता है।

### जटिलताओं को दूर करता है लीडलेस पेसमेकर

चिकित्सा प्रौद्योगिकी के लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में हृदय रोगियों के लिये लीडलेस पेसमेकर बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहा है। यह पेसमेकर रोगियों को हृदय संबंधी कई जटिलताओं को दूर राहत पहुंचाने का काम कर रहा है। लीडलेस पेसमेकर को लेकर डॉ. गौतम स्वरूप, निदेशक, कार्डिएक साइंसेज, टेंडर पाम हॉस्पिटल लखनऊ का कहना है कि परंपरागत रूप से, पेसमेकर लीड, पतले तारों पर भरोसा करते हैं जो हृदय गति को नियंत्रित करने के लिए पेसमेकर डिवाइस से हृदय तक विद्युत तरंगों को पहुंचाते हैं। हालाँकि, लीडलेस पेसमेकर लीड की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त करके एक आदर्श बदलाव का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके बजाय, ये नवोन्मेषी उपकरण छोटी, स्व-निहित इकाइयाँ हैं जिन्हें सीधे हृदय में प्रत्यारोपित किया जाता है, जो पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में कई लाभ प्रदान करते हैं। श्री स्वरूप बताते है कि वास्तविक दुनिया में लीडलेस पेसमेकर के उपयोग से पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में प्रमुख जटिलताओं में 63 प्रतिशत की कमी देखी गई है। कंधे के नीचे सीमित शिरापरक पहुंच वाले या पारंपरिक पेसमेकर के साथ सीसा संबंधी जटिलताओं के इतिहास वाले रोगियों के लिए एक लीडलेस पेसमेकर एक मूल्यवान समाधान हो सकता है। लीडलेस पेसमेकर पैर की नस के माध्यम से सीधे हृदय में प्रत्यारोपित होकर इन सीमाओं को पार कर जाते हैं।

# मयंक व वरुण भारतीय टीम शामिल

- हार्दिक पांड्या भी दिखाएंगे दम
- बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** सबसे तेज गेंदबाज मयंक यादव को शनिवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लगभग पांच महीने के रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम में केवल एक और सीनियर खिलाड़ी पूर्व टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या शामिल हैं। हाल में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को चुना गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रहस्यमई स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2021 में संयुक्त अरब



अमीरात में निराशाजनक टी20 विश्व कप अभियान के तीन साल बाद टीम में वापस बुलाया गया है। पंड्या और शिवम दुबे के बाद बैकअप ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को भी मौका मिला है जो चोट के कारण हाल में जिम्बाब्वे दौरे से बाहर हो गए थे। रियान पराग, अभिषेक शर्मा, हर्षित राणा जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 15 सदस्ईय टीम में जगह मिली है, जिसमें संजू सैमसन के बाद दूसरे विकेटकीपर के रूप में जितेश शर्मा हैं। सबसे बड़ी हैरानी निश्चित रूप से मयंक का शामिल किया जाना है



जिन्होंने अपने आईपीएल के चार में से तीन मैच के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की जिससे वह लगातार प्लेयर ऑफ द मैच रहे जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। आईपीएल के बीच में दिल्ली के 22 वर्षीय मयंक को पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण बाहर कर दिया गया था। हाल में वह एनसीए में प्रतिदिन 14-15 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। माना जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी में लाल गेंद के प्रारूप में खेलने से पहले राष्ट्रीय चयन समिति और मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए बांग्लादेश श्रृंखला में यह देखने का सबसे अच्छा मौका है कि वह केवल चार ओवर गेंदबाजी करने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे तालमेल बिठा रहे हैं। गंभीर की देखरेख में केकेआर के विजई आईपीएल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चक्रवर्ती को हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका दौरे पर 14 मैचों में 21 विकेट लेने के बावजूद नजरअंदाज कर दिया गया था। हालांकि समझा जाता है कि गंभीर चक्रवर्ती को लेने के लिए बहुत उत्सुक थे। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर (6 अक्टूबर), नई दिल्ली (9 अक्टूबर) और हैदराबाद (12 अक्टूबर) में तीन टी20 मैच खेलेगी।

**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

## बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा होगा

भाषा। बेंगलुरु

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नए सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है। महिला टी20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा।

## कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने आईओसी को पत्र लिखा, उषा पर तानाशाही का आरोप लगाया

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय ओलंपिक संघ** (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और कार्यकारी परिषद के विद्रोही सदस्यों के बीच विवाद ने एक और बदसूरत मोड़ ले लिया क्योंकि 12 सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बृहस्पतिवार को हुई आईओए की बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई जिसमें उषा ने रघुराम अय्यर को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से हटाने की उनकी अपील को सिरे से खारिज कर दिया। आईओसी में संस्थागत संबंध और शासन के प्रमुख पोइवे को लिखे पत्र मे इन 12 सदस्यो ने कहा कि वे चाहते है कि राष्ट्रीय संस्था का संचालन लोकतांत्रिक तरीके से हो। उषा ने अपनी ओर से पहले ही कहा है कि अय्यर की नियुक्ति पांच जनवरी को कार्यकारी परिषद बैठक मे आईओए संविधान का सख्ती से पालन करते हुए की गई थी जिसकी वीडियोग्राफी की गई थी जिससे इस फैसले से पीछे हटने का कोई कारण नही था। कार्यकारी परिषद के सदस्यो ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

### एआईटीए अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव वापिस लिया

**नई दिल्ली।** राज्य संघों ने अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव को शनिवार को वापस ले लिया। एआईटीए से मान्यता प्राप्त आठ प्रदेश टेनिस संघो ने जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। इसके लिए शनिवार को आमसभा की असाधारण (ईजीएम) बैठक बुलाई गई थी। एआईटीए के निवर्तमान महासचिव अनिल धूपर ने पीटीआई-भाषा से कहा, राज्य संघो ने आज सुबह बताया कि वे इसे आगे नही बढ़ाना चाहते है। इसलिए ईजीएम की जरूरत नही है। प्रस्ताव वापस लिए जाने का कारण पूछने पर धूपर ने कहा, मै इसमे पक्षकार नही था। मै महासचिव के रूप मे नोटिस भेजकर अपना कर्तव्य निभा रहा था।

## मुशीर की हालत स्थिर, नहीं खेल पाएंगे ईरानी व रणजी के शुरुआती मैच

**लखनऊ।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई मुंबई के ऑलराउंडर मुशीर खान की लखनऊ के बाहरी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हालत अब स्थिर है लेकिन वह आगामी ईरानी कप से शुरू होने वाले क्रिकेट सत्र से लेकर लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। मुशीर (19 साल) के गर्दन में चोट लगी है जिसके कारण उनके कम से कम तीन महीने तक क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इससे वह 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र की शुरुआत में मुंबई के मैचों से बाहर हो गए हैं। पता चला है कि मुशीर एक अक्टूबर से शुरू होने वाले ईरानी कप के लिए अपने गृहनगर आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे लेकिन उनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मुशीर के साथ उनके पिता नौशाद खान भी थे जिन्हें भी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में मामूली खरोंच आई हैं। लखनऊ के मेदांता अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर भोला सिंह ने एक बयान में कहा कि मुशीर खतरे से बाहर हैं।

### शुभंकर ने संघर्ष के बाद कट हासिल किया

मैड्रिड। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने 2024 एसियोना ओपन डि इस्पाना के दूसरे दौर में वापसी करते हुए एक अंडर 70 का कार्ड खेलकर कट हासिल किया। पहले दिन शुभंकर ने तीन ओवर 74 का निराशाजनक कार्ड खेला था। उन्होंने दूसरे दिन तीन बर्डी और एक ईगल लगाई जबकि दो बोगी कर बैठे। अब 36 होल मे उनका कुल स्कोर दो ओवर 144 का है।

### अजितेष और करणदीप ताइपे में संयुक्त 21वें स्थान पर

ताइपे। अजितेष संधू और करणदीप कोचर एशियाई टूर के 10 लाख डॉलर इनाम ईगदर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट में तीन दौर के बाद संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर है।अजितेष और करणदीप दोनों का कुल स्कोर आठ अंडर है। अजितेष ने तीन दौर में 67, 72 और 69 का स्कोर बनाया जबकि करणदीप का स्कोर 67, 68 और 73 रहा।इन दोनों के अलावा कट हासिल करने वाले दो अन्य भारतीय शिव कपूर (68-70-72) और युवराज संधू (65-71-74) है। राशिद खान, एसएसपी चौरसिया, गगनजीत भुल्लर और वरुण चोपड़ा कट हासिल करने मे नाकाम रहे।

### फ्रांस में कट से चूकीं त्वेसा और प्रणवी

ड्यूविले (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक लचर प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां दूसरे दौर के बाद लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस टूर्नामेंट में कट से चूक गईं। पहले दौर में 72 का स्कोर बनाने वाली प्रणवी ने दूसरे दौर मे 79 का बेहद खराब प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ पहले दौर में 76 का स्कोर बनाने वाली त्वेसा ने दूसरे दौर मे 72 का बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन एक शॉट से कट से चूक गईं।

### चीमा और थंगराजा को गोलकोंडा मास्टर्स में संयुक्त बढ़त

हैदराबाद। चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने शनिवार को यहां तीसरे दौर में पांच अंडर 65 के स्कोर से तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स में श्रीलंका के एन थंगराजा के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बना ली।दूसरे दौर के बाद चार शॉट की बढ़त बनाकर शीर्ष पर चल रहे थंगराजा तीसरे दौर मे एक अंडर 69 का स्कोर ही बना पाए। थंगराजा और चीमा का कुल स्कोर 14 अंडर 196 है। कोलकाता के शंकर दास ने छह अंडर 64 का दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह 12 स्थान की छलांग लगाकर 12 अंडर 198 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है।

### दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को हराया

**अबुधाबी।** रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया। आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जाएगा लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रूगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए।


### खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी नीता अंबानी

**मुंबई।** आईओसी की सदस्य नीता अंबानी 29 सितंबर को ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी।रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता के निमंत्रण पर ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले करीब 140 एथलीट मुंबई में उनके आवास पर जुटेंगे।

# बारिश से कानपुर टेस्ट के दूसरे दिन का खेल धुला

भाषा। कानपुर

**भारत और** बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका। मैदानकर्मियों ने 11 . 15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा दो बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है लेकिन सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है।



ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढता दिख रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के विकेट लिए थे। भारत दो मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट 280 रन से जीतकर । . 0 से आगे है।

## त्रीशा-गायत्री की जोड़ी मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में हारी

भाषा। मकाऊ



**त्रीशा जॉली और** गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को शनिवार को यहां सेमीफाइनल में सीह पेई शैन और हुंग एन-जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे मकाऊओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई ।तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद चीनी ताइपे की दुनिया की 54वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम में 17-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी ।दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी त्रीशा और गायत्री की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ इस साल यह तीसरी हार है ।सीह और हुंग ने अच्छी शुरुआत करते हुए 8-5 की बढ़त बनाई और फिर लगातार पांच अंक के साथ 13-8 से आगे हो गई। भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 15-15 किया लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने इसके बाद बेहतर खेलते दिखाते हुए पहला गेम जीत लिया ।दूसरे गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। त्रीशा और गायत्री ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाए हुए थे ।भारतीय जोड़ी ने इसके बाद बढ़त 17-12 की और फिर गेम जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींच दिया ।सीह और हुंग ने तीसरे और अंतिम गेम में शानदार शुरुआत करते हुए 14-2 की बड़ी बढ़त बनाई और फिर आसानी से गेम और मैच जीत लिया।

## क्विक न्यूज

### चाइना ओपन : सिनर दूसरे दौर में जीते



बीजिंग। शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग मे जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी। सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-। से हराया। शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगक्वे पर 6-4, 6-। से जीत के साथ तीसरे दौर मे प्रवेश किया। सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रूगर से होगी जिन्होने न्यूजीलैड की लुलु सन को 6-।, 7-6 (4) से हराया। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को।-6, 7-5, 6-4 से हराया। पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होने 31वी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। रूस की नौवी वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-।, 6-2 से शिकस्त दी। उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को।-6, 6-3, 6-4 से हराया। विबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैक्लीन क्रिस्टियन ने।-6, 6-4, 7-5 से पराजित किया। वही जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवी वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया।

### मेन ऑफ प्लेटिनम व धोनी में साझेदारी

**मुंबई।** प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल पीजीआई इंडिया के मेन ऑफ प्लेटिनम ने एमएस धोनी सिग्नेचर कलेक्शन लॉन्च किया है, जो महान क्रिकेटर एमएस धोनी के प्रेरक मूल्यों को अमर कर रहा है। यह एक्सक्लुसिव कलेक्शन न केवल एमएस धोनी की साफसुथरी छवि और बेहतरीन करियर को प्रतिबिंबित करता हैए बल्कि उनके बेजोड़ चरित्र और महानता का प्रदर्शन भी करता है। दुर्लभ प्लेटिनम में और अदम्य भावना के साथ निर्मित इस संग्रह की हर ज्वेलरी एमएस धोनी की स्थायी विरासत को समर्पित है। धोनी के दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, साहस, विनम्रता, और धैर्य के गुणों से प्रेरित इस श्रृंखला की हर ज्वेलरी उनके इन गुणों की कहानी कहती है। वो ही असली मैन ऑफ लेटिनम् हैं और इस अद्वितीय व सीमित प्लेटिनम ज्वेलरी कलेक्शन की बेजोड़ प्रेरणा हैं जिसे पहनने वाले लोगों में भी वैसी ही महानता जाग उठेगी। प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल, इंडिया की मैनेजिंग डायरेक्टर वैशाली बनर्जी ने कहा कि हमें खुशी है कि इस अद्वितीय कलेक्शन के लिए हमें एमएस धोनी के साथ गठबंधन करने का अवसर मिला। इस कलेक्शन की हर ज्वेलरी पर उनके हस्ताक्षर हैंए इसलिए यह बहुत खास है। यह साझेदारी केवल सुंदर ज्वेलरी बनाने के लिए नहीं हैए बल्कि यह हमारे ब्रांड में धैर्यए दृढ़ता और नेतृत्व के गुणों को आत्मसात करती है जो हमारे ग्राहकों को आकर्षित करते हैं। हमें विश्वास है कि एमएस धोनी और हमारा यह गठबंधन प्लेटिनम के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करेगा और स्थायी सफलता के प्रतीक के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को बढ़ाएगा।

### एएफसी अंडर 20 एशियाई कप क्वालीफायर: भारत के सामने करो या मरो मैच में लओस की चुनौती

**वियनतियाने (लाओस)।** ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट मे जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड मे पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 मे मेजबानी की थी। भारत ग्रुप जी मे ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रत्एक ग्रुप की शीर्ष टीमो के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमो में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन मे होगा। भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से मे मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद 88वें मिनट मे एक गोल गंवा बैठी।

### गुलवीर सिंह ने चैलेंज कप में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 5000 मीटर का स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने शनिवार को जापान के निगाटा में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप मे पुरुषो की 5000 मीटर दौड़ मे नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलो मे कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर ने विश्व एथलेटिक्स के इस ब्रॉन्ज लेवल मीट में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड मे सुधार किया। इस 26 साल के खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत मे पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 13 मिनट 18.92 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था। गुलवीर के नाम 10000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इस साल मार्च मे कैलिफोर्निया मे टेन ट्रैक मीट में कायम किया था। उन्होंने उस समय 27 मिनट 41.18 सेकंड का समय लिया था।

### ओडिशा एफसी ने जमशेदपुर एफसी को 2-। से हराया

**भुवनेश्वर।** डिएगो मौरिसियो और मोर्टडा फॉल के गोल की मदद से ओडिशा एफसी ने शनिवार को यहां इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मैच मे जमशेदपुर एफसी को 2-। से हराया। फॉल ने एक आत्मघाती गोल भी किया जो जमशेदपुर की टीम के लिए सांत्वना गोल साबित हुआ। मौरिसियो ने मैच के 20 वें मिनट मे इसाक और हुगो बौमोस की मदद से बनाए गए मौके को गोल मे बदल कर टीम को आगे कर दिया। बौमोस ने मध्यांतर से पहले मैच के 42वें मिनट मे एक और शानदार मौका बनाया। दाएं कॉर्नर से लगाए उनके किक को फॉल ने हेडर से गोल में बदल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। सेनेगल के इस खिलाड़ी का आईएसएल मे यह 18वां गोल था। उन्होने यह सभी गोल हेडर की मदद से किए है। मैच मे जमशेदपुर के गोल का खाता 62वें मिनट में खुला जब फॉल के हेडर से निकली गेंद उनके अपने गोल पोस्ट मे ही चली गई। ओडिशा की यह तीन मैचों मे पहली जीत है।

### अंतिम समय में गोल गंवाने की भारतीय हॉकी टीम की छवि बदली: जफर इकबाल

नई दिल्ली। पूर्व महान खिलाड़ी जफर इकबाल का मानना है कि लगातार दूसरे ओलंपिक मे कांस्य पदक जीतने के बाद यह आम धारणा बदल गई है कि भारतीय हॉकी टीम आखिरी क्षणो मे गोल खा जाती है और हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम सभी पहलुओं में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है।मॉस्को ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य और 1982 एशियाई खेलो मे रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे इकबाल को तोक्यो और पेरिस ओलंपिक मे कांस्य पदक के बाद देश मे इस खेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन तीन मीट रिकॉर्ड बने

**पटना।** उत्तर प्रदेश की तानिया चौधरी ने शनिवार को यहां पाटलिपुत्र खेल परिसर में इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन महिलाओं की तारगोला फेंक स्पर्धा में 54.42 मीटर के मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। तानिया ने 54.42 मीटर के शुरुआती थ्रो से स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 63.16 मीटर है जो उन्होंने 2023 में बनाया था। इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जून में पंचकुला में 61.57 मीटर का था। वह चीन में 2022 एशियाई खेलों में सातवें स्थान पर रहीं। दिन का दूसरा रिकॉर्ड महाराष्ट्र की पूर्वा हितेश सावंत ने महिलाओं की त्रिकूद में अंतिम प्रयास में 13.25 मीटर की छलांग से बनाया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2023 में अविनाश पारुले द्वारा बनाए गए 13.16 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पुरुषों के 100 मीटर सेमीफाइनल में ओडिशा के अनिमेष कुजूर ने 10.38 सेकेंड के समय के साथ 2022 में कायम प्रणव गुरव के 10.39 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड को बेहतर किया।

## श्रीलंका टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप करने के करीब

भाषा। गॉल (श्रीलंका)

**श्रीलंका शनिवार** को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की श्रृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट श्रृंखला जीतेगा ।फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है। मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया। दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़ चुके हैं ।तीसरे दिन



न्यूजीलैंड की टीम ने 13 विकेट चटकाए जिसमें सुबह के सत्र के नौ विकेट भी शामिल हैं ।न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा।

### बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

भाषा। बीजिंग

**भारत के** स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी 500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था।

## सैफ अंडर-17 फुटबॉल: नेपाल को 3-2 से हराकर भारत फाइनल में



भाषा। थिंपू (भूटान)

**भारत ने रोमांचक** सेमीफाइनल मुकाबले में शनिवार के यहां चेंगलिमिथांग स्टेडियम में नेपाल को 4-2 से हराकर 2024 सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई ।पहला हाफ गोल रहित बराबर रहने के बाद भारत ने विशाल यादव (61वें और 68वें मिनट) के सात मिनट में दागे दो गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बनाई। सुभाष बाम ने 81वें मिनट में नेपाल की ओर से पहला गोल दागकर भारत की बढ़त को कम किया ।ऋषि सिंह ने 85वें मिनट में भारत को 3- । से आगे कर दिया लेकिन मोहम्मद कैफ (89वें मिनट) के आत्मघाती गोल से नेपाल स्कोर 2-3 करके मुकाबले में बना रहा ।हेमनेईचुंग लुनकिन ने हालांकि इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में एक और गोल दागकर भारत की 4-2 से जीत सुनिश्चित की। सोमवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में भारत की भिड़ंत पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी।

## यूपी ने 33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू में जीते चार स्वर्ण सहित दस पदक

### उत्तर प्रदेश की टीम सांडा वर्ग में उपविजेता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वुशू खिलाड़ियों ने गत 21 से 26 सितंबर 2024 तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित 33वीं राष्ट्रीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में चार स्वर्ण 2 रजत व चार कांस्य सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए। वहीं उत्तर प्रदेश ने सांडा श्रेणी में उपविजेता ट्रॉफी पर भी कब्जा जमा लिया। उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के महासचिव मनीष कक्कड़ ने बताया कि सांडा वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस के सूरज यादव ने 70 किग्रा से कम, गौतम बुद्ध नगर के अभिषेक तंवर ने 90 किग्रा से कम व उत्तर प्रदेश पुलिस की श्रुति ने 70 किग्रा से कम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। ताउलू वर्ग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस के रवि सूर्यवंशी ने ननक्वान में स्वर्णिम सफलता हासिल की और ननगुन में रजत पदक जीता। इसके अलावा ताउलू वर्ग में गौतम बुद्ध नगर की गिन्नी भाटी ने ट्रेडिशनल इवेंट में रजत और उत्तर प्रदेश पुलिस के मोहित थापा ने ननक्वान में कांस्य पदक जीता। सांडा वर्ग में जौनपुर के अवनीश यादव ने 52 किग्रा से कमए उत्तर प्रदेश पुलिस के अमन ने 75 किग्रा से कम व गाजियाबाद के सचिन ने सिंगल वेपन में कांस्य पदक जीते। उत्तर प्रदेश टीम के कोच सुनील कुमार प्रजापति यूपी पुलिस व रामदास रावत चौक स्टेडियम लखनऊ एवं मैनेजर पंकज जयसवाल एवं कपिल कुमार थे। उत्तर प्रदेश के पदक विजेताओं को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा आनंदेश्वर पांडेय सहित उत्तर प्रदेश वुशू एसोसिएशन के अध्यक्ष सुहैल अहमदए महासचिव मनीष कक्कड़ और उपाध्यक्ष टीपी हवेलिया ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए निकट भविष्य में होने लगी वाली आगामी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया।



### पिकलबॉल एसोसिएशन का पुर्नगठन, परिवहन मंत्री होंगे चेयरमैन

लखनऊ। पिकलबॉल को खेल की मुख्य धारा में लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन का पुर्नगठन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को संस्था का चेयरमैन बनाया गया है। इसी के साथ एसोसिएशन के उप चेयरमैन लखनऊ के प्रमुख शिक्षाविद सर्वेश गोयल व अध्यक्ष लखनऊ के डाआनन्द किशोर पाण्डेय मनोनीत किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव अरविंद शर्मा आईआरएस ने बताया कि इस खेल के बारे में लोगों को परिचित कराने के लिए हम कार्यशाला आयोजित कराएंगे। महासचिव अरविंद शर्मा ने बताया चैंपियनशिप व कार्यशाला आगामी नवंबर. दिसम्बर माह में लखनऊ में होगी। वर्तमान में लखनऊ के सेंट्रम होटल में तीन कोर्ट के पिकलबॉल एरिना की शुरुआत हुई है। वहीं गोमतीनगर विनय खंड.2 में मॉडर्न अकादमी में स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में दो प्रैक्टिस कोर्ट है। इसके अलावा विराम खंड 5 में भी जल्द ही पिकलबॉल एरिना की शुरुआत करने की योजना है। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों में अंकित त्रिपाठी अब मुख्य सलाहकार होंगे। इसके साथ ही संरक्षक दिनेश चंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव कुमार, उपाध्यक्ष कमलदीप त्रिपाठी व कोषाध्यक्ष सनी गुप्ता होंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संगठन के महासचिव डॉ आनंदेश्वर पांडेयए लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ सैयद रफत जुबैर रिजवी ने हार्दिक बधाई दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।